e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 105

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
18.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रभात मंत्र पेज
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

एक सृजनशील व्यक्ति कुछ कर पाने की उम्मीद से प्रेरित होता है, दूसरो को होड़ में हराने की उम्मीद से नहीं ।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (18/04/23) | 06:12 |
| सेहरी | (19/04/23) | 04:00 |

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 22° |

## सीएम ने आयुष आंगनवाड़ी होम्योपैथिक किट का उद्घाटन व फसर्ट्पैथी होम्योपैथी मैगजीन फर्स्ट् पैथी होम्योपैथी सीएमई पोस्टर तथा सी केयर होम्योपैथिक पुस्तक का लोकार्पण किया

# आयुष चिकित्सकों की संख्या अब 1000 से ज्यादा : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में जहां आज से कुछ महीनों पहले आयुष चिकित्सकों की संख्या 100 से कम थी। वही आज आयुष चिकित्सकों की संख्या राज्य में एक हजार से ज्यादा है। पहले आयुष प्रक्षेत्र के लिए बजट मात्र 20 से 30 करोड़ रुपये हुआ करता था, वहीं हमारी सरकार ने आयुष प्रक्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने के लिए अब 300 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। मेरा प्रयास रहता है कि जिन कार्यों से आम जनता को फायदा पहुंचे वे कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएं। वर्तमान समय में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बहुत तेजी, ईमानदारी और मजबूती के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत संरचना ये सभी ऐसी सेक्टर हैं जहां पर काम सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। विकासात्मक कार्यों का लाभ अधिक से अधिक राज्य की जनता को मिले यह सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य रहा है। मुख्यमंत्री मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयुष निदेशालय द्वारा वर्ल्ड होम्योपैथी डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लगा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में होम्योपैथ व्यवस्था काफी कारगर और महत्वपूर्ण है। प्राचीन स्वास्थ्य व्यवस्था पद्धति को और मजबूती प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की गई है। चिकित्सकों को राज्य सरकार का अभिन्न अंग बनाया गया है। राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे सुदृढ़ की जा सके इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने में हमारे आयुष चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

### एडवांस प्लानिंग का स्टेट बन गया है झारखंड

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। राज्य से एनीमिया जैसी बीमारी के संकट को दूर करने का काम प्रतिबद्धता के साथ जारी है। अब झारखंड एडवांस प्लानिंग का स्टेट बन गया है। हमारी सरकार एडवांस प्लानिंग के साथ कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में हम सब लोग मिलकर इस राज्य को उन्नत स्वस्थ एवं समृद्ध बनाएंगे।

### आयुष प्रक्षेत्र की मजबूती के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट



**स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को मिलजुलकर करना है पूरा**

### आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टर्स हुए सम्मानित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आयुष आंगनवाड़ी होम्योपैथिक किट का उद्घाटन एवं फर्स्टपैथी होम्योपैथी मैगजीन, फर्स्टपैथी होम्योपैथी सीएमई पोस्टर तथा सी केयर होम्योपैथिक पुस्तक का लोकार्पण किया। मौके पर मुख्यमंत्री के कर कमलों से आयुष प्रक्षेत्र के डॉ रामजी सिंह, डॉ फजलुस समी, डॉ एम कुमार, डॉ रामजी यादव, डॉ सोमनाथ देव एवं डॉ राजीव रंजन सिंहा सम्मानित हुए।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विकास आयुक्त-सह- अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, निदेशक आयुष डॉ फजलुस समी, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम जी सिंह, होम्योपैथ प्रक्षेत्र के डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, डॉ रजत द्विवेदी, डॉ आरपी सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कैबिनेट : 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# 2 हजार पदों पर होगी नियुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी. इनमें कई अहम फैसले लिये गये. कैबिनेट की बैठक में कार्मिक विभाग के प्रस्ताव के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग के झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा रद्द किए गए नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में सरकार ने आदेश वापस ले लिया. नियुक्ति परीक्षा हो चुकी थी और रिजल्ट का भी प्रकाशन हो चुका था. मगर नियोजन नीति को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नियुक्ति विज्ञापन को रद्द कर दिया गया था. जिसके कारण परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थी की नौकरी पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया था. इसके बाद अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गए थे. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार ने नियुक्ति विज्ञापन को रद्द करने संबंधी आदेश को वापस ले लिया. कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई. अब इस परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है. करीब 2000 अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है. लाह की खेती को सरकार कृषि का दर्जा देगी. इससे झारखंड के 400000 ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा होगा. न्यायाधीशों के न्यायिक कार्यों में सहयोग कर रहे विधि अनुसंधान कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी. अब इन्हें 30 हजार के बदले 40 हजार मिलेंगे.पूरे झारखंड में इसके 25 पद स्वीकृत हैं. नगर विकास विभाग के तहत निर्माण होने वाले रांची बस टर्मिनल प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई.जमशेदपुर में बनने वाले बस टर्मिनल ड्राफ्ट को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई. झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य का नाम श्री विनोद पाण्डेय के स्थान पर श्री विनोद कुमार पाण्डेय संशोधित किए जाने की स्वीकृति दी गई।झारखंड विधान सभा सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गई अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान हेतु गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। बैठक में श्री जगरनाथ महतो, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार के दिनांक 06 अप्रैल, 2023 को हुए असामयिक निधन पर मंत्रिपरिषद् द्वारा शोक प्रकट किया गया एवं गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। सादगी की प्रतिमूर्ति स्वर्गीय जगरनाथ महतो झारखण्ड आन्दोलन के अग्रणी एवं लोकप्रिय नेता तथा सच्चे जनप्रतिनिधि थे। सन् 2005 से गिरिडीह के डुमरी विधान सभा क्षेत्र से उन्होंने लगातार चार बार विधायक एवं सन् 2019 से राज्य के मंत्री के रूप में जनता एवं राज्य की महती सेवा की।

उनके उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया गया तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए 02 मिनट का मौन रखते हुए उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में वेदना को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गयी।

## क्विक न्यूज

### लातेहार : भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर संजय सिंह गिरफ्तार

**लातेहार :** पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के खीराखाड़ गांव में छापामारी कर भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर संजय सिंह उर्फ ठेपा सिंह को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार संजय सिंह मनिका थाना क्षेत्र के खीराखाड़ गांव का रहने वाला है । एसडीपीओ दीलू लोहरा ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर संजय सिंह अपने गांव आया हुआ है। इस सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर एरिया कमांडर की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस की टीम ने एरिया कमांडर को उसके घर से ही धर दबोचा। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार एरिया कमांडर ने पुलिस को बताया कि भाकपा माओवादियों के खिलाफ पुलिस के द्वारा चलाई जा रही अभियान से डरकर वह कुछ ग्रामीणों के साथ गोवा में काम करने भाग गया था। कुछ दिन पूर्व वह वापस अपने गांव लौटा था। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई है।

### झारखंड में कोरोना के मिले 27 नए मरीज


**रांची।** झारखंड में कोरोना धीरे-धीरे पांव पसार रहा है। प्रदेश के 17 जिले अब तक इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 27 नए मरीज सामने आए हैं। इसके बाद संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 166 पहुंच गई है।कई स्थानों पर मास्क लगा कर रहने की सलाह दी गई है। अस्पतालों में प्रवेश से पहले मास्क को एक बार फिर अनिवार्य कर दिया गया है। पिछले 24 घंटे में 908 लोगों के सैंपल की जांच की गई। इस जांच में 27 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुी है। कोरोना संक्रमण के सबसे ज्यादा प्रकोप राजधानी रांची में हैं। रांची में 63 मरीज अस्पताल में हैं। पूर्वी सिंहभूम में 28 और देवघर में 14 मरीज उपचाराधीन हैं। पूर्वी सिंहभूम में पिछले 24 घंटे में 22, रांची में दो, सरायकेला में दो और कोडरमा में एक नया मरीज मिला है।

### सरकारी कर्मचारियों को ईद का तोहफा, 20 से मिलेगा वेतन

**रांची :** झारखंड सरकार ने कर्मचारियों को ईद का तोहफा दिया है। पर्व को देखते हुए राज्य सरकार ने 20 अप्रैल से वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में 17 अप्रैल को वित्त विभाग के उप सचिव राजकिशोर खाखा ने आदेश जारी कर दिया। आदेश में कहा गया है कि ईद-उल-फितर त्योहार के मद्देनजर झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय और विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को माह अप्रैल, 2023 के मासिक वेतन का भुगतान 20 अप्रैल, 2023 से किया जाए। झारखंड कोषागार संहिता 2016 के नियम 139 में निहित प्रावधान के आलोक में राज्य सरकार के द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इसकी सूचना प्रधान महालेखाकार सहित संबंधित वरीय पदाधिकारियों को दी गई है।

## बिहार केमोतिहारी में जहरीली शराब से मरने वालो की संख्या 37 पहुंची

# शराब माफियाओं के खिलाफ ताबतोड़ छापेमारी में 128 लोग गिरफ्तार



**प्रभावित गांव में मेडिकल टीम लगातार कर रही कैंप**

**एजेंसी**

**मोतिहारी :** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या बड़ती जा रही है।सोमवार को 6 लोगों की मौत के बाद यह आंकड़ बड़कर 38 पर पहुंच गई है। जबकि सरकारी आंकड़ो के अनुसार 26 लोगों की मौत जहरीले पेय पदार्थ पीने से होने की बात बताई गई है। सात शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। फिलहाल 25 से ज्यादा लोग जीवन व मौत के बीच जंग लड़ रहे है। जिसमें दस लोगो का इलाज निजी अस्पताल, 15 का सदर अस्पताल चल रहा है। प्रभावित इलाकों में मातमी-सन्नाटा पसरा हुआ है। इस बीच पुलिस की कार्रवाई में 128 कारोबारी को गिरफ्तार किये गये है।यह जानकारी भी उभर कर सामने आ रही है,कि मोतिहारी में शराब बनाने के लिए माफियाओं ने यूपी से मिथाइल अल्कोहल मंगाया था,इसी जहरीली स्प्रीट से अल्कोहल बनाया गया। हालांकि इसकी पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट के बाद ही हो पायेगी। प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित इलाकों में लगा रखा है। नतीजतन सभी इलाको में पीड़ित लोगों की खोज की जा रही है।

# जी-20 : 100 बैठक पूरी होने पर भारत मना रहा जश्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत सोमवार को वाराणसी में अपनी 100 वीं जी-20 बैठक यानी कृषि मुख्य वैज्ञानिकों की बैठक की मेजबानी के साथ अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहा है। वहीं गोवा में हेल्थ वर्किंग ग्रुप, हैदराबाद में डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप और शिलांग में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स प्री-कर्सर मीटिंग भी सोमवार को ही आयोजित किया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार अबतक तीन मंत्री स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक 1-2 मार्च 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। जबकि दूसरी एफएमसीबीजी बैठक 12-13 अप्रैल 2023 को वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई। वहीं दो शेरपा बैठकें उदयपुर (4-7 दिसंबर 2022) और कुमारकोम में आयोजित की गई। भारत की जी-20 अध्यक्षता में, इस समूह के नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले की तैयारियों के सिलसिले में भारत द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के दौरान समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्य-उन्मुख और निर्णायक एजेंडे के लिए जी-20 सदस्य राष्ट्रों तथा अतिथि देशों से इसे अपार समर्थन प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया के 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले समूह जी-20 में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाईटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी-20 के सदस्य देश, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान व्यक्तिगत रूप से भागीदारी अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। अबतक 110 से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले 12,300 से अधिक प्रतिनिधियों ने जी-20 से संबंधित बैठकों में भाग लिया है। इसमें जी-20 सदस्यों, 9 आमंत्रित देशों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी शामिल है।

वहीं अबतक 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करते हुए 41 शहरों में जी-20 की 100 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।




**उल्लेखनीय है कि दुनिया के 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले समूह जी-20 में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाईटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं।**

# झारखण्ड के कपिलो ग्राम पंचायत को सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास का पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने की कड़ी अब मजबूत हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। सरकार के प्रयास का प्रतिफल है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को झारखण्ड के गिरिडीह स्थित कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार पुरे भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन ग्राम पंचायतों को दिया गया है। केन्द्रीय पंचायत राज मंत्री द्वारा यह पुरस्कार पंचायत के मुखिया को दिया गया। मालूम हो कि पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विकास योजनाओं के समग्र कार्यान्वयन एवं स्थानीय स्वशासन में पंचायती राज संस्थानों के कार्य निष्पादन को बेहतर कार्य करने वाले पंचायती राज संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाता है। विभिन्न पुरस्कार के श्रेणियों में से कपिलो ग्राम पंचायत द्वारा नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य किया है।

**बुनियादी ढांचा में आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत:** ग्राम पंचायत कपिलो गिरिडीह के बिरनी प्रखण्ड में स्थित है। कपिलो पंचायत का गठन चार गांवों से होता है, कपिलो, पंडाना कला, राजमनिया और चानो। ग्राम पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मूल्यांकन वर्ष में 96 पक्का आवास का निर्माण किया। पंचायत में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित है। साथ ही पंचायत सचिवालय में ही पंचायत का अपना सिस्टम सेटअप संचालित है।पंचायत में आकर्षक पंचायत भवन के साथ -साथ आकर्षक आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र एवं ज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है। पंचायत भवन और विद्यालय में छात्र -छात्राओं के लिए अलग -अलग शौचालय का, आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रियात्मक स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। कपिलो में पुस्तकालय, सामुदायिक केंद्र, सात आंगनबाड़ी केन्द्र और खेल का मैदान भी उपलब्ध है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। सिर्फ बुनियादी ढांचा में आत्म निर्भर के लिए नहीं।

**हर घर बिजली और पेयजल:** कपिलो के हर घर बिजली की व्यवस्था है, जो घरेलू उपयोग के लिए 24 घंटा बिजली उपलब्ध रहती है। हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध है तथा जल भंडारण सुविधा के लिए स्टोरेज टैंक भी है। पंचायत का अपना एंबुलेंस भी उपलब्ध है, जिसमें ऑक्सीजन सहित सभी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम पंचायत को बुनियादी ढांचा में और भी बेहतर बनाने हेतु सभी शिक्षण संस्थानों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की योजना है। सभी सभी कच्चे आवास को पक्के में परिवर्तित किया जाएगा।

**बुनियादी ढांचा में आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत**



पंचायतों में बुनियादी व्यवस्था को मज़बूत करने हेतु सरकारी योजनाओं के साथ साथ इनोवेशन की भी ज़रूरत हैं। नवाचार विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रकार की नीति संस्कृति और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना होगा और इन्हें अन्य गांवों में भी अपनाना होगा ताकि हर गांव समृद्ध बनें।

**निशा उराँव**
**निदेशक, पंचायती राज**

### सेना ने देश के 375 परीक्षा केंद्रों पर शुरू किये ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना ने अग्निवीर, जूनियर कमीशंड अधिकारी और अन्य श्रेणियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया को बदल दिया है। पहले चरण में ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की सोमवार से शुरुआत हो गई है। पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए आज से देश के 176 अखिल भारतीय संस्थानों के 375 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 26 अप्रैल तक चलेंगे। यह ऑनलाइन परीक्षा शिक्षा मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न कंपनी एजुकेशन कंसल्टेंसी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की सहायता से आयोजित की जा रही है।

# माओवादी नितेश जी के समर्थक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** पुलिस ने भाकपा माओवादी समर्थक हरि यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया छतरपुर पुलिस को वरीय पदाधिकारी से गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि भाकपा माओवादी सदस्य हरि यादव ग्राम काला पहाड़ थाना छत्तरपुर जिला पलामू के द्वारा माओवादी के जोनल कमाण्डर नितेश जी एवं संजय जी उर्फ संजय गोदराम को लगातार उग्रवादी गतिविधियों में सहयोग एवं बीते दिन चतरा जिला के लावालौग जंगल मे हुई घटना को लेकर माओवादी पाटी के समर्थन एवं पुलिस कार्रवाई के विरूद्ध आम जनता को डरा धमकाकर उग्रवादी बंदी को सफल बनाने के लिए लोगो के बीच भय का माहौल पैदा कर आस पास के क्षेत्र के क्रेसर तथा ईट भट्ठा मालिको को जान मरवाने की धमकी देकर उनसे लेवी वसूलने का काम कर रहा था। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार त्वरित कारवाई करते हुए सशस्त्र बल के साथ उसके घर छापामारी कर गिरफ्तार किया। छापामारी के क्रम में हरि यादव के पास से नक्सली पर्चा एवं जोनल कमान्डर नितेश जी द्वारा दिया गया मोबाईल बरामद किया तथा माओवादी सदस्य हरि यादव को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया। छापामारी दल में पु0अ0नि0 शेखर कुमार, थाना प्रभारी छत्तरपुर, पु0अ0नि0 अजय कुमार सिंह. पु0अ0नि0 विजय कुमार रमानी, सशस्त्र बल शामिल थे

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के उपलक्ष में किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** प्रखण्ड अंतर्गत सोनडीहा गांव के हरिजन टोला में दिन रविवार को युवा अंबेडकर क्लब सोनडीहा की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की 132 वां जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, हरीदास यादव, दशरथ बैठा , राजु गुप्ता, युवा अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार भारती, जयराम राम, राजेंद्र राम सहित कई लोगो ने बाबा साहेब के चित्र पर मल्यार्पण पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब की जयंती मनाए एवं बाहर से आए कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस से पूर्व मे सभी मुख्य अतिथियों एवं बाहर से आए सभी कलाकारों को फूल माला पहना कर सम्मानित किया। मौके पर संबोधन करते हुए झामुमो नेता नेता ताहिर अंसारी ने बाबा साहेब व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की अंबेडकर का जीवन संघर्ष करोड़ो गरीबों मजदूरों, वँचितो व अन्य मेहनतकशो के लिए उम्मीद की किरण बना हुआ हैं। और उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्षो की गुलामी की विकृतियों से भारतीय समाज भी अछूता नहीं रहा उस कालखंड में दलितों, पीड़ितों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर डॉ. भीमराव आंबेडकर उभरे। दुनिया के सबसे बड़े संविधान की रचना कर उन्होंने एक नए युग का सूत्रपात किया।

## जपला में स्प्राइट मिनी मेला का भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने जपला में स्प्राइट मिनी मेला का ऊद्धघाटन फीता और केक काट कर किया।स्प्राइट मिनी मेला आयोजन कर्ता चंदन कुमार सिंह द्वारा विनोद कुमार सिंह को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद जपला में कोका कोला और स्प्राइट का होलसेल होना अति आवश्यक था यहां हो जाने से आसपास के क्षेत्रों में कोल्ड ड्रिंक्स के उपभोक्ताओं को एवं वितरकों को सुविधा पूर्वक उपलब्ध होगा उन्होंने आगे कहा कि हुसैनाबाद जपला के डिस्ट्रीब्यूटर चंदन कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के लोगों को आवश्यकताओं को देखते हुए इस कार्य को लिए काफी लगन और मेहनत से किया है और उन्होंने आशा जताई आ की चंदन कुमार सिंह अपने वितरकों के कर्ज एवं विश्वास पर खरा उतरेंगे। इस मौके पे हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान,हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सुरबला भृंगराज, एस आई सौरभ कुमार, सोमप्रकाश, विनोद कुमार, कोका कोला कम्पनी के मार्केटिंग हेड सौरभ कुमार, सेल्स टीम के हेड रुपेश कुमार, कोका कोला के हुसैनाबाद जपला के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर चंदन कुमार सिंह, श्रवण अग्रवाल, मोज़ाहिर हुसैन, राजेश कर्ण आदि हजारो के संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रमंडल के सभी विप्र बंधु शोभायात्रा में शामिल हों : अर्जुन पाण्डेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की भव्य झांकी, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार, महादेव व बीर बजरंग बली की जीवंत झांकी के साथ निकलेगी भगवान परशुराम की जन्मोत्सव शोभायात्रा। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) का। श्री पांडेय सोमवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि शोभायात्रा के पूर्व भगवान परशुराम की भव्य पूजा अर्चना की जाएगी।उन्होंने कहा की बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडिंग शहर के लिए अनोखा होगा।उन्होंने बताया कि नारी शक्ति स्वरुप में बुलेट सवार लडकियों का ग्रुप शोभायात्रा में सबसे आगे आगे रहेंगी। श्री पांडेय ने बताया कि तरसा पार्टी व लाईव भक्ति जागरण शोभायात्रा में चार चांद लगाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में शामिल होने के लिए युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सदस्य प्रमंडल के सभी गांव का भ्रमण कर रहे हैं और लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। श्री पांडेय ने सभी प्रमंडल वासियों से शोभायात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा उनहोंने कहा शोभायात्रा में शामिल सभी श्रध्दालुओं पर पुष्प वर्षा व पगड़ी पोशी कर अभिनंदन किया जाएगा, वहीं शोभायात्रा के समापन के बाद सांध्य सात बजे से प्रदेश कार्यालय में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे शैलेश तिवारी व अनील दूबे भी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सप्ताह में भाग लेने पहुंचे नई दिल्ली, पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले पंचायती पुरस्कार सप्ताह में भाग लेने के लिए पलामू के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह नई दिल्ली पहुंचे इस कार्यक्रम में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। 17 अप्रैल से 21 अप्रैल 2023 तक चलने वाला राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सप्ताह, पंचायतों को प्रोत्साहन पर राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने पलामू के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह नई दिल्ली पहुंचे। यह कार्यक्रम प्लेनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।इस कार्यकर्म में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुरमू के अलावा केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ,केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह एवं केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील भी शोभा बढ़ाएंगे विदित हो कि 11 अप्रैल को झारखंड राज्य पंचायती राज के निदेशक निशा उराव ने पत्र जारी कर इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए झारखंड से कुल 11 लोगों का नाम नामित किया था जिसमें पलामू जिला के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह का नाम शीर्ष पर था। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि यह सब मेरे सम्मानित जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल है आप सब मेरे सम्मानित जनता मेरे ऊपर इसी तरह अपना आशीर्वाद बनाए रखें ,श्री सिंह ने अपील किया कि मेरे द्वारा आप लोग के लिए किए गए उचित कार्यों का यह प्रतिफल है कि मैं आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सप्ताह में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचा हूं। इसके लिए मैं अपने क्षेत्र के अलावे हुसैनाबाद की तमाम जनता का आंतरिक दिल से आभारी हूं।

## हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत मुख्यालय का पहुंच पथ जर्जर उप विकास आयुक्त को जीर्णोद्वार के लिए दिया आवेदन




**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत मुख्यालय का पहुंच पथ काफी जर्जर हो चुका है। इस पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा ने सोमवार को पलामू के उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर हैदरनगर जपला मुख्य पथ से इस पंचायत मुख्यालय तक पहुंच पथ का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। उन्होंने उप विकास आयुक्त के माध्यम उपायुक्त का भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि वर्ष 2001 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी यह सड़क गांव च पंचायत मुख्यालय तक अत्यंत जर्जर हो गई है। बारिश के दिनों में तो कई स्थानों पर कायम गड्ढों व जलजमाव से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जबकि यह सड़क महान स्वतंत्रता सेनानी रेवत ठाकुर का गांव और वर्तमान में कुकही ब्रह्म बाबा स्थान के नाम से प्रसिद्ध है। इस सड़क से कई जंगली व सुदरवर्ती क्षेत्रों का लिंक पथ जुड़ा है। उन्होंने कहा है कि इस पथ का जीर्णोद्धार नहीं होने से मरीज, विधार्थीयों समेत कई रोजमर्रा के सामानों के लिये आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## सामूहिक शादी समारोह में 10 जोड़ी वर-वधू ने लिए सात फेरे



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कल्याण उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सोमवार के दिन 10 जोड़ी वर - वधू की शादी संपन्न कराई गई. इस संदर्भ में शादी समिति के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि विगत कई वर्षो से सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता रहा है. ईस वर्ष 10 जोड़ी वर -वधु वैवाहिक बंधन में बंध गए.कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप गुप्ता, व संचालन पूर्व जिप सदस्य सह समिति के सचिव अनिल चंद्रवंशी व रमेश ठाकुर ने किया.कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह मुख्य संरक्षक के रूप में डटे रहे . पुरे कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकार सुरेंद्र साहनी एवं उदय हलचल ने गीत संगीत के माध्यम पुरे कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया. सुरेंद्र साहनी ने शादी गीत, दहेज गीत, बिदाई गीत आदि गा कर लोगों को मनमुग्ध कर दिया. पुरे कार्यक्रम में पांडू पुलिस मुस्तैदी के साथ डटी रही.वहीं आनंद शर्मा के द्वारा सभी वधू को चांदी का आभूषण प्रदान किया गया. ईस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मिथलेश ठाकुर मंत्री पेजल एंव स्वच्छ्ता, झारखण्ड सरकार लगातार तीसरी बार तिथी परिवर्तन के बावजूद भी उपस्थित नहीं हो सके. नहीं आने का कारण व्यस्थता बताई जा रही है. उनके कारण तीसरी बार तिथी परिवर्तित की गई थी. इससे लोंगो में काफी नराजगी भी देखी गई. हलांकि माननीय मंत्री ने अपने बदले मुख्यातिथि के रूप में जे. एम. एम. के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य को भेजा. साथ में जे. एम. एम. के कई नेता मौके पर उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास दुबे उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए. वर -वधू की विवरण जय प्रकाश राम संग उषा कुमारी, मनोज कुमार उरांव संग रंजिता कुमारी, शुभाष कुमार संग सुषमी कुमारी, लाल बहादुर उरांव संग सबिता कुमारी, कृष्णा राम संग सुधा कुमारी , लड्डू कुमार संग राधिका कुमारी, रूपेश कुमार संग विंदू कुमारी, निरंजन भुईया संग धर्मशिला कुमारी. बताते चले की यह कार्यक्रम बिगत चार वर्षो से चलता आ रहा है,जिसमे गरीब असहाय 11 जोड़ी वर -वधू की शादी कराई जाती है व शादी के सारा समान कमिटी के द्वारा वर - वधू को दिया जाता है.यह कार्यक्रम पहले काजरु कला के रामनवमी मैदान में होता था परन्तु इस वर्ष पांडू के कल्याण हाई स्कूल के खेल स्टेडियम में कराई गई।

## खरौंधी जंगलों में मिला हजारों मतदान पहचान पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के करिवाड़ीह गांव स्थित मोहनी जंगल में हजारो पहचान पत्र फेंका हुआ मिला।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम कुछ ग्रामीणों ने जंगल की ओर गए तो, उनका नजर पहचान पत्र पर पड़ा। जिसमें करिवाडीह, चंदनी, राजी, सुंडी, मझिगवां पंचायत के लगभग एक हजार लोगों का पहचान पत्र लावारिस फेंका हुआ था। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अभय कुमार एवं बिडिओ गणेश महतो को दी गई है. इतनी बड़ी लापरवाही के पीछे किसका हाथ है। अभी तक पता नहीं लग सका है। इसमें मुख्य रूप से बीएलओ एवं पोस्ट मास्टर के द्वारा मतदाताओं तक मतदाता पहचान पत्र वितरण किया जाता है। लेकिन किसी के द्वारा बड़े पैमाने पर मतदाता पहचान पत्र वितरण ना कर फेंक दिया गया। जिससे सैकड़ों मतदाता पहचान पत्र से वंचित रह गए होंगे। मतदाता पहचान पत्र में रुकमणी देवी, सत्येंद्र सिंह खरवार, रामप्रसाद चेरो, लालमणि उरांव, बद्री प्रसाद यादव, सतनारायण सिंह, रमेश चौधरी, विनोद विश्वकर्मा, संगीता देवी, जय राम, गीता देवी, उमेश कुमार चौधरी, अनीता देवी, सत्येंद्र राम, केश्वर सिंह, सुमित्रा देवी, विमलेश प्रजापति, अरविंद चेरो, दिनेश उरांव, प्रभादेवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, धर्मेंद्र कुमार सिंह आदि मतदाता पहचान पत्र फेंका हुआ पाया गया।

## अंधारीबाग में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ अखंड रामायण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत पिपरा के ग्राम अंधारीबाग में कलश यात्रा के साथ रामायण अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ जिसके समाप्ति 18 अप्रैल को सुबह 10बजे होगी। देवी मंदिर के वार्षिकउत्सव के उपलक्ष में यह भव्य पूजा पाठ के आयोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कराया गया. जिसमें पिपरा बाजार निवासी मारकंडे मिश्रा के बच्चे ऐश्वर्या मिश्रा वैष्णवी मिश्रा श्रेयांश मिश्रा ने भक्ति जागरण की प्रस्तुति कर सभी लोगों का मन मोह लिया. यह बच्चे आने वाले समय में संगीत के माध्यम से पिपरा प्रखंड का मान सम्मान बढ़ाएंगे ऐसी चर्चा लोगों के बीच चलते रहती है. दर्शको से इन तीनों नन्हे कलाकारों को खूब आशीर्वाद एवं प्यार मिला. कार्यक्रम स्थल पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रणधीर सिंह अशोक साव मंटू गुप्ता कुंज बिहारी गुप्ता विनय सिंह अमरीश सिंह बबलू सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिजली व्यवस्था में नही हुआ सुधार तो होगा आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन उक्त बातें भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कही अनुमंडल क्षेत्र मे गर्मी शुरू होते ही बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई है। वही बिजली उपभोक्ताओं को महज छह से आठ घंटे ही बिजली मिल रही है। अगर बिजली की समस्या पर सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी। उक्त बाते भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही है। उन्होंने कहा की गर्मी के दस्तक देते ही क्षेत्र मे बिजली कटौती शुरु कर दी जाती है, शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों मे भी बिजली की स्थिति बद से बदतर हो गई है। वही दूसरी तरफ बिजली उपभोक्ता नियमित बिजली नही मिलने के बाद भी बिजली बिल का भुकतान करते आ रहे हैं। बिजली कटौती को लेकर झारखंड मे हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। और यह हेमंत की सरकार खुद की जय जयकार मे व्यस्त है। पूर्व की भाजपा सरकार मे 18 से 20 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। इस बिजली कटौती को लेकर लोगों मे हेमंत सरकार के प्रति जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी तरह क्षेत्र के लोगों को बिजली मुहैया कराने की बात करने वाले भी स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास पुरुष भी इस समस्या को लेकर चुप्पी साधे हुए है। रविंद्र सिंह ने कहा की अगर बिजली की समस्या पर सुधार नहीं हुआ तो भाजपा उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी।

## विद्यालय के अध्यक्ष सचिव पर विकास फंड सहित कई घोटाले का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले में इन दिनों सरकारी विद्यालय में विकास फंड सहित कई घोटाले रुकने का नाम नहीं ले रहा है, सरकारी विद्यालय हमेशा घोटाले के सुर्खियों मे बना रहता है, ऐसा ही मामला विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के न्यू उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथलघाट से प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जो भी स्कूल में विकास फंड का पैसा आता है, वह पूरा खर्च नही करके बल्कि घोटाला किया जाता है, और प्रबंधन समिति का बैठक कभी भी नहीं किया जाता है, व मिड डे मिल मेनू के अनुसार बच्चों को अंडा, फल सहित खाना सही ढंग से नहीं दिया जाता है, जिसपर सोमवार को ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया, ग्रामीणों का कहना है कि इस विद्यालय में 1 क्लास से 5 वीं क्लास तक के बच्चे एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई करते हैं। और विद्यालय में पानी की भी घोर समस्या है, शौचालय भी है तो किसी भी काम लायक नहीं है, केवल शो पीस बना हुआ है, जब इस सम्बंध में स्कूली बच्चों से बात किया गया तो बच्चो ने साफ शब्दों में कहा कि खाना कभी भी सही ढंग से नहीं दिया जाता है, कभी खाना मिलता है, तो कभी ओ भी नहीं। आगे बच्चों ने कहा कि हमलोग को अंडा, हरी सब्ज़ी, फल कभी भी नहीं मिलता है, केवल चावल दाल और आलू का चोखा भुजिया सब्जी मिलता है। जब इस सम्बंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक गोपाल प्रसाद रब्बानी से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को स्वीकार करते हुए बताया कि मिड डे मिल के अनुसार फिलहाल बच्चों को फल, अंडा, हरा सब्जी नहीं मिल रहा है, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हमसे मनमुटाव रखते हैं, बात नहीं करते हैं। अध्यक्ष अपने मनमाने ढंग से पैसे को खर्च करते हैं। वहीं उपस्थित अध्यक्ष उमेश चौधरी ने प्रधानाध्यपक पर चावल घोटाला का आरोप लगाते हुए कहा की प्रधानाध्यपक अपनी मनमानी करते है विकास फंड के पैसों का और एमडीएम के पैसों का भी हिसाब नहीं देते है 50 केजी चावल का भी हिसाब नही मिला है, वहीं सभी आरोप प्रत्यारोपों पर सीआरपी संजय सिंह ने कहा की सभी का लिखित शिकायत विभाग को दिया गया है जांच कर उचित करवाई होगी।

## वरिष्ठ परिजनों की गोष्टी आयोजित कर प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पेट्रोल पंप के निकट स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को वरिष्ठ परिजनों की गोष्टी आयोजित कर प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता उप जॉन पलामू समन्वयक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने की। गोष्ठी में गायत्री शक्तिपीठ की विधि व्यवस्था, आय व्यय की समीक्षा की गई। आगामी 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली गायत्री शक्तिपीठ के पांचवी वार्षिक उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में 51 सदस्यीय प्रखंड समन्वय समिति का पूर्णगठन किया गया। समिति के लिये सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे और सह समन्वयक के रूप में सुजीत लाल अग्रवाल का चयन किया गया। युवा प्रतिनिधि शुभम जायसवाल एवं सहायक युवा प्रतिनिधि राजेश कुमार जायसवाल, वित्त प्रबंधक अखौरी प्रसाद ज्योतिम, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अमर कुमार जायसवाल एवं सतीश कुमार, संरक्षक डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल एवं राम प्रसाद, महिला प्रतिनिधि अनीता देवी, मीना देवी एवं सह महिला प्रतिनिधि इंद्रावती देवी का चयन किया गया है। देवालय प्रबंध समिति में अनिल लाल अग्रवाल, उपेंद्र कुमार मेहता आरती देवी, चिंता देवी, सरोज देवी, राजेश जायसवाल, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार जायसवाल, दुर्गा देवी को रखा गया। कार्यकारिणी सदस्य में जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, शिव कुमार मेहता, उपेंद्र कुमार मेहता, ह्दयानंद कमलापुरी, जोखू प्रसाद गुप्ता, सुरेश विश्वकर्मा, सरोज देवी, आरती देवी,पूजा देवी, अनिशा कुमारी, सुजाता कुमारी, रूपा कुमारी, लीलावती देवी, रीना देवी, धन दुलारी देवी, धनवंती देवी, पूजा देवी, मुन्नी देवी, रिंकू देवी, बसंती देवी, रीना देवी, विंदा देवी, पूजा कुमारी, बसंत प्रसाद, ललसू राम सहित अन्य के नाम शामिल है। मौके पर जिला समन्वयक विनोद पाठक, जिला परिवाजक संतन मिश्रा, जिला ट्रस्टी मिथिलेश कुशवाहा, गढ़वा प्रखंड समन्वयक अखिलेश प्रसाद, जिला ट्रस्टी अनिल विश्वकर्मा सहित अन्य परिजन उपस्थित थे।

## विधायक ढुलू महतो का हरिहरगंज में भाजपाइयों ने किया स्वागत



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पथरा गांव में आयोजित महारूद्र यज्ञ में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में बाघमारा विधायक ढुलू महतो का सोमवार को भाजपाइयों ने मेन रोड महावीर मंदिर के समीप फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ढुलू महतो ने स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और बीजेपी संगठन का हाल जाना। वहीं कार्यकर्ताओं ने बीजेपी जिंदाबाद ,पीएम नरेंद्र मोदी, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो जिंदाबाद के नारे लगाकर बीजेपी संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक डॉ. कर्नल संजय कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, अजय प्रसाद गुप्ता, राजेश रंजन मिश्रा, अनुज कुमार, मीडिया संयोजक धर्मेंद्र कुमार, लखन साव. विजय प्रजापति, शंभू यादव, मनोज सिंह, कृष्णा साव, विनोद पासवान, करण राजवीर, संतोष गुप्ता, मुखिया अवधेश मेहता, हरिद्वार प्रसाद, मनोज सोनी, लालचंद ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संक्षिप्त खबरें

## ऑटो चालकों ने पांच सूत्री मांग पत्र परिवहन सचिव को सौंपा

**रांची।** ऑटो चालक मालिक प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश महासचिव गुड्डू श्रीवास्तव , प्रदेश सचिव तबरेज अहमद, प्रदेश कार्यकारी सदस्य आनंद वर्मा, रंजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, कृष्णा चौरसिया, रांची जिला अध्यक्ष महेश सिंह ,महानगर अध्यक्ष बादल थापा ,रांची रेलवे स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह ,हटिया स्टेशन मार्ग अध्यक्ष आकाश ठाकुर, एमडी जुम्मन, बृजेश कुमार सिंह, गोलू शर्मा, अंबिका पांडे, राम सिंह ,मुकेश सिंह, पप्पू सिंह ,गुड्डू सिंह, सुनील राय, राजेश कुमार गुप्ता ,सोनू सिंह, महिला मैंस सुधा वर्मा, रोहिणी तिर्की ,मासिक करकट्टा, उर्मिला देवी, कुसुमपुर की शाहदरा माली एवं 3 से 4 साल पुराने ऑटो चालक मालिक उपस्थित थे। 5 प्रतिनिधि मंडल द्वारा 5 सूत्री मांगों का मांग पत्र परिवहन सचिव एफएफपी बिल्डिंग धुर्वा रांची को सौंपा गया।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का धरना 29 अप्रैल को

**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का महाधरना 29 अप्रैल को राजभवन के समक्ष किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर वैश्य समाज एवं ओबीसी के साथ किए जा रहे उपेक्षापूर्ण नीति के खिलाफ सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंदोलन को क्रमवार और तेज किया जाएगा। पहले चरण में 29 अप्रैल को राजभवन के समक्ष 'त्राहिमाम महाधरना' का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जबकि दूसरे चरण में 15 मई से 15 जून तक सभी पांचों प्रमंडल में सम्मेलन आयोजित करके राज्य सरकार के झूठे वायदों की पोल खोली जाएगी।

# पैन कार्ड से संबंधित जानकारी न करें शेयर : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला में साइबर अपराधी अब बूथ लेवल ऑफिसर से ठगी करने के प्रयास में हैं। साइबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड कॉल कर बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनके बैंक अकाउंट से पैसों की निकासी की जा सके।

**इन मोबाइल नंबर से किया गया फ्रॉड कॉल**

साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल नंबर 9387599045, 9504347177, 97481 07183, 9387599045, 7381446188, 896911 9824 से कॉल किया गया। खुद को जिला निर्वाचन कार्यालय का कर्मी और डाटा ऑपरेटर बता कर अपराधी ने बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी की जानकारी मांगी। बीएलओ ने सर्तकता दिखाते हुए फौरन संबंधित कार्यालय के कर्मचारी को कॉन्फ्रेंस कॉल में लिया, जिसके बाद साइबर अपराधी की पोल खुल गयी और वो अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया।

साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए एनीडेक्स ऐप इंस्टॉल करने के लिए लिंक भी भेजा जा रहा है। लिंक पर क्लिक कर ऐप इंस्टॉल करने और ओटीपी प्राप्त करने के बाद मोबाइल का एक्सेस साइबर अपराधी करने लगते हैं और फिर साइबर ठगी को अंजाम देते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को सर्तक रहने को कहा है।

उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल करनेवालों से किसी प्रकार की जानकारी शेयर न करें। अगर साइबर अपराधियों द्वारा उनके बैंक खाता, आधार, पैन कार्ड से संबंधित जानकारी या बैंक खाते से पैसों की निकासी की जाती है तो फौरन अपने एईआरओ या ईआरओ को लिखित में शिकायत करें। उपायुक्त द्वारा जिलेवासियों से भी सर्तकता बरतने की अपील की गयी है।

# पुलिस ने तीन चोर को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हाल के दिनों नामकुम थाना , खेलगाँव थाना एवं सदर थाना के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं काफी अधिक होने के कारण वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), राँची को एक टीम गठन कर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करने को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), रॉची द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय प्रथम).मुमुल पुरोहित रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक, सदर, प्रभात बरवार राँची के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम सुनील कुमार तिवारी, पुनि सह थाना प्रभारी नामकुम राँची, श्याम किशोर महतो, पुनि सह थाना प्रभारी, सदर,, पुअनि रवि कुमार केशरी (नामकुम थाना) पुअनि ,धीरज कुमार सिंह (नामकुम थाना) पुअनि मनोज कुमार (नामकुम थाना) पुअनि सुनील कुमार मंडल (नामकुम थाना) पुअनि लाल, (सदर थाना) पुअनि त्रिपुरारी कुमार, (सदर खाना) पुअनि गौतम वर्मा (सदर थाना) आ 2713 राजेश बैठा (अंगरक्षक) एवं नामकुम



थाना तथा सदर थाना के सशस्त्र बल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार किए गए:** 15 अप्रैल को सबसे पहले शेख अफरोज उर्फ अहमद राजा उर्फ पुटीलाल उम्र करी 23 वर्ष , -इलाहीबक्स कॉलोनी नियर तैयब मस्जिद, थाना सदर, जिला रांची के घर पर छापामारी कर गिरफ्तार किया था। इसके पूछताछ के बाद ही नामकुम थाना और सदर थाना एवं खेलगांव थाना के विभिन्न कांड में चोरी गई सामग्री को बरामद किया गया। फिर छपेमारी कर बाकी साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

मो कुर्बान उर्फ शेख कुर्बान उम्र 20 वर्ष, मौलाना आजाद कॉलोनी गली नंबर 13, सोनू खान के मकान में किरायेदार, थाना नामकुम, जिला रांची को गिरफ्तार किया। इसके पास से भी नामकुम थाना सदर थाना एवं खेलगाँव थाना के विभिन्न कांड़ में चोरी गई सामग्री को बरमद किया गया। पप्पू कुमार उम्र 34 वर्ष , इमामगंज, जिला गया (बिहार) वर्तमान पता- गैलेक्सी मॉल के बगल गली मे मधुकम तालाब, थाना सुखदेवनगर, जिला रांची को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से भी नामकुम थाना सदर थाना एवं खेलगाँव थाना के विभिन्न कांड में चोरी गई सामग्री को बरामद किया गया। अभियुक्त रांची जिला के विभिन्न थाना मे कई कांडो मे वांछित एवं आरोपित रहे हैं।

**जब्त सामान:** विवो कंपनी का एक अदद स्मार्टफोन । सैमसंग कंपनी का टैब एक अदद ।

## हक देने के बजाय युवाओं पर लाठियां बरसा रही सोरेन सरकार : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सोमवार को राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों के साथ अपराधियों और देशद्रोहियों जैसा व्यवहार कर रही है। अपने हक और अधिकार की मांग करने वाले बेरोजगार छात्रों पर हेमंत सरकार लाठियां बरसा रही है और उन्हें गिरफ्तार कर जेल की धौंस दिखा रही है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले हजारों छात्रों का यह पूर्व घोषित कार्यक्रम था। राज्य के बेरोजगार नौजवान, जो पिछले साढ़े तीन वर्षों से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे, उनका धैर्य अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि युवा वही मांग रहे हैं, जिसकी हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था, लेकिन यह सरकार अपना वादा पूरा करने के बदले युवाओं को कभी भाषा के नाम पर, कभी 1932 के नाम पर तो कभी 60:40 की अमान्य नियोजन नीति के नाम पर बरगला रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को वर्ष 2019 का अपना भाषण तथा झामुमो कांग्रेस राजद के नेताओं को अपना घोषणापत्र देखना चाहिए।

युवा वही मांग रहे जिसके आधार पर गठबंधन ने घूम-घूम कर वोट मांगे थे। प्रकाश ने कहा कि युवाओं का खून बहाना हेमंत सरकार को काफी महंगा पड़ेगा। राज्य की युवा शक्ति खून के एक-एक बूंद का बदला ईवीएम से लेगी।

# रांची : परिवहन सचिव के श्रीनिवासन कोर्ट में हुए हाजिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के परिवहन सचिव के श्रीनिवासन को लेकर रांची के एसएसपी कौशल किशोर हाईकोर्ट पहुंचे। परिवहन सचिव जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में हाजिर हुए। अवमानना के मामले में कोर्ट के निर्देश देने के बाद भी जवाब दाखिल नहीं देने पर अदालत ने परिवहन सचिव के विरुद्ध वारंट जारी किया था।

सुनील कुमार पासवान ने मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) की नियमित बहाली को लेकर





अवमानना याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार के जवाब से संतुष्ट होकर अवमानना की कार्रवाई को खत्म कर दिया है। अदालत ने परिवहन सचिव को सख्त निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट ने इस केस में जो आदेश पारित किए हैं उसका अनुपालन सुनिश्चित हो। सचिव ने कोर्ट को अश्वसत किया की जल्द से जल्द अदालत के आदेश का पूरी तरह अनुपालन किया जाएगा।

## युवा नागरिकों के वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (एनआईएसएम) द्वारा 15 और 16 अप्रैल को यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, बीआईटी मेसरा के प्रांगण में युवा नागरिकों की वित्तीय साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।संसाधन व्यक्ति प्रोफेसर (डॉ.) रमन बल्लभ ने सूचनात्मक सामग्री को अच्छी तरह से संवादात्मक तरीके से प्रसारित किया।

छात्रों को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) में रोजगार के लिए जागरूक और नौकरी के लिए तैयार करने के लिए शैक्षिक सशक्तिकरण मिला। बीएफएसआई सेक्टर में टेक्नोलॉजी के लिए प्लेसमेंट के बड़े अवसर हैं।

सभी फिनटेक, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बैंकिंग को तकनीकी रूप से शिक्षित उम्मीदवारों की जरूरत है।

यह कार्यशाला निदेशक डॉ विनय शर्मा द्वारा की गई पहल के माध्यम से आयोजित और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अभय कुमार और निरुपम ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपना प्रयास किया। छात्र समन्वयक मिस अनीशा भारती और आदित्य नंदन ने आयोजन की अवधारणा से लेकर समापन तक कड़ी मेहनत की।

# रांची एसपी को मानवाधिकार आयोग का समन

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मानवाधिकार आयोग ने एक दरोगा के होमगार्ड्स के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के एक मामले में रांची एसपी को समन भेजा है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और होमगार्ड जवान कृष्णा यादव के साथ गाली-गलौज, मारपीट और फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने रांची एसपी को समन जारी किया है। आयोग ने एसपी को 31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश दिया है। आयोग ने उनसे अब तक की कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक को भी दी गई है और आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी पीड़ित राजीव कुमार तिवारी ने सोमवार को दी। धुर्वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक नारायण सोरेन की ओर से कथित रूप से फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने के विरुद्ध राजीव कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीआईडी एसपी को यह निर्देश दिया था कि आठ सप्ताह के अंदर कार्रवाई कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सूचित करें। राजीव कुमार तिवारी की ओर से उक्त घटना कि शिकायत प्रधानमंत्री से भी की गई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा झारखंड सरकार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। होम गार्ड एसोसिएशन के महासचिव ने धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया था।

# सीएम से मिली झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात कर संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा की गई मांगों में इस बात का जिक्र है कि भारत सरकार तथा कई अन्य राज्यों ने अपने महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव की सुविधा दी है। जिससे महिला कर्मी सम्मान के साथ नौकरी करते हुए अपने पारिवारिक दायित्वों का भी



निवहन कर सकें। हमारे राज्य की महिला कर्मियों को अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस प्रगतिशील निर्णय से राज्य की सभी महिला कर्मी सदैव आपके प्रति कृतज्ञ रहेंगी। इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष एवं महासचिव को राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही सकारात्मक विचार किए जाने का आश्वासन दिया साथ ही आश्चर्य दर्शाया की आखिर अब तक नीति निर्धारकों की नजर महिला अधिकारियों की इस समस्या की तरफ क्यों नहीं गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रंजीता हेम्ब्रम एवं राहुल कुमार ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ स्टेट सिविल/ एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन जयपुर, राजस्थान द्वारा 24 से 26 मार्च 2023 को आयोजित 16 वा कन्वेंशन मौके पर प्रकाशित की गई स्मारिका सप्रेम भेंट की।

# अमरनाथ यात्रियों की मेडिकल जांच के लिए रिम्स के पांच चिकित्सकों की टीम गठित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमरनाथ यात्रा पर जाने वालों की मेडिकल जांच के लिए रिम्स के पांच चिकित्सकों की टीम का गठन किया गया है। चिकित्सकों में सिद्धार्थ कपूर,डॉ नीलाभ कुमार सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ मनीषा भगत और डॉ सौरभ सुमन शमिल है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ ने सोमवार को बताया कि अमरनाथ यात्रा वर्ष 2023 की यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के लिए रिम्स ने हेल्पलाइन नंबर 9039129569 भी जारी किया गया है। श्रद्धालु इस नंबर पर कॉल कर आवश्यक जानकारी ले सकेंगे। दरअसल, अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। श्रद्धालु 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही मोड में रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। इस वर्ष भी यात्रा के लिए स्वास्थ्य सर्टिफिकेट अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की उम्र 13 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मेडिकल चेकअप के दौरान सांस फूलना, सांस या फेफड़ों की बीमारी, रक्त विकार, खून बहने की प्रवृत्ति, दिल की बीमारी, जोड़ों का दर्द आदि की जानकारी डॉक्टरों के साथ साझा करनी होगी। इसके अलावा प्रेगनेंसी और धूम्रपान संबंधित जानकारी भी चिकित्सकों को देनी होगी।

## कांग्रेस बचाओ महाधरना 20 को

**रांची :** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 20 अप्रैल को संध्या 4.30 बजे से कांग्रेस बचाओ महाधरना का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर निलंबित कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव एवं साधु शरण गोप ने संयुक्त बयान जारी किया है। महाधरना के माध्यम से प्रदेश प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पदमुक्त करने की मांग करेंगे। दुबे ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह में 1950 किमी. की पैदल यात्रा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके उलट हवाई जहाज और कार से सत्याग्रह यात्रा की गई।

# फारूकी तंजीम के सम्पादक एमए जफर का इंतकाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिहार-झारखंड से प्रकाशित उर्दू दैनिक फ़ारूक़ी तंज़ीम के मालिक व सम्पादक एमए ज़फ़र का इंतक़ाल हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने सोमवार की सुबह अंतिम सांस ली। उनका रांची में निधन हुआ। उन्होंने बिहार-झारखंड में उर्दू पत्रकारिता को आयाम दिया था.झारखंड से पहला उर्दू अख़बार निकालने का श्रेय ज़फ़र साहब को ही जाता है। इनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमए जफर का असामयिक निधन होना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।



उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने भी जफर के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। इधर संपादक एमए ज़फ़र का इंतकाल के बाद रांची शहर में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने शोक व्यक्त किया। मुख्य रूप से वरिष्ठ

**सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक, पत्रकारिता जगत में भी शोक की लहर**

पत्रकार मुस्तकीम आलम , गुलाम शाहिद खुर्शीद,शय्यद खुर्शीद, आदिल रशीद, एहसान,मुज्जमील, परवेज कुरेशी, विनय कुमार , नौशाद , शारिब खान, राजेश सिंह,राजेश तिवारी, निलय सिंह सहित कई उर्दू अखबार एवं हिंदी अखबारों के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। वहीं तरावीह की नमाज के बाद डोरंडा कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

# विधायक इरफान अंसारी के दावत-ए इफ्तार में पहुंचे कई गणमान्य लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी के रांची स्थित आवासीय परिसर में दावत ए इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। दावत ए इफ्तार का मुख्य उद्देश्य होता है सौहार्द, भाईचारा, एकता और सामूहिकता को बल देना और एक ही शफ पर एक ही दस्तरखान पर एक साथ बैठकर इफ्तार करना , लेकिन इस दावत ए इफ्तार में राजा और रंक के बीच का फर्क देखने को मिला। बता दें कि दावत ए इफ्तार में डॉक्टर इरफान अंसारी ने दो जगहों पर व्यवस्था कर रखा था एक आम जनता के लिए बहुत ही खूबसूरती के साथ चादर बिछा कर लोगों को बैठाया गया था। इफ्तार की सारी सामग्री की व्यवस्था की गई थी। किसी तरह की कोई कमी नहीं की गई थी, लेकिन दूसरी तरफ ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कला संस्कृति विभाग के मंत्री हाफिज उल हसन, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, सिमडेगा विधायक विल्सन



छाया : नसीम

कोंगाडी , रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ये सभी विधायकों को इरफान अंसारी के कमरे में सोफा पर बैठा कर इफ्तार कराया गया। यह देखकर इफ्तार में आए कुछ लोगों ने आपस में गुफ्तगू करते नजर आए कि विधायकों के लिए अलग और हम सब के लिए अलग व्यवस्था ऐसा नहीं करना चाहिए। वहीं दावत ए इफ्तार पार्टी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आने का इंतजार डाक्टर इरफान अंसारी ने काफी देर तक करते रहे। कैबिनेट खत्म होने के बाद विधायक, मंत्री,डॉक्टर इरफान अंसारी के दावत ए इफ्तार में शामिल होने पहुंचे थे। इफ्तार के बाद नमाज अदा की गई और राज्य की खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई। इसअवसर पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, कांग्रेस से शमशेर आलम , अनवार अहमद अंसारी, आजम अहमद, गुलाम जावेद, फरहाद कुरैशी, आफताब आलम बब्लू,संजय पांडेय,अफरोज आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बर्बरतापूर्ण कार्रवाई से लोकतंत्र की हत्या कर रही है यूपीए सरकार : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नियोजन नीति को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हेमंत सोरेन सरकार बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करवा कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सांसद सोमवार को यूपीए सरकार के द्वारा किए गए लाठीचार्ज के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार नौकरी और नियोजन जैसे मुद्दों पर युवाओं के कंधे पर चढ़कर आई है। हेमंत सोरेन ने यूपीए के नेतृत्व में जनता को बरगला कर वोट लिया और अब उन वोटों की कीमत के बदले जनता को लाठीचार्ज का तोहफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए नेतृत्व वाली सरकार कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही है। युवाओं के खून का एक-एक बूंद इस भ्रष्ट और घोटालेबाज सरकार के ताबूत की आखिरी कील साबित होगा। सांसद ने कहा कि यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कुछ दिन पूर्व शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी, आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार से हिंसात्मक कार्रवाई की गई।

## सेल अनीमिया जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार जिले में लोगों को थैलेसिमिया - सिकल सेल बीमारी को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से अड़की एवं मुरहू प्रखंड में जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।



ग्रामीण जानकारी के आभाव में थैलेसिमिया सिकल सेल बीमारी का समुचित उपचार नहीं कर पा रहें हैं। प्रखण्ड स्तर पर लोगों को जागरूक एवं स्क्रीनिंग हेतु प्रखण्डवार बैठक आयोजित कर प्रखण्ड प्रमुख, मुखिया, स्वास्थ्य कर्मी (ए0एन0एम0 एम0पी0डब्ल्यू0 एवं सी0एच0ओ0). JSLPS स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्वास्थ्य सहियाओं एवं आंगनबाडी सेविका तथा सहायिका को क्षेत्र में काउन्सलिंग करने हेतु प्रशिक्षण दिए जाने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है, जो क्षेत्र में लोगों को थेलेसिमिया- सिकल सेल बीमारी का समुचित उपचार आदि हेतु काउन्सलिंग कर लोगों को जागरूक करेंगें। प्रखण्डवार निर्धारित प्रशिक्षण हेतु समिति गठित की गई है। इसमें उप विकास आयुक्त, खूँटी, सिविल सर्जन, खूँटी, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास की रूपरेखा, संबंधित प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, खूँटी से एक वरीय चिकित्सक एवं एक काउंसलर, सुश्री अमिता यादव , श्री आशिष वर्मा हैं। पिरामल संस्था के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। अड़की एवं मुरहू प्रखंड में आयोजित जागरूकता शिविर में उप विकास आयुक्त उपस्थित हुए। इससे सिकल सेल अनीमिया को लेकर जिले में समुदाय आधारित स्क्रीनिंग, सिकलसेल बीमारी की जागरूकता और रेफरल की दिशा में कार्य किए जायेंगे। कार्यशाला के दौरान सिकल सेल जांच व बीमारी से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की गई।

## सीएससी कर्रा में राष्ट्रीय कृमि दिवस को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** सीएचसी कर्रा के द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं व सरकारी विद्यालय के शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया गया. प्रशिक्षण के दौरान एविडेंस संस्था के प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह एवं प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. शकील अहमद ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने एवं 01 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी व स्कूल में कृमि मुक्त दवा एलमेंडाजोल खिलाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ 20 अप्रैल से होगा जो कि 25 अप्रैल तक चलाया जाएगा. कार्यक्रम का लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों को लाभ पहुंचाना है प्रशिक्षण में प्रखंड के 210 आंगनबाड़ी सेविका व 176 सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक ने भाग लिया. प्रशिक्षण को सफल बनाने में स्वस्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, बीपीएम जैनी मिंज, बीडीएम शेख इदरीश, सीटीटी सूरज कुमार, मरियम संगा के अलावे अन्य स्वस्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



## असंगठित मजदूरो का 2013 से 2022 तक का सीएमपीएफ, बोनस का भुगतान नही



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार एरिया में वर्ष 2013 से लेकर 2022 तक विभिन्न ट्रांसपोर्ट कंपनियां में से आरपीएल,टीसीपीएल, सीआईसी,जेभी व सैनिक कोयला ट्रांसपोर्ट कंपनियां कार्य कर रहे थे. उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनियों ने सीसीएल अधिकारियों के मिलीभगत से असंगठित मजदूरों का लंबित बोनस, सीएमपीएफ, पेंशन का भुगतान अब तक नही किया गया. इस बोनस भुगतान के लिए पिपरवार महाप्रबन्धन से असंगठित मजदूर व यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के नेताओं से कई दौर का बात चित व प्रबंधन के तरफ से अस्वासन मिला. प्रबंधन के छलावा हरकत व ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा बोनस सीएमपीएफ भुगतान नहीं करने के विरोध में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना व स्थानीय लोगो (मजदूरी) को रोजगार देने हेतु समस्याओं को लेकर 11 अप्रैल को सिर्फ पिपरवार प्रबंधन और मजदूरों के बीच वार्ता हुआ था, लेकिन इस बैठक में उपरोक्त निजी ट्रांसपोर्ट कंपनियों के प्रतिनिधि नहीं आये जिसके कारण बैठक में कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हो पाया जिसके बाद प्रबंधन ने तीन से चार दिन का समय मांगा. परन्तु इसके बाद भी सी0सी0एल0 प्रबंधन मजदुर एवं ट्रांसपोर्ट कम्पनीयों से वार्ता कराने एवं सीएमपीएफ, बोनस एवं पेंशन की भुगतान कराने में असमर्थ रहे. जिसके कारण मजदूरों ने पुन~ 17 अप्रैल को जुलुस एवं प्रदर्शन कर पिपरवार प्रबंधन को पहल करने का अंतिम मौका एक बार पुनः दिया गया. इसके बाद भी प्रबंधन कि ओर से मजदूरों का अनदेन किया गया. जिससे बाध्य होकर सभी मजदूरों ने पिपरवार प्रबंधन कार्यालय के गेट के सामने 200 गज की दूरी में काली स्थान पर 15 मई से शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिए है. जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी पिपरवार प्रबंधन की होगी. पिपरवार प्रबंधन कार्यलय के समक्ष धरना अध्यक्षता एआईटीयूसी के असंगठित अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया. मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर, अशोका एरिया सचिव अरविंद शर्मा,एनके एरिया सचिव प्रेम कुमार,विस्थापित नेता धनेश्वर गया गंझू,चंदन शर्मा,संतोष प्रजापति,टेकलाल महतो,मधनाथ महतो,रविन्द्र महतो,मोहन महतो,विनोद गंझू,महेश महतो,अखिलेश चौहान, रजक उरांव,राजू प्रसाद सिंह,नरेश कुमार,उपेंद्र गिरि,बिनोद गंझू,शिव प्रसाद गुप्ता सहित अन्य असंगठित नेता मौजूद थे.

## सड़क किनारे खड़े ट्रेलर को बस ने मारी टक्कर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ एनएच -33 पर कुज्जू ओपी क्षेत्र के मुरपा के निकट सड़क किनारे खड़े टेलर में यात्री बस ने जोरदार टक्कर मार दी । इस घटना में एक बस यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 7 लोग गंभीर घायल हो गए । जिनमे से तीन गंभीर रूप से घायलों को सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा गया है। जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया गया कि गोलू यात्री नामक बस हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही थी, कि अचानक मुरपा के पंजाबी ढाबा के निकट सड़क किनारे पहले से खड़ी टेलर में बस पीछे से से जा टकराई। इसी क्रम में यह बड़ी दुर्घटना घटित हुई है। दुर्घटना के बाद काफी देर तक फोरलेन पर घंटो सड़क जाम की स्थिति बनी रही। कुजू पुलिस ने जाम को छुड़ाकर यातायात को सामान्य बनाया। कुची थाना के एसआई सैनिक समद ने बताया कि लगभग 7 लोग जख्मी हैं और एक की मृत्यु हो गई है घायलों को सदर अस्पताल बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है

## अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में ऊर्जा समिति की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद सह अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ऊर्जा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऊर्जा विभाग के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में बिजली चोरी रोकने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में काम शुरू किया है, रिफार्म ऋद्धश्हद्ध- बेस्ड एंड रिजल्ट लिंकड़ रेवाम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत कार्य किया जाना है। इसके प्रथम चरण में बिजली लाइनों में सुधार होगा। नए फीडर बनाए जाएंगे। अलग-अलग फीडरों से लाइनों को जोड़ा जाएगा ताकि बिजली का भार कम हो सकें। ओवरलोड ट्रांसफार्मर हैं तो वहां पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। झूलती लाइनों से होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए खंभों के बीच के स्थान को कम किया जाएगा। इसके लिए नए टॉवर भी लगेंगे। साथ ही चोरी और छीजत में कमी लाने के लिए पीवीसी कोटेड लाइनों का जाल बिछाया जाएगा। इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के पदाधिकारीगण समेत प्रखंड प्रमुख व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## झूमरी में अनियंत्रित बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झूमरी में सोमवार को दोपहर 12 बजे अनियंत्रित बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान झुमरी निवासी रमेश यादव उम्र करीब 35 वर्ष पिता रोहन यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रमेश यादव अपनी मोटरसाइकिल से झुमरीतिलैया की ओर से अपने घर की तरफ आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से रही बस संख्या जेएच 21 एम 5279 (अरमान नामक बस) के अनियंत्रित होकर उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिस से वे गंभीर रूप से घायल हो कर गिर पड़े जबकि उनका मोटरसायकिल को बस लगभग 20 फिट गसीटते हुए एक घर में टककर मार कर रुक गया. इस दौरान हालांकि घर को अंशिक छति पहुंचे पर किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ । इधर गंभीर रूप से घायल रमेश को ग्रामीणों नें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

# टर्बो ने ली महिला की जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी गोला मुख्य मार्ग पर सोमवार को जामनीटांड़ के समीप टर्बो की चपेट मे आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ईटा से भरा टर्बो रामगढ़ से ईटा लोड कर बेचने के लिए मुरी की ओर आ रहा था। इसी क्रम मे जामनीटांड़ के समीप सोनाकी देवी उम्र 68 वर्ष अपने घर के समीप नल से बाल्टी मे पानी भर रही थी तभी अचानक रामगढ़ की तरफ से आ रही टर्बो ने पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए घर का चहरदिवारी को तोड़ते हुए एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतना जोरदार था कि महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई एवं टर्बो का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया और खलासी गाड़ी के अंदर ही फंसा रह गया बड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से खलासी को टर्बो से बाहर निकाला गया एवं इलाज के लिए निजी अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से ग्रामीण आक्रोश में आ गए एवं शव को लेकर सड़क को जाम कर दिया। एवं मुआवजा की मांग करने लगे। मुरी ओपी पुलिस, सिल्ली पुलिस एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया एवं ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क को जाम से मुक्त करवाया एवं शव को पुलिस के द्वारा पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना रामगढ़ की तरफ से ईटा लोड कर टर्बो मे अवैध तरीके से अधिक दामो पर बेचने के लिए इसी मार्ग से जाते है और काफी रफ्तार में गाड़ी को चलाते हैं। इनकी गाड़ी की रफ्तार को देखकर ग्रामीण सड़क पर नहीं चल पाते हैं काफी डर लगा रहता है क्योंकि कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।



## बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों के झुण्ड का उत्पात लगातार जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों के झुण्ड का उत्पात लगातार जारी है। वही रविवार की रात भी हाथियों का झुण्ड मरकच्चो के पपलो पंचायत स्थित पपलो पंहुच कर दो किसानों का आम बागवानी में लगे पेडों को नुकसान पहुचाया है साथ ही कई किसानों के द्वारा लगाया गया जेठुवा फसल भिंडी, खीरा, ककड़ी, तरबूजा समेत अन्य सब्जियों को खायौ पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। रविवार की रात्रि हाथियों का झुंड पपलो पहुंचकर इंद्रदेव यादव का मनरेगा द्वारा लगा आम का बागवानी व चोलो यादव का मनरेगा से लगा आम का बागवानी का कई पेड़ उखाड़ दिया व तोड़कर बर्बाद कर दिया। वही इंद्रदेव यादव के द्वारा 2 कट्ठा में लगाया गया प्याज और जेठुवा फसल को, चोलो यादव के द्वारा लगाया गया 2 कट्ठे में जेठवा फसल, विनोद यादव के द्वारा 9 कट्ठा में लगाया गया जेठवा फसल, रामसहाय महतो के द्वारा 3 कट्ठा में लगाया गया जेठवा फसल, बद्री महतो के द्वारा 4 कट्ठा में लगाया गया जेठवा फसल, नारायण महतो के द्वारा दो कट्ठा में लगाया गया जेठवा फसल, सहदेव महतो के द्वारा 3 कट्ठा में लगाए गए जेठवा फसल को खाया और पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात में पटाखा की आवाज कर व लुक जलाकर आये तब तक हाथियों का झुण्ड बेरहवा जंगल की ओर चले गये। कृषको ने बताया कि वे लोग काफी पूँजी लगाकर तथा कड़ी मेहनत कर खेती करते है लेकिन हर साल हाथियों का झुण्ड आकर उनके फसलों को नष्ट कर देता है जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है।किसानों ने प्रशासन से मुआवाजे की मांग की है।

## नरकोपी मदरसा फैजुल कुरान के प्रांगण में कांग्रेस का इफ्तार पार्टी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नरकोपी मदरसा फैजुल कुरान के प्रांगण में सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित थी। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के रोजेदारों को दावत-ए-इफ्तार पर आमंत्रित किया गया था। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ किया गया। रोजेदारों को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रमजान का महिना पवित्र महिना है। इस महिने में रोजेदारों के साथ बैठक इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। इफ्तार पार्टी ठीक उसी तरह है जैसे होली और दिवाली मिलन समारोह। इस तरह के कार्यक्रम से गंगा-जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, थाना प्रभारी अभिजित कुमार, हाजी रेयासुद्दीन, मो. आरिफ, मुखिया सरिता एक्का, कुदूस अंसारी, एकराम अंसारी, लालदेव लोहरा, रूस्तम अंसारी, लाला मास्टर, रसीद खान, कल्याणी उराँव, फहीमुल हक, जाकीर, बबलु, पिंटु सहित कई लोग शामिल थे।




### कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

**ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 53/2022-23

पत्रांक 261 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | रेवतकला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड – मनिका, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 95.588 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉंची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– 1. केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. इस निविदा का PR No 292349/22-23 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295228 Water Resource(23-24).D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (आपदा प्रबंधन शाखा)

**अपील**

गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्यरुप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर, खेत, खलिहान एवं जान–माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें तो अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। अतः जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू अग्नि सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जनहित में बचाव हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश/उपाय जारी करती है।

- रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें।
- दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें।
- भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें।
- आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर–भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके।
- पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें।
- फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं।
- दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो।
- शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें।
- गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें।
- घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें।
- जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पी कर इधर–उधर न फेकें।
- माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय।
- ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहन कर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड़े पहन कर ही खाना बनायें।
- सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें।
- ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ, चना, मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें।
- आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें।
- अगर कपड़े में आग लगे तो जमीन पर लेट कर आग बुझाने का प्रयास करें।
- आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें।
- खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोड़कर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें।
- चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू

PR 295258 Palamu(23-24)#D

### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.04.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.04.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.04.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग मद

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | पंचयात | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | पुनः निविदा | | | | |
| 1 | कटकमदाग | अडरा | केश्वरिया | ग्राम केश्वरिया में ललुआ डहर पर तालाब गहरीकरण कार्य। खाता नं0 97 प्लॉट 685 रकवा 12.67 डी0 | 1216200 | 2500 | 25000 | चार माह |
| 2 | विष्णुगढ़ | करगालो | करगालो | ग्राम करगालो के बलीया बॉंध से भिखन साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 505800 | 1250 | 11000 | तीन माह |
| 3 | दारू | जिनगा | कोंय | ग्राम कोंय में देवरीया नदी से कालीकरण पथ तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 1254400 | 2500 | 26000 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 295323 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 03/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.04.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.04.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.04.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना में 18x32 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 1407400/- | 28500/- | 2500/- | 02 (Two) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत हेरहंज थाना में 18x60 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 2033700/- | 41000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत हेरहंज थाना में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/- | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत हेरहंज थाना में दो पीलर के साथ लोहे के गेट –01 अद्द का निर्माण कार्य | 197650/- | 4000/- | 500/- | 01 (One) Month |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत बरवाडीह थाना में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/- | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में 18x60 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 2033700/- | 41000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/- | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना में 18x32 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 1407400/- | 28500/- | 2500/- | 02 (Two) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत महुआडांड़ महिला थाना में 16x16 बैरक–01 नग अटैच शौचालय का निर्माण कार्य | 1249100/- | 25000/- | 2500/- | 02 (Two) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत महुआडांड़ महिला थाना में 18x32 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 1407400/- | 28500/- | 2500/- | 02 (Two) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत चन्दवा थाना में 18x60 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 2033700/- | 41000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत सिकनी पिकेट में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/- | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत कोने पिकेट में मरम्मति भाग–1 का कार्य | 2312400/- | 46500/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 14 | लातेहार जिलान्तर्गत कोने पिकेट में मरम्मति भाग–2 का कार्य | 2312400/- | 46500/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 15 | लातेहार जिलान्तर्गत कोने पिकेट में मरम्मति भाग–3 का कार्य | 2076000/- | 42000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 16 | लातेहार जिलान्तर्गत बारेसाढ़ थाना में डीप बोरिंग का कार्य | 290200/- | 6000/- | 750/- | 15 (Fifteen) Days |
| 17 | लातेहार जिलान्तर्गत बारेसाढ़ थाना में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/ | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 18 | लातेहार जिलान्तर्गत अमझरिया पिकेट में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/ | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 19 | न्यू पुलिस लाईन लातेहार में 18x60 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 2033700/- | 41000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 20 | लातेहार जिलान्तर्गत मोरपा पिकेट में 18x32 बैरक–01 अद्द का निर्माण कार्य | 1407400/- | 28500/- | 2500/- | 02 (Two) Months |
| 21 | लातेहार थाना में किचेन शेड–01 अद्द का निर्माण कार्य | 484427/- | 10000/- | 750/- | 45 (Forty five) Days |
| 22 | लातेहार थाना में शौचालय–05 अद्द का निर्माण कार्य | 678700/- | 15000/- | 1250/- | 45 (Forty five) Days |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 295247 (Building) 23-24 (D)

## एहसास का धातकीडीह में दावत ए इफ्तार आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धतकीडीह में सामाजिक संस्था एहसास के द्वारा रविवार को मरहूम पत्रकार नदीम अहसन की याद में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया. जमशेदपुर के वरिष्ठ पत्रकार नदीम अहसन का पिछले साल 16 अप्रैल को लंबी बीमारी से ग्रस्त होने के कारण इंतकाल हो गया था. रोजा खोलने से पूर्व इजतेमाई दुआ में लगभग 600 लोग उपस्थित हुए. रोजेदारों और शहर के सभी वर्ग के लोगों ने शहर में अमन और शांति की दुआ की. इफ्तार के बाद नमाज-ए-मगरिब अदा की गई. एहसास के अहमद जाकी ने कहा नदीम अहसन सर को पूरा समाज याद करता है। इफ्तार के आयोजन मुख्य रूप से तनवीर अहसन, उमर खान, मो अजहर, शाहबाज बॉन्ड, परवेज खान समेत एहसास के पूरी टीम ने किया।

## सेनेटरी दुकान में चोरों ने ताला तोड़ उड़ाए चार लाख रुपए का सामान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू रानी कुदर के एक सेनेटरी दुकान में लगभग रु4 लाख की चोरी हुई है। घटना की जानकारी दुकानदार अखिलेश कुमार सिंह को तब हुई जब वह सोमवार की सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान खोल कर अंदर गए तो देखा सामान गायब है। अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि लगभग ?4 लाख कीमत का सामान चोर पार कर ले गए हैं। यही नहीं चोर दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर भी उठा ले गए हैं। घटना की सूचना कदमा थाना पुलिस को दी गई। कदमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

## राधानाम संकीर्तन में शामिल हुए राजकुमार सिंह, लिया आशीर्वाद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के आगुईडांगरा गांव स्थित



नवनिर्मित हरि चौपाल में शनिवार से जारी 24 प्रहर अखंड राधानाम संकीर्तन के दूसरे दिन रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह व जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार ने कमेटी के सदस्यों के साथ राधानाम का श्रवण करते हुए प्रसाद ग्रहण भी किया। उन्होंने बताया कि हरिनाम व राधानाम संकीर्तन का बहुत ही महत्व है इसलिए आमंत्रण मिलने से वे जरूर शामिल होने का प्रयास करते हैं। मौके पर ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, कमेटी के सदस्य खगेन महतो, निरंजन रजक, सुनील रजक, वीरेंद्र नाथ महतो, धृतराष्ट्र सिंह, तरणी रजक, हरेंद्र नाथ महतो, प्राणकृष्ट सिंह, हीरालाल महतो, कराली महतो, झंटू सिंह समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## नागपुरी कलाकार सपन मंडल का निधन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत



रतनपुर निवासी नागपुरी कलाकार सह गोलडेन डांस ग्रुप के प्रशिक्षक सपन मंडल का सोमवार को निधन हो गया। विगत कई दिनों से वे बीमार थे। सपन मंडल के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। विदित है कि सपन मंडल ने झॉलीवुड के स्टार स्वर्गीय बंटी सिंह के साथ नागपुरी फिल्म प्यार का सपना में एक अहम भूमिका निभाई थी। वे नृत्य की दुनिया में एक अलग पहचान बनाना चाहते थे। उन्होंने कई नागपुरी, बांग्ला, खोरठा आदि एल्बमों में भी काम किया था। अपने पीछे वे पत्नी समेत दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए।

## केपीएस के बच्चो ने सीखा आग से बचाव के उपाय

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अग्निशामक विभाग की



ओर से 14 मई से 20 मई 2023 तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के क्रम में सोमवार को गम्हरिया स्थित केरला पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चो को आग से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। इस मौके पर आग पर काबू पाने के लिए मॉक ड्रिल भी कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अग्निशामक विभाग के अधिकारियों के अलावा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, उप प्रधानाध्यापिका व सभी शिक्षकों व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## मिलन चौक के पास अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना में सोमवार को एक अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया। सिल्ली रांगामाटी सड़क पर मिलन चौक के पास से ट्रैक्टर द्वारा अवैध लकड़ी ले जाते हुए पुलिस गस्ती के क्रम में धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात को कुईडीह गांव से किसी रैयत के द्वारा ट्रैक्टर पर लकड़ी लेकर बंगाल की ओर जा रहा था,तभी पुलिस गस्ती द्वारा लकड़ी सहित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। मौके से चालक फरार हो गया। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि अवैध लकड़ी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

## बिष्टुपुर में अफेयर्स का एडमिशन फेयर आज से

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अफेयर्स का एडमिशन फेयर जमशेदपुर 18-19 अप्रैल, 2023 को अलकोर होटल, बिष्टुपुर में होगा। 12वीं कक्षा के छात्रों, स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों, माता-पिता तथा वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए पूरी तरह से खुला है और जो हायर एजुकेशन प्राप्त करने में रूचि रखते हैं। एडमिशन फेयर देश भर के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के हेड्स ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस और एडमिशन डायरेक्टर्स से सीधे बात कर सकते है। जिसमे कैंपस लाइफ, कोर्स ऑप्शन, फीस, एडमिशन प्रोसेस एवं एलिजिबिलिटी, स्कॉलरशिप ऑप्शन तथा और भी बहुत कुछ के बारे में एक्यूरेट, रिलायबल तथा अप- टू-डेट जानकारी हासिल कर सकते हैं। संजीव बोलिया, फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर ऑफ़ अफेयर्स एक्जीबिशन एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, %हम जमशेदपुर में इस एडमिशन फेयर को लाकर बेहद रोमांचित हैं। साथ ही हमारा उद्देश्य अपने तमाम छात्रों को भारतीय उच्च शिक्षा में हो रहे बदलावों के बारे में अपडेटेड रखना और उन्हें उनके भविष्य के बारे में इन्फोर्मड डिसिजन के के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। इस एडमिशन फेयर में भारत के प्रमुख विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को फीचर किया जाएगा जिसमे एमिटी यूनिवर्सिटी, आरवी यूनिवर्सिटी, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-रामपुरम, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, आचार्य, विनायक मिशन यूनिवर्सिटी, एनआईटीटीई यूनिवर्सिटी, एसआरएम यूनिवर्सिटी दिल्ली एनसीआर, आदमस यूनिवर्सिटी, दयानंद सागर इंस्टीट्यूशंस, सीएमआर यूनिवर्सिटी, ईस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, रमैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, पीएसजीआर कॉलेज फॉर वूमेन, गोपालन ग्रुप ऑफ कॉलेज जैसे और भी बहुत से कॉलेज शामिल होंगे। इसमें शामिल होने के लिए **www.admissions-fair.in/jamshedpur** पर पंजीकरण कर सकते है।

### एसपी व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

# अवैध बालू व पत्थर उठाव पर त्वरित कार्रवाई होगी : उपायुक्त

### वैध बालू घाटों के नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फॉर्स से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के साथ अपर उपायुक्त सुबोध कुमार,जिला खनन पदाधिकारी सत्नी कुमार, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का समीक्षा कर अवैध खनन, उठाव एवं परिवाहन मे संलिप्त लोगो पर नियम संगठन सुसंगत धाराओं के तहत करवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त नें जिले में संचालित स्टॉक यार्ड के बारे में जानकारी लेते हुए लीगल बालू घाटों के नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी नें बताया की जिले में कुल 9 लीगल बालू घाट नीलामी प्रक्रिया में है जो आगामी निविदा समिति के बैठक के उपरांत अग्रतर कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी सत्नी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की वित्तीय वर्ष माह 2022-2023 में अवैध बालू उठाव एवं परिचलन के खिलाफ कुल 52 एफआइआर दर्ज किए गए है जिनमे कुल वाहनो की संख्या 56 ट्रेक्टर, 39 हाइवा, 01 डम्फर, 7 (407) तथा 17 भंडारण स्थल 3 ईट भट्ठा पर पर करवाई की गई है। उन्होंने बताया की वित्तीय वर्ष में 20.39 लाख जुर्माना के रूप में वसूली की गई है। समीक्षा बैठक के दौरान अवैध खनन के विरुद्ध नियमित औचक निरीक्षण अभियान चलाने हेतु उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को चार पुलिस बल प्रदान करने के निदेश दिए वही चावलिबासा में चेक पोस्ट स्थापित कर नियमित जांच अभियान चलाने के निदेश दिए।

## युवा कांग्रेसियों ने किया यंग इंडिया का बोल सीजन 3 कार्यक्रम का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला-खरसावां जिला युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें यंग इंडिया का बोल प्रतियोगिता का विमोचन सरायकेला स्थित परिसदन में प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया सोय के द्वारा किया। मौके पर श्रीमती सोय नहीं कहा कि यह भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वाकांक्षी प्रतियोगिता है जिसके तहत आम एवं सामन्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया सोय,प्रदेश सचिव प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा,जिला अध्यक्ष मुकेश मूँदुईया,कोल्हान संयोजक सोशल मीडिया प्रकाश महतो,जिला उपाध्यक्ष रूईदास चाकी,पश्चिम सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष संदीप सत्नी देवगम,जिला महासचिव हीरालाल तियु,जिला महासचिव प्रदीप दत्ता,सरायकेला प्रखंड अध्यक्ष सचिन हेम्ब्रम,सूरज समद,किशन मूँदुईया आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने की स्कूल समय में परिवर्तन की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर भीषण गर्मी के मद्देनजर विद्यालय संचालन के समय मे परिवर्तन करने की मांग किया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि प्रारंभिक विद्यालयों के छोटे-छोटे एवं मासुम बच्चों को चिलचिलाती धूप एवं गर्म हवा के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए माह अप्रैल से जून माह तक दिवाकालीन विद्यालय (प्रातः 6:30 बजे से 11:30 बजे तक) संचालन की पुरानी परिपाटी रही है। किन्तु, वर्तमान में विद्यालयों का संचालन प्रातः सात बजे से अपराहन एक बजे तक किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन विद्यालयों का समय सारणी प्रातः 6:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता, जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह, महासचिव सुदामा मांझी, देवेंद्र साहू, बलराज हांसदा, सोमेन दास आदि शामिल थे।

## बांसतोला में होगा पुल का निर्माण, विधायक ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा पंचायत के पोकलाबेड़ा व बांसतोला गांव के बीच कन्याडूबा नाला पर 4 करोड़ 60 लाख रुपए से स्वीकृत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना का शिलान्यास जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़कर किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि के तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, मुखिया कानुराम बेसरा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी



पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक व अन्य

महतो, लवधन हांसदा, दीपक रंजीत, जितुलाल मुर्मू, कृष्णपद सिंह, सिजेन हेम्ब्रम, राजू कर्मकार, संजय सिंह, खेरवाल हांसदा, पद्मलोचन मुर्मू व सुजीत माहतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के कनीय अभियंता चंद्रशेखर दास ने बताया कि यहां पुल निर्माण के साथ-साथ दोनों छोर में गार्डवाल का निर्माण भी होगा। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य का टेंडर राय कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। विधायक ने बताया कि यहां सड़क निर्माण के साथ छोटा पुल का निर्माण हुआ था जो बरसात के समय धंस जाने की वजह से इस रास्ते से खासकर बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता था। पिछले कई सालों से बंद पड़ा था। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने पुल का निर्माण हेतु अनुशंसा की थी। अब इसके निर्माण से लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने व ससमय पूरा का निर्देश दिया है।

## सरायकेला जिले में मिले दो कोरोना संक्रमित मरीज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले में दो नए कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। दोनों संक्रमित गम्हरिया प्रखंड से हैं, जिसमें एक महिला स्वास्थ्यकर्मी है। लंबे समय बाद जिले में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित गति से दोनों संक्रमित मरीजों को घर मे ही आइसोलेट कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ0 विजय कुमार ने बताया कि दोनों संक्रमित मरीज स्वंय जांच कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र आए थे। उन्हें सर्दी एवं बुखार का लक्षण पहले से ही था। उन्होंने बताया कि जांचोपरांत दोनों मरीजों को घर पर ही रहने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उन पर नजर रखे हुए हैं।

## मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का उप विकास आयुक्त ने किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई नें मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्य प्रन्कती का समीक्षा किया। अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक मे सभी डीपीएम जेएसएलपीस शैलेन्द्र जारिका, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी बीपीओ सभी ब्लॉक कोडनेटर एवं अन्य उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का बिंदुवार समीक्षा किया। पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन, पीसीबी खेल के मैदान योजना, विरसा हरित ग्राम योजना, आधार सिडिंग, रिजेसकन स्कीम, आंगनवाड़ी निर्माण इत्यादि के कार्य प्रगति का समीक्षा कर लंबित योजनाओं में सुधरामक प्रगति लाने के निदेश दिए। पीडी जैनरेशन में प्रगति लाने, प्रत्येक पंचायत में 5 से अधिक योजनाओं का चयन कर मानव सृजन में प्रगति लाने, आंगनबाड़ी निर्माण कार्य अंतर्गत लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण निर्माण कार्य को पोर्टल पर क्लोज करने के निर्देश दिए वही आधार सीडिंग, डोभा निरमंड के लैमित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ईद उल फितर के मद्देनजर नीमडीह थाना में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के नीमडीह थाना परिसर में थाना प्रभारी मोहम्मद तंजील खान के अध्यक्षता ईद उल फितर के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने का अपील किया। नीमडीह के प्रमुख फुलमनी हांसदा ने कहा कि यह क्षेत्र शांतिपूर्ण है और उम्मीद है आगे भी रहेगी। इस अवसर पर नीमडीह के अंचल अधिकारी संजय कुमार पांडे, उप प्रमुख शेफाली महतो, मुखिया सुभाष सिंह, बलराम महतो, श्यामल पांडे आदि उपस्थित थे।

## सीएम आवास घेराव में जा रहें छात्र संगठनों को रोका गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चौक चौराहों पर दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो व पुलिस बल द्वारा छात्र संगठनों को रांची जाने के दौरान रोका गया। विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा आहूत रांची में सीएम आवास घेराव को विफल करने के प्रशासन द्वारा छात्रों को एकत्रित होने से रोका गया। हालांकि छात्र संगठनों के कार्यकर्ता प्रशासन की तैयारी को धत्ता बताते हुए छुपते छुपाते अपनी मंजिल के लिए चल पड़े । वहीं दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी के देखरेख में रांची जा रहे बसों व निजी वाहनों का तलाशी लिया गया। अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने बताया कि छात्र संगठनों द्वारा सीएम



आवास घेराव, मशाल जुलूस व झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। जिससे उपायुक्त के निर्देश पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु मिलन चौक सहित तमाम चौक चौराहों पर वाहन तलाशी लिया जा रहा है।

## प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल कार्यालय के समीप ग्रामीणों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की गई। मौके पर स्थित समाजसेवी खगेन महतो ने कहा आज क्षेत्र की स्थिति ऐसी हो चुकी है प्रदूषण से लोगों का जीवन यापन त्रस्त हो चुका है। कंपनियों के काले धुएं से सब्जियां खराब हो रही है। कहा आज हम सभी अनुमंडलवासी पदाधिकारी से अनुरोध करते हैं जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए



अन्यथा रोज रोज यहां के आम नागरिकों के जिंदगी से खेलने वालों की खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर रसुनिया पंचायत के मुखिया मंगल माझी,घोड़ानेगी पंचायत के मुखिया बादल उरांव ,उप मुखिया देवी महतो ,संतोष सिंह, बुधेस्वर महतो, समीर महतो,करम महतो , प्रकाश उरांव ,खिरोध माझी,एवं सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीण व शहरी इलाकों में दोबारा लगेगा दिव्यांगता शिविर, डीसी ने जारी किए आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम करेगी दिव्यांगों की जांच, जारी होगा प्रमाण पत्र

### 20 अप्रैल से 22 मई तक आयोजित होगा शिविर, पेंशन स्वीकृति व पेंशन संबंधी अन्य समस्याओं का भी होगा निराकरण

**जमशेदपुर :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सभी प्रखण्ड एवं शहरी क्षेत्र में दिव्यांगता शिविर का आयोजन एक बार फिर से किया जाएगा। 20 अप्रैल से 22 मई तक पूर्वाह्न 10:30 से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित होने जा रहे इस शिविर में दिव्यांगता जांच के अलावा योग्य लाभुकों का शत् प्रतिशत पेंशन स्वीकृति (मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना एवं एचआईवी / एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन), स्वीकृत पेंशनधारियों का जिन्हें किसी कारणवश पेंशन भुगतान नहीं हो पा रहा है, का त्रुटि निराकरण से संबंधित आवेदनों का जांचोपरान्त नियमानुसार निष्पादन भी शिविर में किया जायेगा। स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना से आच्छादित करने हेतु पेंशन फॉर्म भी शिविर में भरा जायेगा।

**शिविर में निम्नांकित विशेषज्ञ चिकित्सकों की होगी प्रतिनियुक्ति :** हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, नेत्ररोग विशेषज्ञ, ऑडियोलॉजिस्ट, क्लीनिकल साईक्लोजिस्ट । उपायुक्त द्वारा दिव्यांगता शिविर के सफल आयोजन हेतु सिविल सर्जन एवं अधीक्षक, एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को प्रस्तावित दिव्यांगता शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया है।

**दिव्यांगता शिविर की तिथि एवं स्थान निम्नवत है-** 1. 20.04.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटमदा, 2. 21.04.2023- लोहिया भवन, बागबेड़ा 3. 24.04.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोटका 4. 26.04.2023- मानगो नगर निगम, शहरी स्वास्थ्य केन्द्र 5. 28.04.2023- अनुमण्डल स्वास्थ्य केन्द्र, घाटशिला 6. 29.04.2023- सामुदायिक भवन, धातकीडीह 7. 02.05.2023- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बोड़ाम 8. 03.05.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुगसलाई 9. 04.05.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुसाबनी 10. 08.05.2023- शहरी स्वास्थ्य केन्द्र भवन, बिरसानगर 11. 09.05.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डुमरिया 12. 10.05.2023- सोनारी कागल नगर, सामुदायिक भवन 13. 11.05.2023- पंचायत भवन, सिंहपुरा (गुड़ाबान्दा प्रखण्ड) 14. 13.05.2023- सामुदायिक भवन, पारडीह 15. 15.05.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बहरागोड़ा 16. 17.05.2023- शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, भालुबासा 17. 18.05.2023- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चाकुलिया 18. 20.05.2023- शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, राम जनम नगर, कदमा19. 22.05.2023 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धालभूमगढ़ ।

## स्कूल परिसर में लगी आग, दमकल से बुझाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद परिसर में देर रात को किसी अज्ञात द्वारा आग लगा दिया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण स्कूल परिसर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलवल के साथ पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में दमकल पहुंचा और आग पर काबू पाया गया।

## संपादकीय

# मिट्टी में मिलता माफिया

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा में हुंकार हमें आज भी याद है, जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उप्र से भाग जाएगा। आज अतीक अहमद की नियति यही लग रही है। अतीक लोकसभा सांसद और कई बार विधायक चुने गए। ऐसे शख्स को माफिया करार देना अजीब लगता है, लेकिन उसका असली चरित्र माफिया का ही रहा है। उसकी कड़ी में मुख्तार अंसारी भी हैं। कुछ और भी होंगे, लेकिन जिस तरह उप्र की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुठभेड़ में अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम को ढेर किया है, अतीक जेल की सलाखों के पीछे रह-रह कर रो रहा है, कुनबे की बर्बादी के लिए खुद को कसूरवार मान रहा है, उससे साफ है कि उप्र में 'बाबा की सरकार' माफिया को मिट्टी में मिला कर ही दम लेगी! असद-गुलाम पर 5-5 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े, सरेआम हत्या के संदर्भ में वे वांछित थे। उमेश बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के इकलौते चश्मदीद गवाह थे। अब असद की मां शाइस्ता परवीन पर भी शक की सुई केंद्रित है। अभी तक वह फरार रही है। यदि असद के जनाजे में वह आई, तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें जमींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है? असद और गुलाम करीब 49 दिनों तक पुलिस और खुफिया टीम की आंखों में धूल झोंकते रहे, लेकिन नियति मुठभेड़ की तय थी। अतीक ने मात्र 17 साल की उम्र में ही अपराध को कबूल कर लिया था। जब उसे माफिया माना गया, तो सरकार के बड़े अधिकारी, पुलिसवाले और यहां तक कि नेता भी खौफ खाते थे। उसके आतंक से आतंकित थे। माफिया को 'शेर' मानने की भी गलतफहमियां जारी रहीं, लेकिन आज उसका साम्राज्य वाकई 'मिट्टी' हो चुका है। अब इस माफिया के मिट्टीकरण पर सियासत भी शुरू हो गई है। अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी 'मुस्लिमवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए।

अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें जमींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे।

## कुछ अलग

# स्थानांतरण का जखीरा

**ट्रांसफर** के चक्रव्यूह को तोडक़र सामने आए एक अदालती फैसले ने बता दिया है कि ऐसी अर्जियों के कान कैसे पकड़े जा सकते हैं। हाई कोर्ट ने अपनी तरह के सख्त निर्णय में न केवल ट्रांसफर की फाइल को बेनकाब किया है, बल्कि इसकी मुख्य भूमिका में आए बिजली बोर्ड के दो सहायक अभियंताओं को समझा दिया है कि सरकारी सेवा में दायित्व का निर्वहन किस तरह संभव है। स्थानांतरण कोई ऐसा अधिकार या राजनीतिक प्रभाव नहीं कि कोई भी सरकारी नौकर एक ही शहर में तीन दशक गुजार दे, लेकिन शिमला की आबोहवा तथा राजधानी ने ऐसी संस्कृति पैदा कर दी है कि यहां लोग एक ही दायरे में घूम रहे हैं या कुर्सियों से चस्पां हैं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान तथा न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने चार किलोमीटर दूर हुए स्थानांतरण के खिलाफ आई याचिका पर ऐतिहासिक निर्णय दिया है। शिमला की परिधि में पिछले तीस दशकों से खुद को चिपकाने में माहिर ये अधिकारी, अंततः अदालत के आदेश से किन्नौर और लाहुल भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके कि यह निर्णय कड़े संदेश लेकर तमाम ट्रांसफरों की फेहरिस्त में सवाल पैदा कर रहा है, प्रदेश ने आजतक ऐसी क्रियाविधि नहीं अपनाई ताकि पूरी पारदर्शिता से सरकारी ढांचे में लोग काम कर सकें। स्थानांतरण का जखीरा सरकारी कार्यसंस्कृति पर इस कद्र हावी है कि सरकारें तो बदल जाती हैं, लेकिन नौकरी के झुंड में कर्मचारियों की सत्ता बरकरार रहती है। आज तक किसी भी सरकार ने स्थानांतरण जैसे विषय पर स्पष्टता से न तो कुछ कहा और न ही नीति-नियम निधार्रित किए। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आई वर्तमान सुक्खू सरकार से ऐसी आशा है कि प्रदेश भर में ट्रांसफर के मेले रुकेंगे तथा इनकी निरंतरता में केवल विभागीय आवश्यकताएं तथा संदर्भ ही निर्णायक हो पाएंगे। सुक्खू सरकार ने अभी तक ऐसा संकेत नहीं दिया है कि स्थानांतरण प्रक्रिया में इसके पूर्वाग्रह हैं, बल्कि पिछली सरकार के कर्मचारी, अधिकारी व नौकरशाह ही अहम पदों पर बरकरार हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे विभागों में स्थानांतरण पर कुछ आरंभिक निर्देश आए हैं, जिनसे कार्यसंस्कृति को सुकून से दायित्व निर्वहन में आत्मबल मिल रहा है, फिर भी एक व्यापक, सक्षम व व्यावहारिक स्थानांतरण नीति के तहत नियम सामने आने चाहिएं। माननीय अदालत ने अपने सामने आए एक मामले को जरूर अंजाम तक पहुंचाया है, लेकिन ट्रांसफर के अधिकांश मामलों में केवल एक स्थायी परिक्रमा जारी है। ट्रांसफर एक कवर की तरह कई लोगों के मंतव्य को बचा रहा है। यहां कृत्रिम तौर पर श्रृंखलाएं बनाई जा रही हैं और जहां गणित के किसी फार्मूले की तरह विभिन्न पदों की म्यूजिकल रेस, आपसी समझौते के तहत पूर्ण होती है। जाहिर है सत्ता के केंद्र में सर्वप्रथम शिमला के इर्द-गिर्द ट्रांसफर पैटर्न को समझें तो मालूम होगा कि कितने लोगों को पांगी, भरमौर, सिरमौर, शिलाई, डोडरा-क्वार, काजा या किन्नौर में होना चाहिए। स्थानांतरण को जवाबदेही, परफार्मेंस और कार्य दक्षता के हिसाब से जोडऩा होगा, जबकि इसका मूल प्रारूप घर से दूरी तथा कार्य क्षेत्र की सहूलियतों से जुडऩा चाहिए। मसलन स्थानांतरण की न्यूनतम निकटता कम से कम बीस किलोमीटर होनी चाहिए और इसी के हिसाब से भत्तों का भुगतान होना चाहिए। केवल शिमला में ही राजधानी भत्ता क्यों। हर उस व्यक्ति को ऐसा विशेष भत्ता उसके घर से पचास, सौ किलोमीटर या इससे अधिक दूरी पर नौकरी करने के हिसाब से दिया जाए, तो अधिकांश स्थानांतरण वर्जित लोगों की जेब कटेगी। प्रदेश में स्थानांतरण के विशेषाधिकार पर कब्जा किए राज्य सचिवालय की कार्यसंस्कृति की दुरुस्ती भी इस लिहाज से आवश्यक है। एक तो सचिवालय में स्थापित लोग पूरे प्रदेश से अनभिज्ञ रहते हैं, दूसरे इन्हीं के कक्ष में स्थानांतरण प्रक्रिया की कुंजी रहती है।

## भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया

# सबसे बड़ा सवाल- राजस्थान में इस बार के विधानसभा चुनाव में राज बदलेगा या रिवाज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों- अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है।

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों- अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वहीं इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी।



अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनियां पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुन राम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव हैं। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने की चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुदीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके। कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी हैं। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों- अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वहीं सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

# इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार

इतिहास का अर्थ है-ऐसा ही हुआ था। भारतीय जीवन दृष्टि में इतिहास कभी बूढ़ा नहीं होता। यह अजर अमर आख्यान है। इतिहास के वृक्ष पर नित नया वसंत खिलता रहता है। सूर्य उगते हैं। प्रतिपल नया सूर्योदय होता है। इसके पहले ऊषा आती है। बार-बार आती है। मधु मास आते हैं। नए फूल फल उगते हैं। ऋतुएं नया रंग रूप लेती हैं। मनुष्य और प्रकृति की प्रीति चलती रहती है। संघर्ष भी चलते हैं। मनुष्य मनुष्य से परस्पर लड़ते हैं। हिंसा होती है। मनुष्यता पश्चाताप में होती है। इतिहास के अंत :करण में ऐसी सारी घटनाएं संकलित रहती हैं। भारतीय इतिहास की शुरुआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10 .72 .2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत से सत का उद्भव हुआ।ऱ सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था।

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं की पुस्तकों में कतिपय संशोधन किए गए हैं। इन पुस्तकों में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम बनाए जाते हैं। विषय विशेषज्ञों की समिति विचार करती है। अन्य विषय की पुस्तकों में भी संशोधन हुए हैं। लेकिन इतिहास की पुस्तकों में हुए कतिपय संशोधनों को लेकर बहस चल रही है। अध्ययन की दृष्टि से इतिहास, संस्कृति और दर्शन महत्वपूर्ण विषय माने जाते हैं। इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार है। भारत में इतिहास संकलन की विशेष परंपरा रही है। यूरोपीय तर्ज के इतिहास में राजाओं और सामंतों के संघर्षों का वर्णन ज्यादा होता है। भारतीय इतिहास में संस्कृति का विवरण महत्वपूर्ण होता है। इतिहास सर्वोच्च मार्गदर्शी होता है। सृष्टि के उदय से लेकर अब तक का विवरण इतिहास है। इतिहास का अर्थ है-ऐसा ही हुआ था। भारतीय जीवन दृष्टि में इतिहास कभी बूढ़ा नहीं होता। यह अजर अमर आख्यान है। इतिहास के वृक्ष पर नित नया वसंत खिलता रहता है। सूर्य उगते हैं। प्रतिपल नया सूर्योदय होता है। इसके पहले ऊषा आती है। बार-बार आती है। मधु मास आते हैं। नए फूल फल उगते हैं। ऋतुएं नया रंग रूप लेती हैं। मनुष्य और प्रकृति की प्रीति चलती रहती है। संघर्ष भी चलते हैं। मनुष्य मनुष्य से परस्पर लड़ते हैं। हिंसा होती है। मनुष्यता पश्चाताप में होती है। इतिहास के अंतःकरण में ऐसी सारी घटनाएं संकलित रहती हैं। भारतीय इतिहास की शुरुआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत्‌ से सत्‌ का उद्भव हुआ। सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था। सृष्टि सृजन के शुरुआत के साथ गति हुई और गति से समय का जन्म हुआ। ऋग्वेद के ऋषि इसके भी पहले का वर्णन करते हैं, 'तब न सत्‌ था न असत्‌ था। भू, आकाश आदि भी नहीं थे। न दिन था न रात्रि। वायु भी नहीं थी।' यह भारतीय दृष्टि का इतिहास है। असिमोव ने वर्ल्ड क्रोनोलॉजी में बताया है कि अग्नि की खोज मानव जीवन की महत्वपूर्ण घटना है। ऋग्वैदिक ऋषि अग्नि की खोज का श्रेय भारतीय पूर्वजों को देते हैं। कहते हैं, 'मनु ने मानवता के हित में अग्नि की स्थापना की। (1.36.19) मनु के बारे में कहते हैं, 'वह हम सब के पिता हैं।' भारत में इतिहास की ज्ञान उपासना प्राचीन है। इस इतिहास में अतीत के तथ्य काव्य रूप में हमारे सामने आते हैं। यह शैली लोकमंगल से जुड़ी प्रकृति की शक्तियों को देवता रूप देती हैं। लेकिन इतिहास के प्रति सजगता बनी रहती है। एक सुन्दर सूक्त (10.14.15) में कहते हैं, 'इदं नमः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृष्टभ्यः, ऋषिभ्यः - पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों को नमस्कार है। मार्गदर्शक ऋषियों को नमस्कार है।' पूर्वज पूर्वकाल में हुए थे और पूर्व काल का विवरण इतिहास है। अथर्ववेद के पन्द्रहवें अध्याय में अथर्वा ने व्रात्य नाम के देवता का विवरण दिया है। वेदों में व्रात्य शब्द का अर्थ उच्चतर आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह विवरण इतिहास दृष्टि का सुन्दर उदाहरण है, 'व्रात्य ने उच्चतर स्थिति प्राप्त होते ही ब्रह्मा का मार्गदर्शन प्राप्त किया। ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की।' ऋषि व्रात्य की यात्रा का सुन्दर वर्णन करते हैं। सूक्त 6 में कहते हैं, 'उसने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। भूमि, अग्नि औषधियां, वनस्पतियां उसके अनुकूल हो गईं। जो यह तथ्य जानते हैं वह उक्त सभी तत्वों को अपने अनुकूल कर लेते हैं।' यहां समस्त भौतिक जगत को अपने अनुकूल करने की प्रेरणा है। कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं। अथर्ववेद में इतिहास का यह उल्लेख ध्यान देने योग्य है। यहां इतिहास भी परिश्रमी व्यक्ति के साथ चलता हुआ बताया गया है। हिन्दुओं पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप पुराना है। अलबेरुनी का आरोप था कि 'हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के कालक्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।' निस्संदेह भारत में युद्धों आदि के विवरण का संकलन कालक्रमानुसार नहीं किया गया। वस्तुतः भारतीय इतिहासवेत्ताओं और पुराणकारों की दृष्टि भविष्य की ओर थी। हिन्दुओं ने इतिहास से प्रेरक और अनुकरणीय पात्रों को महत्व दिया है। वैदिक ऋषियों और पुराणकारों ने प्रेय और श्रेय को मंत्र बनाया। काव्य की तरह गाया। लोकस्मृति आखिरकार है क्या? वस्तुतः यह इतिहास का ही स्वर्ण कोष है। श्रीराम भी राजा हैं। भारतीय इतिहास में ढेर सारे राजा हुए। लेकिन राजा रामचंद्र भारत की श्रुति में, गीत में, परस्पर बतरस में गांव-गली तक चर्चा पाते हैं। श्रीकृष्ण भी ऐतिहासिक नायक हैं। राम राज्य विश्व का आदर्श राज्य है। इतिहास के लाडले राजा हरिश्चंद्र भी महत्वपूर्ण नायक हैं। देश के प्रत्येक गांव-घर में हरिश्चंद्र नाम के हजारों लोग मिलते हैं। सवा अरब की जनसंख्या में ज्यादातर नाम राम, कृष्ण, हरिश्चंद्र जुड़े हुए हैं। राम प्रसाद, राम नाइक, राम भरोसे, राम बहादुर जैसे नाम इतिहास में हैं। और आधुनिक भारत में भी गांव गली तक चर्चित हैं। प्राचीन भारत में इतिहास का नाम 'पुरावृत्त' था। यह अमरकोश में सुरक्षित है। उत्तर वैदिक काल की छान्दोग्य उपनिषद में नारद ने सनत्कुमार को बताया था कि मैंने इतिहास और पुराण पढ़े हैं। कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि विश्वामित्र ने राम को पुरावृत्त सुनाया था। भवभूति और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। महाभारत भी इतिहास है। इस इतिहास में यक्ष प्रश्न हैं। ऋग्वेद इस इतिहास का प्राचीनतम विवरण है। इस इतिहास में ऋग्वेद है और ऋग्वेद में इतिहास है। सुदास वैदिक इतिहास के राजा हैं। दस राजाओं से सुदास का युद्ध हुआ था। यह बड़ा युद्ध था। (7.83.7) यह हजारों वर्ष प्राचीन इतिहास है। गीता के चौथे अध्याय के पहले व दूसरे श्लोक में इतिहासबोध है, 'हे अर्जुन यह योग पहले विवस्वान को दिया था। उन्होंने मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को। इतिहास की इसी परंपरा में राजऋषियों ने इस ज्ञान का प्रवाह बनाए रखा लेकिन दीर्घकाल में यह ज्ञान नष्ट हो गया। कृष्ण ने कहा वही ज्ञान मैं तुमको बता रहा हूं।' ऋग्वेद से लेकर महाभारत पुराणकाल तक का इतिहास प्राचीन ग्रंथों में सुरक्षित है। इससे भी ज्यादा वह भारत की लोक स्मृति में गांव-गली तक फैला हुआ है। इसके बाद मध्यकाल में मुगल सत्ता व आधुनिक काल में ब्रिटिश सत्ता है। इस इतिहास का विरूपण हुआ है। निष्पक्ष ही इतिहास आधुनिक पीढ़ी को जिज्ञासु विज्ञानी बनाएगा।

## देश दुनीया से

# कट्टर ईमानदार नेताओं की कलई खुलने से जनता के विश्वास को बड़ा धक्का पहुँचा है

**जन** लोकपाल के लिए हुए आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी से देश को बड़ी उम्मीदें थीं इसलिए देश की राजनीति को बदलने का वादा करने वाले अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने पहले चुनावी मुकाबले में ही सत्ता तक पहुँचा दिया। लेकिन सत्ता मिलते ही केजरीवाल राजनीति को बदलने का उद्देश्य भूल गये और खुद को ही बदल डाला। अन्ना हजारे ने जिस लोकपाल की बात कही थी वह लोकपाल नहीं बनाया, केजरीवाल ने कहा था कि सरकारी सुरक्षा, सरकारी बंगला और गाड़ी नहीं लूंगा लेकिन वह सब भी लिया। केजरीवाल ने कहा था कि हम कट्टर ईमानदारी का परिचय देंगे लेकिन आम आदमी पार्टी ने झाड़ू को किनारे रख कर भ्रष्टाचार रूपी गंदगी को फैलाना शुरू कर दिया। केजरीवाल की सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया शराब घोटाला मामले में जेल गये, स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को मनी लॉनड्रिंग मामले में जेल में बंद हुए लगभग साल भर होने वाला है। इससे पहले केजरीवाल की सरकार में मंत्री रहे संदीप कुमार का सेक्स स्कैंडल सामने आने पर उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उससे पहले केजरीवाल सरकार में गृह मंत्री रहे जितेंद्र तोमर को फर्जी डिग्री विवाद में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। इसके अलावा केजरीवाल की सरकार में खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे असीम अहमद खान को रिश्वत मामला सामने आने पर मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। हाल ही में केजरीवाल सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र पाल गौतम को भी हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ विवादित बयान के चलते मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। अब खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। इस प्रकार यह आम आदमी पार्टी के सिर्फ दिल्ली के कट्टर ईमानदार नेताओं की एक छोटी-सी तस्वीर है। राष्ट्रीय स्तर पर यह तस्वीर और व्यापक है। चूंकि आम आदमी पार्टी के नेता आजकल अपनी शैक्षिक योग्यता बता रहे हैं इसलिए उनसे पूछा जाना चाहिए कि यह कैसी पढ़ाई लिखाई है कि अरविंद केजरीवाल अर्थव्यवस्था के हालात सुधारने के लिए नोटों पर भगवान की तस्वीर छापने की सलाह देते हैं। यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि केजरीवाल घोटालों के आरोपों का सामना कर रहे लालू यादव से हाथ मिलाते हैं और उनके बेटे तेजस्वी यादव के साथ गठबंधन पर बात करते हैं? यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि केजरीवाल आज उन नेताओं का समर्थन मिलने से गद्गद् होते हैं जिन पर कभी वह महाभ्रष्टाचारी होने के आरोप लगाया करते थे? यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि हर चुनाव के समय आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर टिकट बेचने के आरोप उनके अपने ही कार्यकर्ता लगाते हैं? साथ ही यह कैसी समाजसेवा है कि राजनीति में प्रवेश के समय आप शराब की दुकानों पर प्रतिबंध की बात करते हैं और सत्ता मिलते ही गली गली में शराब की दुकानें खुलवा देते हैं और दारू की एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देने लगते हैं? केजरीवाल और उन जैसे तमाम नेता जो केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं उन्हें समझना चाहिए कि कोई भी एजेंसी सजा तो देती नहीं है। एजेंसी पूछताछ के दौरान हासिल किये गये तथ्यों से न्यायालय को अवगत करायेगी और यदि न्यायालय संतुष्ट हुआ तभी आगे की विधिक कार्रवाई होगी। इसलिए अनर्गल आरोप-प्रत्यरोप से बचना चाहिए और एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिए।

अन्ना हजारे ने जिस लोकपाल की बात कही थी वह लोकपाल नहीं बनाया, केजरीवाल ने कहा था कि सरकारी सुरक्षा, सरकारी बंगला और गाड़ी नहीं लूंगा लेकिन वह सब भी लिया। केजरीवाल ने कहा था कि हम कट्टर ईमानदारी का परिचय देंगे लेकिन आम आदमी पार्टी ने झाड़ू को किनारे रख कर भ्रष्टाचार रूपी गंदगी को फैलाना शुरू कर दिया। केजरीवाल की सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया शराब घोटाला मामले में जेल गये, स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को मनी लॉनड्रिंग मामले में जेल में बंद हुए लगभग साल भर होने वाला है। इससे पहले केजरीवाल की सरकार में मंत्री रहे संदीप कुमार का सेक्स स्कैंडल सामने आने पर उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उससे पहले केजरीवाल सरकार में गृह मंत्री रहे जितेंद्र तोमर को फर्जी डिग्री विवाद में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। इसके अलावा केजरीवाल की सरकार में खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे असीम अहमद खान को रिश्वत मामला सामने आने पर मंत्री पद छोड़ना पड़ा था।

## नागरिक बोध

# आप कोई पढ़ाई किसी पर जबरन न लादिए

**सभापति** महोदय, देश के मशहूर सांसद सोमनाथ चटर्जी द्वारा प्रस्तुत नियम 193 के आधीन शिक्षा के भगवाकरण पर माननीय सदस्य बहस कर रहे हैं।... इस पर मैं भी कुछ बोलना चाहता हूं। शिक्षा का भगवाकरण, मतलब शिक्षा में सांप्रदायिकता को लाने का काम 1995 से हो रहा है। सन 1998 में देश भर के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ, उसमें आरएसएस के संगठन विद्या भारती द्वारा एक नोट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कहा गया था कि संविधान में अल्पसंख्यक और भाषायी अल्पसंख्यक लोगों को अनुच्छेद 29 और 30 के अंदर जो संरक्षण और प्रोत्साहन दिया गया है, उसमें संशोधन करके अल्पसंख्यक के बदले नागरिक लिख दिया जाए। यह साजिश हो रही है कि संविधान में संशोधन कर दिया जाए। ...हाल ही में नौ राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने दिल्ली में आकर 'रेजोल्यूशन' दिया है कि जो नया पाठ्यक्रम जोड़ने की बात है, उसमें जो सांप्रदायिक तत्व नैतिक शिक्षा के नाम पर लाए जा रहे हैं, उसे वापस लिया जाए, नहीं तो वे विरोध करेंगे। क्यों नहीं राज्य सरकारों से परामर्श किया गया? ...एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में जो संशोधन करने की बात हो रही है, उसके लिए राज्य सरकारों से राय क्यों नहीं ली गई, उसके क्या कारण हैं? ...आप में यह हिम्मत नहीं है कि आप कहें कि शिक्षा का हम भगवाकरण करेंगे। पंचतंत्र, हितोपदेश, संस्कृत भाषा, गीता, वेद और पुराण सबका जिक्र सदन में हो रहा है। पंचतंत्र में एक बड़ी मजेदार कहानी है कि एक विशाल वृक्ष पर एक जरदगव नाम का बूढ़ा गिद्धराज रहता था और उस पेड़ पर विभिन्न प्रकार के पक्षी निवास करते थे। उस पेड़ पर दीर्घकरण नाम का एक बिलाव आया और बोला कि हम एकादशी का व्रत किए हुए हैं और निरामिष हो गए हैं, हमने मांस खाना छोड़ दिया है...। पक्षियों ने उसे वहां रहने दिया, लेकिन जब पक्षी बाहर चले जाते, तो वह उनके बच्चे खा जाता।

## संक्षिप्त खबरे

### अपाची मोटरसाइकिल हुआ दुर्घटना ग्रस्त युवक सुरक्षित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत गांगपुर बाय के नजदीक सोमवार को दोपहर मे मचेनिया नामक जगह मोड़ मे एक (अपाची) मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे मोटरसाइकिल में सवार दो लोग घायल हो गए। इन्हे हाथ पैर मे हलकी चोट आई है। राहगीरों ने दोनों घायलों को उठाया। इसके बाद दोनों उसी मोटरसाइकिल से हजारीबाग चले गए। दोनों युवक रांची के रहने वाले बताए जाते हैं।

# उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण, अंचल व अवैध उत्खनन के रोकथाम के दिशा में किए जा रहे कार्यों का किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण,अंचल समीक्षा, नीलाम पत्र, निबंधन, अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में अवैध उत्खनन सहित अन्य सभी संबंधित मामले जो कि मुख्यतः पिछले बैठक की कार्यवाही में उपायुक्त द्वारा दिए गए विभिन्न निर्देश थे, उन निर्देशों के प्रति किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन की क्रमवार समीक्षा की गई। पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों में मुख्यतः ट्रेंच कटिंग, फेंसिंग, डोजरिंग, किये गए सभी निरीक्षण के प्रतिवेदन, निकासी मार्ग पर लगे सीसीटीवी के डीवीआर रिकॉर्ड, अवैध उठाव सहित अन्य मुद्दे शामिल थे। समीक्षा के उपरांत उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन को रोकने का कार्य निरंतर किया जाना




है जिसके तहत सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त मामलों का स्वतः संज्ञान लेकर बगैर ट्रांसपोर्टेशन चालान के ढुलाई करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कारवाई किया जाए। अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सकसेशन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आदिम जनजाति परिवार के बीच पोषाहार का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी के द्वारा सोमवार को छेचा पंचायत सचिवालय में पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आदिम जनजाति बहुल गांव के गर्भवती महिलाओं के साथ किशोरियों के बीच पोषाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के मुखिया आशा देवी पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी वार्ड पार्षद रूपाली सिंह ने शिरकत की। संस्था के ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि आदिम जनजाति बहुल गांव में कुपोषण के मामले लगातार मिलते रहते हैं और इसी समस्या को देखते हुए गर्भवती महिलाओं के साथ किशोरियों के बीच संस्था के माध्यम से पोषाहार वितरण



कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लगभग 40 गर्भवती और किशोरियों का चयन किया गया है। वही जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने संस्था के इस कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की और कहा कि हमारे क्षेत्र आदिवासी और आदिम जनजाति बहुल है जहां जागरूकता की कमी के कारण हमारे क्षेत्र की महिलाएं कुपोषण का शिकार होती है और ऐसी स्थिति में हमारे समाज को नुकसान पहुंचता है इस लिहाज से संस्था के माध्यम से आदिम जनजाति परिवारों को जागरूक करने के साथ उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराना काबिले तारीफ है। मौके पर रोबट डोडराय, सुमन कुजूर, सिलवंती देवी, मुन्ना सिंह मुस्लिम खाँ समेत काफी सख्या में आदिम जनजाति परिवार की महिलाएं और किशोरी मौजूद रहे।

# भूसुर के ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन अतिक्रमण नहीं हटाने का किया अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम भूसुर के सैकड़ों महिला पुरुष, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पहुंच ग्रामीणों ने अतिक्रमण नहीं हटाने को लेकर सोमवार को लातेहार अंचलाधिकारी को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से घ्यानाकृष्ट किया है दिए गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम-भूसुर, थाना संख्या-268. खाता संख्या - 111 प्लॉट संख्या - 427, 426, 429, 430, 481, 432, एवं 433 रकबा 26.01.50 को अविलम्ब अतिक्रमण हटाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।हम ग्रामीनों के द्वारा उक्त जमीन पर पीढ़ी दर पीढ़ी से खेती-बारी किया जा रहा है,उस जमीन के अलावा हमलोगों के पास कोई जमीन नहीं है। अगर उक्त जमीन से अतिक्रमण हटाया गया तो हम सभी ग्रामीण बेघर हो जाएंगे एवं हमलोगों के समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायगी। ग्रामीणों ने सरकार से अपील किया है कि उक्त



जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया जाय ताकि हमसभी गरीब किसान परिवार उक्त जमीन पर खेती-बारी करते हुए जीवन-यापन व्यतीत कर सकें। इधर राजद के छात्र नेता सुशील यादव ने कहा कि अंचल कार्यालय से भूषुर गांव के ग्रामीणों को जो नोटिस दिया गया है। उसके आलोक में काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर आवेदन देकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि जो जमीन है उसी पर ग्रामीण पीढ़ी दर पीढ़ी खेती बारी कर अपना जिवकोपर्जन करते आ रहे है। उन्होंने उक्त ग्रामीणों की जमीन अतिक्रमण नहीं करने की अपील की है।आवेदन में निम्नलिखित ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है। 1.महेन्द्र यादव,2.सुरेन्द्र यादव, 3.आशा देवी 4.रामकिशुन लोहार,5.धाना उरांव 6.शान्ति देवी 7.अजय सिंह 8.मुकेश सिंह 9 पुष्पा कुंवर 10. परमानन्द सिंह 11.योगेन्द्र सिंह 12.बालेश्वर सिंह,13.धनेश्वर सिंह 14.सोनल 15.प्रमोद सिंह,16. गजेन्द्र यादव,17. जितेन्द्र सिंह 18. कामेश्वर सिंह,19.अरूण सिंह 20. हेमन्त सिंह 21.रविन्द्र उराँव 22.धनदेव उराँव, सहीत 200 सौ से अधिक महिला, पुरुष ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

# पंचायत समीति ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसिखाप में सोमवार के दिन पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव उर्फ ठेघु भाई ने रमजान -उल- मुबारक के 25वां रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन मुसिखाप स्थित मदरसा में किया. जिसमें सैकड़ों रोजेदार उपस्थित होकर रोजा इफ्तार किया। इस इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े, बुजुर्ग, बच्चे आदि बड़ी संख्या में शिरकत किए। अप्रैल माह की तपती गर्मी में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने रब की इबादत के लिए लगभग 14 घंटे भूखे प्यासे रहकर रोजा रखा. मौके पर डॉ मुस्लिम अंसारी, धर्मेन्द्र सिंह, डॉ शंकर साव, मोजम्मिल अंसारी, वाहिद अंसारी, लतीफ अंसारी, इद्रीश अंसारी, लुकमान अंसारी, गुलाम याहिया, अख्तर अंसारी, के साथ साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## लावालौंग बीपीओ पर मुखिया संघ के अध्यक्ष ने लगाया है गम्भीर आरोप



**चतरा/लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय में मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पर रिश्वत लेने को लेकर मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश साव ने गम्भीर आरोप लगाया है। रिश्वत का आरोप लगाते हुए। उन्होंने ने अपने लेटर पेड़ पर उपायुक्त चतरा को लिखित आवेदन दिया है। यह लिखित आवेदन 20 मार्च को दिया था। जिसमें कहा गया है कि मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा मनरेगा योजना में वगैर रुपया लिए किसी को भी कोई काम नहीं होता है। यहां तक की हम मुखियाओं से रिश्वत की मांग करते है। नहीं देने पर ऑपरेटर द्वारा किसी न किसी बहाना लगा काम को वाधित करते है। वहीं ग्रामीणों से भी सीधे तौर पर डोभा हो या कुआं या अन्य योजना में 30 हजार रुपया लिए वगैर कोई योजना धरातल पर उतरने नहीं देते हैं ।ऐसे में लावालौंग प्रखण्ड में मनरेगा योजना में लूट का छूट मचा है। जबकि इसकी शिकायत बीडीओ अमित कुमार से भी मुखिया एवं ग्रामीण कई बार कर चुके हैं। किंतु इसका कोई असर ना कार्रवाई किया गया है। अंत में थक हार कर उपायुक्त चतरा को आवेदन देकर जितेंद्र कुमार को लावालौंग प्रखण्ड से अविलंब हटाने की मांग किया है।

## बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के एएनएम व सहिया साथी के साथ हुई बैठक



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ सीएचसी प्रभारी सुरेश राम के नेतृत्व मे परिवार नियोजन व कृमि दवा खिलाने को लेकर बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के सहिया साथी और एएएनम के साथ बालूमाथ सरकारी अस्पताल परिसर मे बैठक की गई। बैठक मे परिवार नियोजन व कृमि दवा को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से बीपीएम मृत्युंजय कुमार व बीडीएम योगेंद्र राम ने उपस्थित सहिया साथी व एएनएम को बताया कि परिवार कल्याण दिवस का आयोजन 21 अप्रैल से परिवार नियोजन सेवा, पखवाड़ा 17 अप्रैल से 17 मई तक अभियान के पश्चात समेकित भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन 18 मई, योग्य दंपति सर्वे सह दंपति संपर्क पखवाड़ा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अपने क्षेत्र अंतर्गत दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन करेंगे. आम जनो में जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार के अंतर्गत सही उम्र में शादी के कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा 2 बच्चे में कम से कम 3 साल का अंतर प्रसव पश्चात गर्भपात पश्चात परिवार नियोजन के अस्थाई एवं अस्थाई उपाय परिवार नियोजन ऑपरेशन में पुरुषों की भागीदारी पर जोर दिया जाना है. वहीं पुरुष नसबंदी पर विशेष जोर देने की सलाह दी गई. साथ ही कृमि दवा खिलाने के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध स्थाई एवं अस्थाई उपायों के बारे में भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया.बैठक मे अस्थाई उपाय में इच्छुक दंपतियों को पंजीकृत करते हुए दंपत्ति स्वास्थ्य संस्थान पर वादे करण नसबंदी हेतु हेतु निर्धारित दिन आमंत्रित किए जाने सहित अन्य कई बिन्दुओ पर चर्चा की गई .मौके पर मालती देवी, बिमला देवी, रिंकू कुमारी, प्रेमलता कुमारी, गुंजन भारती, गौरी देवी, माया देवी, सोनामनी देवी, रूपा देवी, रेखा देवी, सीतामनी सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## मनरेगा कर्मियों के साथ बीडीओ ने किए बैठक दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ सोमवार 17अप्रैल को समीक्षा बैठक किया। जहां योजनाओं से संबंधित कई कार्यों को पूरा करने एवं नई योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिए। बताते चलें कि बिरसा हरित क्रांति योजना 2023/24 के अंतर्गत जल्द से जल्द लागू करने की बातें कहीं। मनरेगा मजदूरों को आधार से सतत्र मजदूरी भुगतान करने की बात कही।आम बागवान की देखरेख एवं लाभुकों को डिमांड करवाने की बातें कहीं। पुराने योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश उपस्थित सभी मनरेगा कर्मियों को दिया गया। मौके पर बीपीओ अजय कुमार सिन्हा कनीय अभियंता सचिन कुमार रोजगार सेवक गोविंद कुमार रोहित कुमार स्वर्ण लता उर्सिला टुटी सुनील कुमार मौजूद थे।

## राज्य सभा सासंद धीरज साहू ने इफ्तार पार्टी में किया सिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखण्ड राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता और राज्यसभा सांसद धीरज साहू रविवार को चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के महुआ चौक स्थित मदरसा में पवित्र माह रमजान के मौके पर आयोजित दावत-ए-इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता व सांसद श्री साहू ने सभी उपस्थित मुस्लिम धर्मावलंबियों समेत पूरे प्रदेश के मुस्लिम धर्मावलंबियों को पवित्र रमजान की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान चतरा उपायुक्त अबू इमरान, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश यादव, समाजसेवी साबिर हुसैन, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, नौशाद आलम समेत सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय यादव महासभा ने शोभा यात्रा कर सभी घरों में जाकर दर्शन कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड क्षेत्र स्थित सलैया पंचायत के यादव महासभा की कमिटी द्वारा रेजांगला शहीद अहीर वीरो की यादगार में शहीदो की अस्थि मिट्टी की स्थापित कलश को प्रदेश एवम् जीला कमिटी के निर्देशानुसार प्रखण्ड अस्तर से सभी ग्रामों में यादव महासभा के कमिटी द्वारा गाजे बाजे के साथ झंडा बैनर तले अहीर रेजिमेंट की मांग की गुहार लगाते हुए प्रत्येक द्वार में जाकर कलश तथा श्री कृष्ण भगवान की प्रतिमा की दर्शन कराते हुए सोभा यात्रा समापन की गई। उपस्थित मुख्य अतिथि प्रदेश कमिटी सदस्य बलि यादव जिला उपा ध्यक्ष संतोष यादव प्रखण्ड अध्यक्ष राजदेव, जीला सदस्य बिदेश्वर यादव, प्रखण्ड सचिव भोला यादव, युवा अध्यक्ष रविन्द्र यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मन यादव, अखलेश यादव, मिथलेश यादव, पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र यादव हेरहंज, दिलचन्द यादव, प्रबुद्ध ग्रामीण ब्यास यादव केदार यादव महादेव यादव भूषण यादव सुरेश यादव, शिवनाथ यादव, अरुण यादव, मोगल यादव, रामकिसुन यादव, सोहराय यादव, कालीचरण यादव, हरिहर यादव अनिल यादव, गोविन्द प्रसाद यादव, जनेश्वर यादव, कमलेश यादव, युवा कार्यकर्ता स्रवन यादव, दिनेश यादव इत्यादि लोग सामिल रहे।

## अग्निशमन पदाधिकारी नरेश सिंह मुंडा ने उपायुक्त अबु इमरान से मिल अग्निशमन सेवा सप्ताह हेतु स्टिकर और पाम्पलेट किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान से अग्निशामक पदाधिकारी, चतरा ने मुलाकात कर उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह हेतु स्टिकर और पाम्पलेट भेंट किया। अधिक जानकारी देते हुए अग्निशमन पदाधिकारी नरेश सिंह मुंडा ने बताया कि दिनांक 14 अप्रैल सन 1944 में 66 दमकल कर्मी मुम्बई बंदरगाह में मालवाहक आगजनी हादसे में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्ही शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते हुए 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है तथा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है।अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों की रोकथाम एवं उससे होने वाली क्षति से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा विभिन्न संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव संबंधी विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता है। उक्त मौके पर प्रधान अग्निक चालक समेत अन्य अग्निशमन कर्मी उपस्थित थे।

# कर्मचारियों ने संत जेवियर एकेडमी के मुख्य गेट में जड़ा ताला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के पहाड़पुरी स्थित संत जेवियर एकेडमी के मुख्य गेट में आक्रोशित कर्मचारियों ने ताला जड़ा। बिना नोटिस काम से हटाने को लेकर आक्रोशित कर्मचारियों ने संत जेवियर एकेडमी के मुख्य गेट में तालाबंदी की। निष्कासित कर्मचारियों ने कर्मचारी संघ के तत्वावधान में स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्कूल के बाहर अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्र गेट पर ही खड़े रहे। अभिभावक भी काफी परेशान रहे। स्कूल में तालाबंदी की सूचना पर एसडीओ शेखर कुमार, बीडीओ मेघनाथ उरांव और थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी विद्यालय पहुंचे। उन्होंने स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी और विद्यालय प्रबंधन से बात की। एसडीओ कुमार ने एक जिला स्तरीय जांच कमिटी बनाकर मामले की जांच कराने की बात कही है। अधिकारियों के आश्वासन



के बाद कर्मचारियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। **कर्मचारियों ने विद्यालय प्रबंधन पर मनमानी का लगाया आरोप :** स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि लॉकडाउन के समय उन्हें यह कहकर काम से हटा दिया गया कि लॉकडाउन खत्म होने के बाद फिर से विद्यालय में रख लिया जायेगा. लेकिन लॉकडाउन के बाद जब विद्यालय खुला और उन्होंने काम पर वापस लौटने की बात कही, तो विद्यालय प्रबंधन ने बार-बार टालमोटल किया. बाद में स्कूल वालों ने उनकी जगह पर दूसरे कर्मचारियों को रख लिया. स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वे विगत 12-13 सालों से इस विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं. बिना नोटिस के काम से हटाकर विद्यालय प्रबंधन ने मनमानी की है। कर्मचारियों ने लॉकडाउन से अब तक के मानदेय का भुगतान करने, प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए विद्यालय में परिवहन की व्यवस्था करने, छात्रावास की व्यवस्था करने , विद्यालय प्रबंधन समिति की मनमानी को रोकने और नये प्रबंधन समिति का चुनाव कराने की मांग की है।

## समाजसेवी शौकत ख़ान ने ईद पर मना रहे हैं अनोखा सेवा सप्ताह



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वैसे तो गरीबो के लिए मसीहा बने गढ़वा निवासी सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक प्रत्येक त्योहार पर गरीबो के लिए खाने पीने के समान सहित कपड़े भी बाटते है। लेकिन इसबार आने वाले ईद पर गरीबों के लिए ईद से पहले ईद का उपहार का खजाना लेकर आएं है।उन्होंने सोमवार से ईद तक **ईद सेवा सप्ताह** मना रहे हैं। इसकी खास बात यह कि आज से ईद तक जरुरतमंदों के बिच वो चीजें शौकत ख़ान बांटेंगे जो चीज़ों कि डिमांड जरुरतमंद लोग करेंगे। जिसमें खाने पिने और पहने की चीजों के साथ बीमार लोगों के लिए दवा और गरीब परिवार कि बिटिया की होने वाली शादी में उनकी जरूरत कि चिजे भेंटकर अनोखी ईद मनाएंगे। सेवा सप्ताह पर शौकत ख़ान ने बताया कि वैसे तो हमारा अनेक निःशुल्क बैंक 365 दिन जरुरतमंदों कि सेवा देता है।मैं सभी धर्मो कि त्योहार मनाता हूं गरीबों के संग उनकी जरूरतो को पूरा मेरे मन को बड़ा ही शकुन मिलता है।उन्होंने बताया कि अभी इबादत का महिना रमजान चल रहा है। हमारा इबादत ही सेवा है और सेवा ही धर्म है।हम वैसे लोगों को डायरेक्ट मदद करते है जो लोग अपने अपने धर्मो का त्योहार तो मनाना चाहते है, लेकिन उनके पास कोई इंतजाम नहीं होता। वैसे परिवार को उनकी जरूरत कि चिजे भेंटकर, उनकी खुशियां में शरीक होते है। इनके कुशल व्यवहार से कोई भी जरुरतमंद लोग अधिकार के साथ कुछ भी मांगकर ले जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हेसला महेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक, महाआरती के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के महेश्वर धाम शिव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को ग्रामीण भक्तों के द्वारा भूतनाथ का रुद्राभिषेक एवं महाआरती भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित शंकर पांडे, अनूप कुमार पांडे ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर पूजन करवाया। यजमान के रूप में वीरेंद्र प्रजापति, सरजू ठाकुर आदि रहे। वेद मंत्रों के उच्चारण महादेव के सहस्त्र नामों के साथ लोगों ने जय घोष लगाएं। जिससे पूरा ग्रामीण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बन उठा। मौके पर मंदिर समिति के सदस्य महेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, महेश प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, गौतम बेदिया, जगनारायण बेदिया, मिथिलेश मुंडा, दिनेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, बासुदेव बेदिया, छोटन मुंडा, विशेश्वर ठाकुर, अरविंद बेदिया, सुभाष ठाकुर, शंकर ठाकुर, अनिल ठाकुर, मोहन प्रजापति सहित दर्जनों भक्तजन उपस्थित थे।

### गरीबो को राशन दिलवाने के लिए आगे आए पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत महीनों से हरा कार्ड धारकों को राशन नही मिल रहा है जिससे इन कार्ड धारक गरीबो को काफी परेशानी हो रही है । लोगो को हो रही इस परेशानी को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने गंभीरता से लिया है एवं हरा राशन कार्ड धारक लोगों को राशन उपलब्ध करवाने के लिए रामगढ़ डीसी को आवेदन देकर जल्द से जल्द हरा राशन कार्ड धारकों को राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। रामगढ़ डीसी को दिए आवेदन में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि कई गरीब परिवारों की तरफ से जानकारी मिल रही है कि विगत कुछ समय से हरा राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल रहा है।जैसा कि हम सभी जानते हैं, कि हरा राशन कार्ड धारक सभी लोग गरीब परिवार से आते हैं, एवं सरकार के तरफ से मिलने वाले चावल आदि राशन से ही अपना व अपने परिवार का पेट भरते हैं। विगत कुछ समय से राशन नहीं मिल पाने के कारण इन्हें अपने परिवार का पेट पालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अतः हरा राशन कार्ड धारक को राशन उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए ताकि इन्हें अपना व अपने परिवार का पेट पालने के लिए ही रही परेशानियों से राहत मिल सके।

### यज्ञ स्थल की परिक्रमा से मानव के सभी दुख, ग्रहों के कुप्रभाव हो जाते हैं समाप्त : बाबा रामशरण गिरी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के जीपी कैंप हनुमान मंदिर में प्रांगण में श्री श्री 1008 मां काली, मां बांग्लामुखी, मां कात्यायनी, शनिदेव महाराज व शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ अनुष्ठान अंतराल में भक्तों के द्वारा सभी देवी देवताओं के प्रतिमाओं का स्नान करवाया गया। चौथे दिन सोमवार को यज्ञ में सोनम केशरी ने 12 घंटे मंडप की परिक्रमा किया। अवसर पर यज्ञ आचार्य रामशरण गिरी ने बताया कि देवी देवताओं के यज्ञ अनुष्ठान स्थल के परिक्रमा मानव जीवन को सुखमय बन सकता हैं। ऐसा माना जाता है कि हवन कुंड में वेदमंत्रो के बीच जब भक्त स्वच्छ भाव से माता और देवताओं का स्मरण करते हुए यज्ञ मंडप की परिक्रमा करता हैं, तो उसके इस जन्म के गलत कर्म, पाप नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावे आने वाले जीवन चक्र भी सुधर जाता हैं। माता भगवती, प्रभु की कृपा सदैव बरसती हैं। यज्ञ के अनुष्ठान से वातावरण पवित्र होता हैं। लोगों में अपने सनातन धर्म के प्रति सकारात्मक जागरूकता की चेतना जागती हैं। सभी में सहयोग प्यार, सद्भावना, भक्ति का मार्ग प्रशस्त होने का बल जगत जननी की कृपा से मिल पाती हैं। यज्ञ अनुष्ठान से मानव जीवन को संस्कार का ज्ञान मिलता हैं। इससे जीवन भर अपने आने वाले भविष्य व परिवार में देकर भक्ति के मार्ग में चल पड़ता हैं। संस्कार ही मानव जीवन को कामयाबी की ऊंचाई की शिखर पर वर्तमान समय की भाग दौड़ में ले जाने में सक्षम हैं। हम सभी को मिलजुल कर 14 अप्रैल से 21 अप्रैल आयोजित यज्ञ अनुष्ठान को पूर्ण बनाने में सहयोग देना चाहिए। मौके पर जीपी कैंप हनुमान मंदिर समिति और यज्ञ समिति के भक्तजन उपस्थित थे।

### युवा शिक्षाविद सुदेश कुमार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए हुए सम्मानित

**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाड़ी प्रखंड के हैसालोंग गांव के निवासी तथा नेशनल कॉलेज एवं अमेरिकन इंस्टीट्यूट हजारीबाग के डायरेक्टर सुदेश कुमार को एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के द्वारा होटेल भंडारा पार्क हजारीबाग में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किए गए । इस सम्मान समारोह में हजारीबाग जिला के विभिन्न छेत्र के शिक्षा के क्षेत्र मे जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सुदेश कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार 10 वर्षो से उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो तथा बुके देकर सम्मानित किया गया ।सुदेश कुमार ने कहा कि इस पुरुस्कार को प्राप्त कर उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का समावेश हुआ है, तथा उनके अंतर्मन में विद्यार्थियों के प्रति और जोश, जज्बे और जुनून के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हुई है। सुदेश कुमार ने यह भी बताया कि इस प्रकार के सम्मान समारोह में शामिल होकर के खुद पर गर्व महसूस करता हूं। तथा मैं उन सभी सज्जनों को धन्यवाद करता हूं ।जिन्होंने मुझे इस राह में चलने के लिए प्रेरित किया । बताते चले की सुदेश कुमार को शिक्षा के छेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए पहले भी गुरु द्रोणाचार्य अवार्ड और बेस्ट टीचर्स अवार्ड से सम्मानितकिया गया हैं।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक बी उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहां की 16 मार्च से 31 मार्च तक नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया ।

उप विकास आयुक्त ने 16 मार्च से 31 मार्च तक किए गए कार्यक्रमों के संबंध में के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार से जानकारी ली, इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विभिन्न कार्यक्रमो यथा नुक्कड़ नाटक, गंगा आरती, श्रमदान, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन योजनाबद्ध तरीके से करने के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए वही उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार को गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़, प्राचार्य रामगढ़ कॉलेज, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीवन अनमोल है इसीलिए यातायात नियम का पालन जरूर करें : ऋषि कांत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यालय में लर्नर लाइसेंस टेस्ट देने आए प्रशिक्षु वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया जिसमें रोड पर चलते समय सावधानी बरतने एवं रोड साईनेज को फॉलो करने हेतु समझाया गया । ज्ञात हो कि रामगढ़ जिले में आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है इसलिए लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है जब कभी भी रोड पर बाइक ले कर चले तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तथा कार में सीट बेल्ट लगा कर चले । मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद एवं सड़क सुरक्षा के अभियंता ऋषि कांत मौजूद थे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में एंटी रैगिंग एवं यौन उत्पीड़न जाकरूकता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो की अध्यक्षता में एंटी रैगिंग एवं यौन उत्पीड़न जागरूकता का आयोजन किया गया। मंच को संबोधित करते हुवे प्राचार्य महोदय ने छात्र छात्राओं को एंटी रैगिंग से संबधित जानकारी के साथ साथ साइबर ठगी, इंटरनेट के जरिये उत्पीड़न आदि के बारी में जानकारी दी। हाल ही में कैसे इसका शिकार खाश कर छात्र छात्राओं हो रहे है और आर्थिक लूट का शिकार हो रहे हैं उस बारे में बताया गया।

साइबर ठग और इंटरनेट के माध्यम से यौन उत्पीड़न से बचने के उपाय बताते हुवे प्रो अनु कुमारी द्वारा छात्र छात्राओ को जाकरूक किया गया द्व महाविद्यालय परिसर में होने वाले घटनाओ को रोकथाम की जा सके इस कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी प्राचार्य महोदय ज्योति जलधर, आई क्यू ए सी के कोर्डिनेटर प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, परीक्षा नियंत्रक मो फजरुद्दीन (उर्दू विभाग ), राष्टीय सेवा योजना के अधिकारी प्रो सुरेश कुमार महतो (इतिहास विभाग), प्रो नरेश कुमार दांगी (खोरठा विभाग), प्रो लालदेव महतो (राजनीति विज्ञानं विभाग ), प्रो चंद्रशेखर राणा, प्रो अन्नू कुमारी (हिंदी विभाग), प्रो ललिता कुमारी (हिंदी विभाग), प्रो ऋृ राज दास (अंग्रेजी विभाग ), प्रो पवन कुमार (समाजशास्त्र विभाग ), प्रो किशोर प्रसाद दांगी (वाणिज्य विभाग ), छ्ष्ष्ट ई गवर्नेंस छात्र संसाधन केंद्र संचालक कामिल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने समाजसेवी सुनील कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ, युवा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश महासचिव युवा समाजसेवी सुनील कुमार को मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन चतरा जिले के इटखोरी में आयोजित समाज के मिलन सह सम्मान समारोह के दौरान समाज के केंद्रीय महासचिव सह सिमरिया के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, केंद्रीय उपाध्यक्ष बालगोविंद राम और पलामू के पूर्व सांसद सह समाज के प्रदेश अध्यक्ष ब्रज मोहन राम ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर व आशीर्वाद देकर मनोनयन पत्र सौंपा। सुनील कुमार के मनोनयन पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उन्हे पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दिया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने

बताया कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि समाज ने सुनील कुमार को जो नई जिम्मेवारी दी है उसपर वे पूरी तरह खरे उतरेंगे और महासंघ के हित में हमेशा श्रेष्ठ कार्य करने का सकारात्मक प्रयास करेंगे ।

## भक्तिमय माहौल में कैथा मंडा पूजा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नं 26 कैथा में भक्तिमय माहौल में सादगी पूर्ण तरीके से मंडा पूजा संपन्न हुआ।मंडा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनिता चौधरी उपस्थित हुई।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंडा पूजा में भगवान शिव की पूजा अर्चना होती है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि प्रतिवर्ष कैथा मंडा पूजा हर्षोल्लास के होता है इस वर्ष मंडा पूजा सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया है साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधानसभा विधायक सुनिता चौधरी के करमलो से मंदिर का जीर्णोद्धार शुभारंभ होगा।इस अवसर पर रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के करकमलों से कैथा महादेव मंडा का जीर्णोद्धार का शुभारंभ हुआ।इस अवसर आयोजित हवन में राजेश महतो,छतरधारी महतो, शक्ति महतो बतौर यजमान सपत्नीक शामिल हुए।मंडा पूजा के अवसर पर मंदिर प्रांगण में मां पार्वती के पट का ग्रामीणों के द्वारा विधिपूर्वक पूजन किया गया।मंडा पूजा के आयोजन से ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों में हर्षोल्लास है।इस अवसर अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, सचिव राजकुमार महतो,कोषाध्यक्ष देवधारी महतो,कौलेश्वर महतो,सुकर महतो,चुन्नीलाल महतो,गणेश महतो, ईश्वर ओहदार, बालदेव महतो, बहाली ओहदार, संजय करमाली, डिया महतो,प्रकाश महतो, रूपेंद्र महतो,शोभनाथ महतो, संजय महतो,अजय आस्था, संतोष महतो,विजय रविदास, बाबूलाल महतो, टीकमचंद महतो, खैंटा महतो, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनटीपीसी जागृति महिला संघ ने वार्षिकोत्सव 2023 का भव्य आयोजन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजना की महिला विंग जागृति महिला संघ के द्वारा वार्षिकोत्सव 2023 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन के बाद माल्यार्पण कर किया। साल भर अपनी उपलब्धियों को दिखाने वाले इस मौके पर परियोजना के तमाम पदाधिकारी एवं उनके परिवार के लोग मौजूद थे। वार्षिकोत्सव 2023 के मौके पर जागृति महिला संघ की सदस्यों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संगीत, नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। संघ के सदस्यों के अलावा बाल भवन के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिए। इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत के अलावा खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें पुरुष अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि महिला क्लब ने पिछले साल बेहतरीन काम किया है उन्होंने कहा कि वह बात चाहे एचआईवी बच्चों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने की बात हो या फिर ओल्ड एज होम में मूलभूत जरूरतों को पूरा करने की लेडीज क्लब ने हर मोर्चे पर शानदार काम किया है। उन्होंने कहा शायद इसी का परिणाम है कि संयुक्ता महिला क्लब, नई दिल्ली के द्वारा हमारी लेडीज क्लब को सभी एनटीपीसी परियोजनाओं में बेस्ट प्रोफॉर्मर का खिताब मिला। परियोजना प्रमुख ने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें उन्हें मोबाइल के जगह पर किताब दें। उन्होंने आगे महिलाओं से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि आप होम फाइनेंस की दिशा में जरूर ध्यान दें अगर आप ऐसा करेंगे तो निश्चित तौर पर यह आपके परिवार के साथ साथ हमारे देश के लिए भी अच्छा होगा। मौके पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव, एनटीपीसी के अधिकारीगण एवं लेडीज क्लब की अन्य सदस्य मौजूद थी।

### पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी का हुआ स्वागत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार की देर रात पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद ब्रज मोहन राम सपरिवार हजारीबाग पहुंचे। वे चतरा जिले के इटखोरी से राजधानी रांची लौट रहे थे। उसी क्रम में सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, समाजसेवी सुनील कुमार और पत्रकार सागर कुमार ने संयुक्त रूप से हजारीबाग के भारत माता चौक के समीप पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया।

ज्ञात हो की ब्रज मोहन राम ने पलामू लोकसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व किया है। एक बार वे बिहार विधानसभा के भी सदस्य रहें। साधारण कृषक परिवार से ताल्लुक रखने वाले ब्रज मोहन राम की राजनीतिक और सामाजिक जीवन का अब तक का सफर स्वर्णिम रहा है। वे फिलहाल भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय धोबी महासंघ, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपना दायित्व निर्वहन कर रहे हैं ।विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की ब्रज मोहन राम का जीवन बेहद ही सादगी और साफगोईपूर्ण है ।

### विद्यालयों की समय में हो परिवर्तन : चंदन सिंह

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज़िले में बढ़ती गर्मी के प्रकोप के कारण आए दिन किसी न किसी विद्यालय में छात्रों के साथ कुछ न कुछ घटना हो रही है।ज़िले में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार चला गया है।तापमान बढ़ने से ख़ास कर छोटे बच्चों को काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।जहाँ प्राइवेट स्कूल के छात्र इतनी गर्मी में घर लौटने के क्रम में घंटों जाम में फ़ंशे रहते हैं वहीं सरकारी स्कूल के छात्र विद्यालयों में समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण आए दिन लू के शिकार हो रहे हैं जो बेहद गंभीर विषय है। इन सभी मामलों को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र संघ के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने ज़िले की उपायुक्त से आग्रह किया है की ज़िले में संचालित सभी विद्यालयों को ग्यारह बजे तक ही चलाने की अनुमति दें और इस आदेश को कड़ाई से लागू करवाया जाए।अभिभावक विद्यालयों के दबाव के कारण इस संबंध में अपनी आवाज विद्यालयों के सामने नहीं उठा पा रहे हैं।छोटे बच्चे जहां देश का भविष्य हैं और इनका ख़्याल रखना हमारा कर्तव्य।

### बढ़ती गर्मी से नौनिहालों को आफत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में बढ़ती गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ो से जहाँ आम-जन जीवन अस्त-व्यस्त है, वहीँ प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से बच्चो का बेहोश होना,उल्टी एवं चक्कर आने की शिकायत होने की खबरे बहुतायत में मिल रही । विष्णुगढ़ में आज न्यूनतम तापमान 23एसेल्सियस और अधिकतम 40एसेल्सियस के करीब रहा ।बता दे कि आज की इस भयकंर गर्मी की वजह से प्रखण्ड अन्तर्गत गझण्डी के मध्य विद्यालय के छात्र कृष्णा मुर्मू गश खाकर गिर पड़ा ,वहीं नवप्राथमिक भलुआ विद्यालय की वर्ग पाँच की छात्रा लक्ष्मी कुमारी को चक्कर आने की शिकायत मिली ,नवप्राथमिक भलुआ विद्यालय की दूसरी घटना में वर्ग एक के आर्यन कुमार को उल्टी हुई । उपरोक्त घटनाएं संज्ञान में है,परन्तु ऐसी और भी घटी घटनाओं को नकारा नही जा सकता । राज्य सरकार,जिला प्रशासन एवं प्रखण्ड प्रशासन बच्चो को गर्मी की वजह से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए जल्द ही कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है ।बढ़ती गर्मी को देखते हुए अभिभावकों को भी अपने बच्चों को नाश्ता करवाकर एवं

## 10 दिवसीय नि:शुल्क लोक नृत्य कार्यशाला सह उत्सव का हुआ भव्य समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के साथ भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने एवं प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद ,युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय अनुदान के अंतर्गत जिला स्तरीय 10 दिवसीय निःशुल्क लोक नृत्य कार्यशाला सह उत्सव का समापन समारोह कल देर रात भव्य तरीके से नगर भवन हजारीबाग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की,एवं बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कर से सम्मानित सह ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार,कटकमसांडी बी. डी. ओ. वेदवंती कुमारी,युवा समाजसेवी सह आरोग्यम हॉस्पिटल के एमडी हर्ष अजमेरा,सादर विधायक मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जावलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं अनाइश सिन्हा के द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। बतौर मुख्य अतिथि रौशनी तिर्की ने उद्घाटन करते हुए बताया की इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं को और निखरने का मौका मिलता है।संस्था के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया की लागतार दस दिनों तक लगभग दो सौ बच्चो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिन्हे झारखंड एवं भारत की संस्कृति से अवगत कराते हुए दस राज्यों के लोक नृत्य को सिखाया गया।

जहां नागपुरी लोक नृत्य मोर सोना झारखंड एवं संथाली नृत्य ने खूब तालियां बटोरी वही नन्हे बच्चो के द्वारा प्रस्तुत आसामी बिहू नृत्य एक कली दो पत्तियां और पोखर धानू ने दर्शको को खूब रोमांचित किया। राजस्थानी लोक नृत्य पधारो मारो देश,कालबेलिया,चूड़ी चमके के साथ पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा के लोक नृत्यों में सभी दर्शकों को एक भारत श्रेष्ठ भारत से परिचय कराया। फेमिना मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रूपाली भूषण ने सपरिवार पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के साथ हीं बच्चों को प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों, उपस्थित पत्रकार बंधुओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# दावते इफ्तार में दिखी गंगा-जमुना तहजीब की झलक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य सह बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब के आवास में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया,जिसमे विभिन्न राजनीति दलों के नेता एवं सामाजिक लोग शामिल हुए. जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबी रमजान के महीने में पूरे एक महिना रोजा रखते हैं,और इसी माह में इस्लाम का पवित्र ग्रंथ कुरआन नाजिल हुआ था।आज के इफ्तार पार्टी में हिंदू मुस्लिम भाई जिस तरह से एक साथ बैठकर इफ्तार किए यह हमारे देश की गंगा जमुनी तहजीब की एक मिशाल है।यहां पर जितने भी लोग आए हैं मैं उनका शुक्रगुजार हूँ। इफ्तार पार्टी में बगोदर विधायक विनोद सिंह, झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, प्रदीप प्रसाद, बगोदर सरिया डी0 एस0पी0नौशाद आलम, इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह,बगोदार थाना प्रभारी नीतीश कुमार,सरिया थाना प्रभारी संतोष मौर्या, बगोदर उप प्रमुख धीरेन सिंह,विष्णुगढ प्रमुख प्रतिनिधि मो बेलाल,झामुमो हजारीबाग मीडिया प्रभारी



महताब हुसैन, डॉ0धर्मवीर सिंह,डॉ विनय कुमार, मौलाना मुख्तार,जरमुने उप मुखिया शेख मोकीम,मुखिया, बासुदेव महतो, नेजाम अंसारी, बरांय मुखिया राजेंद्र मंडल,शेख कयूम,शमशुल खान,राणा खान, रामचंद्र पासवान,ताज अंसरारी, मिठू यादव,बेलाल अंसारी,नवीन चौरसिया,अस्लम अंसारी,दुर्गा राणा,अजय यादव,जागो पंडित,हरी यादव,शिबू कुमार इसराफिल अंसारी,पिंटू खान,हकीम अंसारी,रवि पांडेय, इमामुद्दीन अंसारी, महेंद्र राम रफीक अंसारी, निखिल पाण्डेय, रोजन अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

### शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 –RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। जिन क्रमांकों को संशोधन किया जा रहा है वो निम्न प्रकार है :–

2) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 15.04.2023 के स्थान पर 20.04.2023 पढा जाय।
3) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 17.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 के स्थान पर दिनांक 21.04.2023 से 29.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2023 के स्थान पर 08.05.2023 पढा जाय।
7) निविदा खोलने का स्थान–e-procurment cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा पढा जाय।
8) निविदा खोलने का तिथि एवं समय –दिनांक 29.04.2023 के स्थान पर 09.05.2023 पढा जाय।

निविदा की सभी शर्त्तेपूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.295251 Rural Work Department(23-24):D


# राजस्व, कोल कंपनी, एनटीपीसी से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राजस्व विभाग,कोल कंपनी व एनटीपीसी से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंचल कार्यालय स्तर से राजस्व विभाग के कार्यों में तेज़ी लाने, खासकर जमीन के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन में विशेष ध्यान देने के लिए अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदनों पर उचित निर्णय लेते हुए मामलों को निष्पादित करने के लिए कहा। इसके अलावा केंद्र व राज्य प्रायोजित परियोजनाओं के लिए भूमि का चिन्हितिकरण, अधिग्रहण, हस्तांतरण को प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया को जल्द पूरा करने को कहा। पीएम किसान पोर्टल पर किसानों के आवेदनों का सत्यापन करने को कहा साथ ही पोर्टल के आंकड़ों की त्रुटियों के संदर्भ में स्टेट पोर्टल से समन्वय कर त्रुटियों एवं तकनीकी खामियों का निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया। अवैध जमाबंदी को रद्द करने के लिए अंचलाधिकारियों को अंचल कार्यालय स्तर से स्पष्ट अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया। न्यायालय वादों के संदर्भ में राजस्व कार्यालय एवं विधि शाखा को वादों के स्टेट्स से दोनों कार्यालयों को समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह दी। इसके अलावा ज़िला में नए मोबाइल टॉवर स्थापित करने से संबंधित परियोजना के तहत् नए ऑनलाइन आवेदन पर कारवाई पूरी करने, चिन्हित स्थल का सत्यापन प्रतिवेदन आदि प्रक्रिया पूरी कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया।

**एनटीपीसी की बैठक**

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना की कोयला परिवहन हेतु ग्रामीणों एवं एनटीपीसी के बीच हुई वार्ता तथा विभिन्न शर्तो पर बनी सहमती के विरुद्ध अबतक की कारवाई का विस्तृत रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने कड़े शब्दों में ग्रामीणों व एनटीपीसी के बीच बनी सहमती पर अक्षरशः पालन करने का निर्देश एनटीपीसी के आला अधिकारियों को दिया।

# मारुति सुजुकी ने पेश की नई ज्यादा शक्तिशाली सुपर कैरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (MSIL), ने अपने हल्के commercial वाहन सुपर कैरी का उन्नत संस्करण पेश करने की घोषणा की है। बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन को महत्व देने वालों के लिए निर्मित, सुपर कैरी अब मारुति सुजुकी के उन्नत 1.2 लीटर, के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन द्वारा संचालित है।मारुति सुजुकी का सुपर कैरी मिनी-ट्रक 4-सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है, जो अब पेट्रोल मॉडल में 6000rpm पर 59.4kW (80.7PS) की अधिकतम पावर और 2900rpm पर 104.4Nm का अधिकतम टॉर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है। नए इंजन को उन्नत फाइव-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है।


## कार्यालय:-जिला शिक्षा पदाधिकारी,पलामू

नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101

Email- deo.palamu@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के पत्रांक 353 दिनांक 17.03.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा जीव विज्ञान/ रसायन विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास/नागरिकशास्त्र, गृहविज्ञान, गणित/भौतिकी, शारीरिकशिक्षा एवं उर्दू के पद पर नियुक्ति हेतु पलामू जिला के लिए कुल 41 (एकतालीस) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग कार्य राजकीय +2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर (जिला स्कूल), पलामू में दिनांक 19.04.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्रों के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/– अनिल कुमार चौधरी
जिला शिक्षा पदाधिकारी,पलामू

PR 295283 District(23-24).D


# टॉकीसूद अवैध कोयला तस्करो के विरुद्ध छापेमारी, दो मारुति वैन ज़ब्त

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार मध्य रात्रि पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पालू पंचायत के टोकीसूद वन क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबारियों के विरुद्ध पतरातू पुलिस द्वारा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह के नेतृत्व में छापेमारी कि गई द्ध जिसमें 02 मारुति वैन पर लदे करीब 02 टन अवैध कच्चा कोयला जप्त किया गया।तथा अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ छापामारी पडते ही रात्रि का फायदा उठाते हुए अपराधी भागने में कामयाब रहेंगे। तथा मौके पर मध्य रात्रि को ही अवैध कोयला कारोबारियों के धरपकड़ हेतु सर्च अभियान चलाया गया । लेकिन अपराधी रात्रि का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब रहे। छापेमारी के बाद जप्त कर मारुति वैन और कोयला को थाने लाया गया।छापेमारी दल में एएसआई श्रीनिवास सिंह के साथ पतरातू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

# अरगड्डा काजू बागान का वन विभाग व सुरक्षा विभाग ने अवैध खनन स्थलों का किया निरीक्षण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के बंद माइंस काजू बागान जंगली इलाके का सोमवार को वन विभाग और सीसीएल सुरक्षा विभाग ने अवैध खनन को लेकर एक साथ निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां अवैध खनन और इसके चलने को लेकर जांच पड़ताल किया गया। मौके पर सुरक्षा सीसीएल सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, सीसीएल सिरका सुरक्षा प्रभारी देवनाथ महतो, वन विभाग के पवन कुमार, जीएम ऑफिस प्रहरी शंकर आदि उपस्थित थे।

# ट्रेन चलने की औपचारिक घोषणा के बाद बरही में ट्रेन का होगा ठहराव, नही तो होगा आंदोलन : मनोज यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रेलवे स्टेशन परिसर बरही में भाजपा के बैनर तले वंदे भारत एक्सप्रेस और मधुपुर राँची इंटरसिटी ट्रेन का बरही स्टेशन में ठहराव हेतु भाजपा का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्यरूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जीप सदस्य प्रीति गुप्ता, भजापा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पेंशन समाज के अध्यक्ष इशो सिंह, संरक्षक कामता प्रसाद सिंह संरक्षक, सचिव महेंद्र दुबे, उपसचिव रामचन्द्र पांडेय, कोषाध्यक्ष नकुलदेव राणा, मीडिया प्रभारी कृष्णा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई संयुक्त रूप से ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, मुन्ना यादव, एसी मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी ने किया। धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसी सूचनाएं मिली है कि मधुपुर से राँची तक इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन होना है और ऐसी खबरें वाइरल हो रही है कि बरही में इस ट्रेन का ठहराव नही है। कहा इस ट्रेन के परिचालन की औपचारिक घोषणा के बाद अगर ट्रेन का ठहराव बरही स्टेशन में नही हुवा तो हम सभी भाजपा कार्यकर्ता आंदोलन को विवश होंगे। कहा हम स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से ट्रेन ठहराव की मांग करेंगे। कहा बरही औधोगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है ऐसे में ट्रेनों के नियमित परिचालन बरही, पदमा, बरकठा, चौपारण आदि प्रखण्ड के लोगों



को लाभ मिलेगा। पेंशर समाज के अध्यक्ष इशो सिंह ने कहा की भाजपा के जनहित माँगो को हम समर्थन करते है और आंदोलन में कंधे से कंधे मिलाकर चलेंगे। प्रीति गुप्ता ने कहा की जब ट्रेन बना है तो ट्रेन का ठहराव भी होगा। इस दौरान पूर्व विधायक के अगुवाई में रेलवे मंत्रालय के नाम एक मांग पत्र प्रबंधक को सौपा। मौके पर मुख्यरूप भाजपा नेता मेवालाल केशरी, अरविंद प्रसाद, बिनोद यादव, ब्रह्मदेव यादव, मेवालाल केशरी, मीडिया प्रभारी सुषमा विश्वकर्मा, नीलम केशरी, मुखिया शमशेर आलम, कृष्णा गुप्ता, टेकलाल यादव, मुकेश याद , सचिन यादव, सीताराम यादव, दिलीप यादव, अशोक यादव, हरेंद्र गोप, विशाल यादव, दीपक यादव, विक्की सिंह, गौतम सिंह, युगल यादव, सहदेव यादव, मनोज राणा, विजय राणा, मिथलेश श्रीवास्तव, ब्रह्मदेव यादव, निषाद, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार यादव, पमपम यादव, उपमुखिया बालेश्वर यादव, रोहित यादव, राजकुमार केशरी, छोटू सिंह, पिंटू ठाकुर, सागर कुमार, मोनू यादव, रंजीत यादव, त्रिवेणी साहू, सुजीत यादव, नंद किशोर साव आदि थे ।

# झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा की बैठक संपन्न

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**सिरका :** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा रामगढ़ हजारीबाग जिला के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक रामगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में देवकीनंदन बेदिया, नरेश बड़ाईक, लाली बेदिया,बिगेन्द्र ठाकुर, रामबृक्ष बेदिया, देवकी बेदिया,सोहन बेदिया,सुरेश बेदिया, नागेश्वर मुंडा,कामू मुंडा और भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया है अगामी 27 अप्रैल 2023 को मनरेगा कानून को सख्ती से लागू करने और मनरेगा मजदूरों की रोजगार,मजदूरी भुगतान सुविधा युक्त बनाने की मांग करेगी। ग्रामीण गरीबों के राशन किरासन की गारंटी, जमीनों का आनलाईन कर रसीद निर्गत करने,व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक, बिजली मूल्य वृद्धि पर रोक लगाने आदि सवालों पर रामगढ़ जिला के मांडू, रामगढ़,पतरातू,दुलमी,गोला प्रखंड में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें हजारों ग्रामीण गरीब शामिल होंगे। एक मई 2023 को मजदूर दिवस के अवसर पर रांची में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 10 मई 2023 को दिल्ली में दिए जा रहे 100 दिनों के धरना में झारखंड से शामिल होंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, कोडरमा

### शुद्धि- पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई शुद्धि – पत्र जिसका पी0आर0 संख्या–294767 Building (23-24 ).D था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.295324 Building(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।

E-mail ID:- eemidhus-cemr-jhr@nic.in

### ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई निविदा सूचना संख्या–WRD/MID/ Hussainabad/ $F_2$–32/ 2022–23, जिसका पी0आर0 संख्या–290381 (Water Resources) (22-23) D हैं, में प्रकाशित ई0 निविदा में भाग लिए गए दोनों निविदाकारों के द्वारा निविदा में योग्य नहीं पाए जाने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद।

PR 295261 Minor Irrigation(23-24)D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 50/2022-23

पत्रांक 258 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुचिला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड – बरवाडीह, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 50.284 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– 1. केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. इस निविदा का PR No 292346/22-23 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295225 Water Resource (23-24)_D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 06/2023-24

पत्रांक 269 लातेहार/ दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सुरकुम्भी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – गारू, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 53.325 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 295238 Water Resource(23-24)D

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

### पुनः बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रम सं0 01 से 02 तक का वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डांक का आयोजन दिनांक 27.04.2023 को अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | अवधी | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिविल कोर्ट परिसर छत्तमाण्डु में चार चक्कावाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग। | वित्तीय वर्ष 2023–2024 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक | 1,48,060/– | 14,806/– |
| 02 | रॉंची रोड सेवटा सब्जी बाजार की बन्दोबस्ती। | | 2,58,500/– | 25,850/– |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR.NO.295233 District(23-24):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)

### ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/ कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो/आई.एफ.बी. 01/2023–24 दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of retaining wall for protection of approach of foot bridge at K.M 7.10 of konar main canal, Banaso. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 8,01,131.47 (रूपये आठ लाख एक हजार एक सौ इकतीस एवं सैंतालीस पैसे) मात्र । |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 90 दिन |
| 4 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु 1,250.00 |
| 5 | अग्रधन की राशि | रु 16,100.00 |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.04.2023, 11:00 AM |
| 7 | निविदा डालने की अंतिम तिथि | 10.05.2023, 5:00 PM |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 11.05.2023, 5:00 PM |
| 9 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने का स्थान | 1. (क) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल बनासो, पिन न0:–825312 (ख) स्पीड पोस्ट द्वारा उपर्युक्त पत्ते पर 2. अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, तेनुघाट बाँध अंचल तेनुघाट। 3. मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग। |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | 12.05.2023, 2:00 PM |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो। (हजारीबाग) पिनकोड 825312 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मो0 संख्या | 9431108950 |
| 13 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–267462 |

नोट: केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि में परिवर्तन सम्भव।

कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो।
(हजारीबाग)

PR 295321 (Water Resource) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

### द्वितीय शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– **DWSD/KH-24/2022-23 (1st Call), Dt.- 23.03.2023 P.R.No.–293558 Drinking Water & Sanitation(22-23).D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Name of Work- Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti And Arki Block under J.J.M**) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 05.04.2023/05.00 PM | 19.04.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 12.04.2023/05.00 PM | 26.04.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 13.04.2023/05.00 PM | 27.04.2023/05.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 15.04.2023/11.00 AM | 28.04.2023/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 295266 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, सिमडेगा।

### सूचना

"झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम–2021 एवं सबंधित नियमावली–2022" 12 सितम्बर 2022 से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में लागू है। यह अधिनियम निजी क्षेत्र की वैसी कम्पनियों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, उद्योगों, होटलों, रेस्तरा, निजी विद्यालयों एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कार्यालयों वाह्य स्त्रोत के आधार पर मानव बल उपलब्ध कराने वाले एजेन्सियों पर लागू होता है, जहाँ 10 या 10 से अधिक व्यक्ति नियोजित किये गए हों एवं जिनका अधिकतम मासिक वेतन 40000.00 तक हो। इसके लिए निजी क्षेत्र के कम्पनियों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, उद्योगों, होटलों, रेस्तरा, निजी विद्यालय एवं आउट सोर्सिंग एजेन्सियों को राज्य के नियोजन कार्यालयों में अपना निबंधन कराना अनिवार्य होगा। इस संदर्भ में सिमडेगा जिले के अन्तर्गत स्थित सभी कम्पनियों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, उद्योगों, होटलों, रेस्तरा, निजी विद्यालय एवं आउट सोर्सिंग एजेन्सियों को जहाँ 10 या 10 से अधिक व्यक्तियों को नियोजित हों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर जिला नियोजन कार्यालय सिमडेगा में अपना निबंधन अनिवार्य रूप से करा लें। संबंधित अधिनियम में निबंधन हेतु प्रपत्र एवं मार्गदर्शन के लिए https://bit.ly/3MGgD2y लिंक से निबंधन प्रपत्र डाउनलोड कर भरे हुए निबंधन प्रपत्र को ई–मेल distemploymentexchangesimdega@gmail.com में भेज सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, सिमडेगा में सम्पर्क करें।

उपरोक्त अधिनियम में निबंधन नही कराने पर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के आधार पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान है।

ह०
जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा।

PR 295307 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0निविदा संख्या–**WRD/MID/Latehar F2 – 07/2023-24** पत्रांक 270 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पंडराचुऑ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – सरयु, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 56.758 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

**नोट** :– केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.295241 Water Resource(23-24):D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## महिला लापता, परिजनों का हाल बेहाल



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह गांव से मध्य रात्रि से अनिता देवी अचानक गायब हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार मनियांडीह गांव की रहने वाली अनिता देवी पति नवीन सिंह उर्फ चुन्ना उम्र करीब 35 बर्ष अचानक बिना कहे सुने अपना घर से मध्य रात्रि को चली गई और एक पुत्र को घर पर ही छोड़ गयी। परिजनों द्वारा रात से ही खोजबीन की जा रही है परन्तु अभी तक पता नहीं चल पाया है।घर वालों का हाल? बेहाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। सबसे दुखत बात है कि अपना? पुत्र को भी छोड़ गयी हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अनिता के मायका में भी कोई जिन्दा नहीं है जिससे लोग यह अनुमान लगा सकें कि हो न हो गुस्सा से अपने मायके गई हो अनिता देवी की खोज आज भी जारी है पर कहीं से भी पता नहीं चल पाया है खासकर पुत्र का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। फिलहाल परिजनों के द्वारा थाना को सूचित नहीं किया गया है।

## जिला के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को लगाया गया मीजल्स रूबेला का टीका

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद सदर के डी-नोबिली स्कूल,



दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीएवी कोयला नगर समेत विभिन्न विद्यालयों में एमआर अभियान के तहत 9 माह से 15 वर्ष के बच्चों को मीजल्स रूबैल्ला का टीका लगाया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा एवं सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन डॉ अमित कुमार तिवारी ने कई टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। वही जिला के सभी प्रखंडो में भी निजी एवं सरकारी विद्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमआर अभियान के तहत बच्चों को टीका लगाया गया। इस दौरान सभी बीपीएम द्वारा टीकाकरण केंद्रों का क्षेत्र भ्रमण किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों को सही तरीके से टीका दिया जा रहा है या नही। सिविल सर्जन श्री आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा।

## मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट ने किया नटखट किड्स का शुभारंभ

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए सोमवार झरिया



मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ने अपने कर कमलों से हेटलीबाँध झरिया में प्ले क्लास की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश राठी, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, सचिव गणेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सुमित खेतान, मोहित अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके पश्चात इंचार्ज रुमा साहा ने बच्चों के लिए विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी एवं शिक्षिकाओं से अवगत कराया। तत्पश्चात प्रबंधन समिति के द्वारा बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं रेखा साव, पूजा सिंह, सीमा सेन, सरोज अग्रवाल, बबीता सिंह, पिंकी कुमारी आदि का सहयोग रहा एवं सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संत निरंकारी मंडल द्वारा सत्संग का आयोजन

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा के कुमारधुबी स्थित



के.एम.सी.ई.एल क्लब में संत निरंकारी मंडल मैथन शाखा द्वारा सोमवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू कश्मीर से महात्मा संत डॉक्टर विनोद ने प्रवचन कर परमात्मा के भक्ति के बारे बताया। सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष ने भाग लिया। महात्मा बिनोद ने बताया कि निरंकारी मिशन का उद्देश्य है परमात्मा का ज्ञान परमात्मा की भक्ति लोगो मे बांटना। सभी मानव को एक जगह बैठा कर परमात्मा की भक्ति कर भेदभाव की विचारधारा को खत्म करना और परमात्मा का भक्ति प्रकट करना है।

# निरसा : प्रतिदिन जाम की स्थिति से जनता में आक्रोश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** गर्मी के शुरुआती दौर में ही प्रचंड गर्मी से जनता त्राहिमाम करने लगी है जबकि गर्मी का मध्य और अंतिम दौर बाकी है। अभी ही पारा 40 के पार है। एक पूर्वानुमान के अनुसार 50 डिग्री की भी गर्मी पड़ेगी। 11 बजे के बाद से सड़क पर निकलना दूभर हो गया है तो दूसरी ओर निरसा में प्रतिदिन सड़क जाम ने कोढ़ में खाज जैसे हालात बना दिया हैं। जाम में फंसी जनता प्रशासन को कोसते हुए कहती है कि भीषण गर्मी में प्रशासनिक अधिकारी शीतताप कक्ष में स्वयं बैठे रहते हैं। जनता मर रही है अपनी बला से। जनता की परेशानियों से अधिकारियों को कुछ लेना देना नही रह गया है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे छोटे स्कूली बच्चों की हो रही है। जाम की समस्या दिन के दस बजे से एक बजे एवं शाम चार बजे से रात 9 बजे तक रहती है। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। राष्ट्रीय उच्च मार्ग के दोनों लेन अप व डाउन तथा दोनों सर्विस लेन जाम के कारण पैक हो जाता है। सर्विस लेन में दुकानें सजी रहती है। साथ ही बचे जगह को भाड़े पर चलने वाले प्राइवेट गाड़ियों ने कब्जा जमा लिया है। दो पहिया वाहन चलना तो दूर पैदल चलना दूभर हो गया है। बेतरतीब ढंग से आगे निकलने के होड़ में जाम जैसी स्थिति बन जाती है। निरसा थाना से लेकर सिनेमा हॉल मोड़ तक सर्विस लेन (दोनो ओर) की स्थिति समान है। ट्रैफिक की कोई मुकम्मल व्यवस्था नही है। प्रतिदिन का यही हाल है।

शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से रमजान मनाने के लिये आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रत्येक दिन निरसा में जाम की समस्या से निजाद दिलाने की मांग उठाया गया था। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों बीडीओ व सीओ ने आस्वस्त किया था कि जल्द समस्या दूर होगी। सब कोरा आशवाशन ही साबित हुआ है।

सूत्र के अनुसार चार माह पूर्व जाम की समस्या से निबटने के लिये एनएचआई के अधिकारी एवं निरसा अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया गया, नोटिस दी गई, माइक से प्रचार किया गया, परिणाम ढाक के तीन पात निकले। अंचलाधिकारी एनएचआई अधिकारियों, फुटपाथ दुकानदारों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि दुकानदारों व वाहन स्टैंड को हटाने के पूर्व इन्हें बसाने के लिये जगह चिन्हित किया जाये। यह निर्णय भी खटाई में डाल छोड़ दिया गया। जनता के प्रति अधिकारियों की उदाशीनता से लोंगों में आक्रोश देखा जा रहा है। अधिकारी अब भी सक्रिय नही हुये तो जनता का आक्रोश कभी भी फुट सकता है। अंचलाधिकारी ने बताया कि सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये प्रयास जारी है। इन्हें बसाने के लिये जगह चिन्हित किया जा रहा है। किंतु उनके आस्वाशन के एक माह गुजर गए स्थिति यथावत है। जाम का सिलसिला जारी है। आखिर इसके लिये जिम्मेदार कौन है ?

## जिला कार्यालय का ताला खोलने को लेकर कांग्रेसियों का धरना जारी, उग्र आंदोलन की धमकी



प्रभात मंत्र संवाददाता


**धनबाद :** पिछले 12 वर्षों से बंद पड़े धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय का ताला खुलवाने की मांग को लेकर जय भारत सत्याग्रह के तहत सोमवार को गोविन्दपुर प्रखण्ड कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा लुबीसर्कुलर रोड पर पुराने कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज हारी की अध्यक्षता में दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने और धनबाद के पुराने कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने की मांग को लेकर धरना देते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही समस्या के समाधान ना होने की स्थिति मे उग्र आंदोलन की धमकी भी दी।

## सालों जर्जर स्थिति में उप स्वास्थ केंद्र बनी है शोभा की वस्तु

### इलाज कराने के लिए 15 किलोमीटर दूरी तय करके जाते है ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत बदवारा पंचायत के मूर्गमी गांव में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र कई सालों से जर्जर स्थिति में है। उप स्वास्थ्य केंद्र कई सालो से बदहाल स्थिति में है धीरे धीरे जर्जर हो चुकी है। लाखो खर्च कर उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कर तो दिया गया लेकिन उसके बाद किसी ने इस और मुड़कर नहीं देखा यही कारण है की जर्जर हो चुकी स्वास्थ्य केंद्र शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। एक तरफ लोगो को इलाज के लिए बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रुख करना पड़ता है जहा चिकित्सक ही गायब रहते है वही गांव के स्वास्थ्य केंद्र का यही हाल है ऐसे में सरकार स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होने का दावा कैसे करती है। कई सरकार आए कई विधायक आए मगर उप स्वास्थ्य केंद्र का हाल ऐसा है कि वहां पर गलती से कोई



एक आदमी चला जाए तो उसे डर लगता है। अभी हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एयर एम्बुलेंस की घोषणा की लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य की इस व्यवस्था एक बड़ा सवाल है।

### डीडीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए सभी बीडीओ के साथ की ऑनलाइन बैठक

# सभी ब्लॉक में कंट्रोल रूम खोलने व समस्या का त्वरित समाधान करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने गर्मी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए सोमवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉक में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए कंट्रोल रूम बनाने, कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने एवं नोटिस बोर्ड पर लगाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर जिला प्रशासन चिंतित है। उन्होंने सभी प्रखंडों में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वाटर टैंकर से सप्लाई की व्यवस्था करने, पूर्व में 13वें एवं 14वें वित्त से खरीदे गए वॉटर टैंकर की संख्या, पेयजल आपूर्ति योजना, सोलर पंप व चापाकल की मरम्मती 15वें वित्त से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में जनप्रतिनिधियों, आम लोगों, मीडिया, सोशल मीडिया अथवा किसी भी विश्वस्त श्रोत से पानी की समस्या की सूचना मिलने पर उसे गंभीरता से लेते हुए उसका त्वरित समाधान करें। साथ ही कहा कि जहां पानी की अधिक समस्या है उस क्षेत्र के लिए अभी से वाटर टैंकर और जहां से पानी का उठाव होगा उसकी तैयारी पूरी कर ले।

## माडा कैंपस के झाड़ियों में लगी आग दमकल ने आग पर पाया काबू




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला शहर में माडा प्रधान कार्यालय में अचानक झाड़ियों में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में दमकल विभाग और नगर निगम के टैंकर को मंगवाया गया तब जा कर आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है की माडा लेब कार्यालय के पास खराब पड़े वाहनों के पास झाड़ियों में आग लग गई। माडा के अधिकारियों ने शंकर विवाह को सूचना दी जिसके बाद करीब आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर काबू पाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## हजारों बोरा अवैध कोयला सीआइएसएफ ने किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 में महेशपुर कोलियरी के हॉस्पिटल के पीछे और महेशपुर फुटबॉल मैदान बगल में अवैध उत्खनन चल रहा है उक्त स्थल को आज डोजरिंग कर महेशपुर कोलियरी पीओ विजय कुमार ने अवैध उत्खनन मुहान को बंद कर दिया और हजारों बोरा कोयला भारी मात्रा में जब्त कर महेशपुर कोलियरी डिपो में गिराया गया अवैध उत्खनन भारी मात्रा में चल रहा है रोज गाडियां लोड होकर निकलते हुए रात के उजाले में देखा जा सकता है। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मधुबन थाना क्षेत्र में कई स्थानों में अवैध उत्खनन जारी है गोविंदपुर एरिया 3 में प्रशासनिक पदाधिकारी सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल की संयुक्त बैठक के बाद भी अवैध उत्खनन रुक नहीं रहा है यहां तक कि झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैश की आदेशों को भी धज्जियां उड़ाई गई प्रति दिन अवैध उत्खनन में के कईयों की जाने जा चुकी है उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है बीसीसीएल को प्रति दिन लाखों का नुक़सान हो रहा है महेशपुर कोलियरी पीओ विजय कुमार ने बताया बीसीसीएल के कोलियरीओं में किसी कीमत पर अवैध उत्खनन नहीं चलने दिया जाएगा मौके पर प्रशासन एव सीआईएसफ मौजूद था।

## बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में एक समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में आज दिनांक 17.04.2023 को वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया । कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एस. एसटी. एशोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर



पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवनी पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया गया जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों द्वारा काफी सराहा गया ।

## विधायक ने किया तलाब के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** मधुबन थाना क्षेत्र महेशपुर पंचायत स्थित कंपनी बांध तालाब के जीर्णोद्धार और छठ घाट का जो सपना महेशपुर पंचायत के लोगों ने देखा था अब पूरा होते नजर आ रहा है ,आज बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद महेशपुर स्थित कंपनी बांध तालाब का जीर्णोद्धार के लिए नारियल फोड़ शिलान्यास किया। इस कार्य का श्रेय माननीय विधायक ढुल्लू महतो महेशपुर पंचायत के मुखिया संध्या देवी मुखिया प्रतिनिधि हरी साव और पंकज कुमार साव को जाता है जिनके प्रयास से वर्षो बाद तालाब के जीर्णोद्धार का शिलान्यास हुआ अब यह तालाब पहले से भी ज्यादा गहरा और साफ होगा आसपास के लोगों की पानी की समस्या बहुत हद तक समाप्त हो जाएगी तलाब का काम पूरा होने पर नारायणधौड़ा के लोगों को भी इससे लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महेशपुर पंचायत के मुखिया संध्या देवी मुखिया प्रतिनिधि हरी साव घाट के रैयत पंकज साव, गंगेश्वर महतो ,अजय महतो, गुड्डू महतो, रोहित महतो, हनुमान महतो और उनके परिवार जन तथा संजय रजवार दिनेश महतो प्रकाश रजवार ,रंजीत रजवार, राजू चौहान, परमानंद प्रसाद, अशोक महतो ,खरखरी पंचायत के पूर्व मुखिया विजय पासवान चंद्रशेखर पासवान, प्रेम पासवान, सूरज सिंह बिहारी ,धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

## टुंडी प्रखंड झामुमो के प्रखंड कमिटी विस्तार को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड झामुमो की बैठक जिला परिषद डाक बंगला परिसर में टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष लोलिन बास्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से टुंडी प्रखंड कमिटी का विस्तार, पंचायत कमिटी का विस्तार, जोहार यात्रा एवं गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान को गति देने पर बिशेष रूप से विचार विमर्श किया गया। आज के इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित हुए जबकि जिला से जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, जिला कोषाध्यक्ष सह झामुमो पर्यवेक्षक किशोर मुर्मू, जिला संगठन सचिव फूलचंद किस्कू, जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, ने भी भाग लिया। इसके अलावा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया जो निम्नलिखित हैं - प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो , अजीमुद्दीन अंसारी,श्रवण बेसरा, मैनेजर हेंब्रम, सचिव सुमन कुमार मिश्रा, संगठन सचिव अनवर अंसारी, साहेबराम टुडू, बबलू सिंह , राजकिशोर महतो, संयुक्त सचिव सहादत अंसारी, सुनील बेसरा, उमेश कुंभकार, दिनेश हेंब्रम, प्रवक्ता कामेश्वर प्रसाद सिंह, मीडिया प्रभारी कृष्णा मंडल, एवं कार्यकारिणी के सदस्य तथा आमंत्रित सदस्य बनाए गए।

## धनबाद बार एसोसिएशन की जीबी मीटिंग संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार धनबाद बार एसोसिएशन में स्पेशल कमेटी ने बैठक बुलाई थी जिसमें स्पेशल कमेटी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुमिरन पाल, अरुण कुमार सिंह, भागीरथ राय और पीसी महतो उपस्थित थे। लगभग ढाई घंटे तक जनरल बॉडी की मीटिंग चली। इस मीटिंग में लगभग 54 सदस्यों ने अपना विचार व्यक्त किया और इलेक्शन कमिटी के लिए काफी सारे नाम सुझाए गए। स्पेशल कमिटी ने बैठक के अंत में बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को बधाई और धन्यवाद दिया क्योंकि सभी सदस्यों ने काफी सहयोग किया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक हुई। स्पेशल कमिटी झारखंड बार काउंसिल को तीन नामों का सिफारिश करेगा और अब झारखंड बार काउंसिल धनबाद बार एसोसिएशन में चुनाव कराने हेतु औपचारिक इलेक्शन कमिटी की घोषणा करेगी।

# उपायुक्त ने टीकाकरण के सेकंड डोज को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में कोविड टीकाकरण के सेकेंड डोज, नवजात शिशु को ओपीवी व निर्धारित समयानुसार बीसीजी का टीकाकरण, मिजल्स टीकाकरण की समीक्षा की गई और सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जो बच्चे ओपीवी व बीसीजी टीकाकरण में छूट जा रहे हैं उनके लिए अभियान चलाते हुए उनका टीकाकरण किया जाय। इसके लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र या आंगनवाड़ी में टीकाकरणं किया जाय। उनकी रिपोर्टिंग अवश्य की जाय। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव के लिए समुचित व्यवस्था हो। एंटी रेबीज और एंटीस्नैक वेनम उपलब्धता हो। टीबी की समीक्षा करते हुए द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी सहिया टीबी के मरीजों की पहचान के लिए स्पुटम एकत्रित करने के लिए प्रेरित किया जाय। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए स्टैंर्ण्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल फॉलो किया जाय। आज की बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रभारी सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एनएचएम, जिला शिक्षा अधीक्षक, महामारी विज्ञानी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डेटा मैनेजर, अस्पताल प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्कूल संचालन की अवधि में परिवर्तन के लिए विधायक भूषण बाड़ा को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूलों संचालन के समयावधि में परिवर्तन के लिए विधायक भूषण बाड़ा को ज्ञापन सौंपा है। संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा और मुख्य सलाहकार देवेंद्र तिवारी ने सोमवार की सुबह विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विधायक से भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय का समय सारणी सुबह 6:30 से 11:30 बजे तक करने की मांग की गई। अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने विधायक को बताया कि भीषण गर्मी के कारण विद्यालय में विद्यार्थी बेहोश हो रहे हैं, नाक से खून गिर रहा हैं। जो विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। इस पर सरकार को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समय पर परिवर्तन करनी चाहिए। शिक्षक संघ के मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने सीएम के आप्त सचिव एवं शिक्षा सचिव से मोबाईल में बात कर उन्हें छात्रों की परेशानी से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही।

# सड़क दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरु बांध टोली में अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को धक्का मार कर हुआ फरार बाइक चालक हुआ जख्मी स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु बांधटोली गांव के समीप मोड़ में अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने मोड़ में लापरवाही एवं तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। जिसे तोड़ार से अरु जाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक जे एच 08 ई 3585 को धक्का मार फरार हो गया। वहीं सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में निजी वाहन से इलाज के लिये समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। घायल युवक की पहचान तोड़ार पखन टोली निवासी लोथे उराँव का 47 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र उराँव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि राजेन्द्र उराँव बाइक जे एच 08 ई 3585 से अपना घर पखन टोली जा रहा था। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही गस्ती दल के साथ स0आ0नि0 जमशेद खान घटना स्थल पहुंचते ही क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त करते हुए अज्ञात ट्रैक्टर की तलास में जुट गये। चिकित्सको द्वारा घायल युवक को फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने गुमला पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर किया शोक प्रकट



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला जिला कांग्रेस के आधारस्तंभ सरल एवं मृदुभाषी गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चुमनू उरांव का विगत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन पर आज दिनांक 17 अप्रैल 2023 को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई शोक सभा में सर्वप्रथम दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई साथ ही उनके निधन पर कांग्रेसियों ने कहा कि चुमनू उरांव कांग्रेस पार्टी के एक मजबूत आधारस्तंभ थे वे जनता के बीच काफी लोकप्रिय होने के साथ-साथ जुझारू और कर्मठ नेता थे उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं होगी। इस दुख की घड़ी में ईश्वर से कामना है कि शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की अपार शक्ति दे। शोक सभा में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव प्रदेश प्रतिनिधि अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, शाहिद अहमद बेलू, सदरुल अंसारी, कुणाल अभिषेक, मुस्ताक अहमद, यूनुस अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, सुशीला देवी, अमृता उराव, संतोष महतो, जफर इमाम, मुकेश कुमार सिंह, सोहराब अंसारी, हबीब खान, मदन प्रसाद,शेख सादीक, मोहम्मद आजम, उपस्थित थे।

# प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** क्षेत्र शिक्षा सह कुडू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री जयमंगल लोहरा ने आज 17 अप्रैल सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में कुल अध्ययनरत छात्रों की संख्या 520 है। विद्यालय में प्र. प्रधानाध्यापक समेत कुल 8 शिक्षक (हाई स्कूल-2, प्राथमिक-1, सहायक अध्यापक-5) पदस्थापित हैं। सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। पदाधिकारी महोदय ने आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास,लाइब्रेरी,किचेन, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया एवं स्थिति देख कर संतुष्टि जाहिर की। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने पीछे की लगभग 400 फीट चहारदीवारी निर्माण कराने, गैर शैक्षणिक कार्यो के निष्पादन हेतु कलर्क एवं आईसीटी लैब हेतू शिक्षक पदस्थापित करने की मांग की जिसपर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महोदय ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के विषय में उन्होंने कहा कि यह समस्या राज्य के लगभग सभी स्कूलों की है।प्रधानाध्यापक कक्ष में सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर उन्होंने विद्यालय के विकास हेतू मार्गदर्शन दिया। मौके पर प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, सहायक शिक्षक ज्याउल हक अंसारी, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, सहायक अध्यापक चांदो तिर्की, प्रयाग कुमार, समीना खातून, फूलमनी कुमारी, सुचित्रा कुमारी, माता समिति संयोजिका ओलिभा तिर्की एवं सभी रसोइया उपस्थित थीं।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में पीड़ित प्रतिकार कमेटी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में दिनांक 17/04/2023 को पीड़ित प्रतिकार कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के सदस्य के रूप में उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में कुल 5 केसों में पीड़ित को मुआवजा देने संबंधी तथ्यों पर विचार किया गया। इसके साथ ही आगामी 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चर्चा की गई। जिसमें उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त निबंधक श्री राजकल्याण, सीजेएम डॉ चंदन, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, जेल प्रतिनिधि, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन मामलों का निपटारा विभागीय स्तर पर की गई है उसका संपूर्ण लिस्ट डालसा कार्यालय में दिनांक 10/05/2023 तक जमा करना सुनिश्चित करें। साथ ही 13/05/2023 को सभी तैयारियों के साथ संबंधित विभाग के लोग अपने-अपने बेचों में आना सुनिश्चित करेंगे ताकि फरियादियों का मामला आपसी सुलह के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त किया जा सके। साथ ही साथ मई माह में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित करने को लेकर प्राधिकार के अध्यक्ष ने उपायुक्त से विचार विमर्श किया, एवं सभी परिस्थितियों को देखते हुए 27/5/2023 को लोहरदगा सहित सभी प्रखंड कार्यालयों में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजानुल मुबारक के शुभ अवसर पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में आज दिनांक 18 अप्रैल 2023 को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है इफ्तार पार्टी में राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहू, स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सुखदेव भगत समेत जिला के समस्त कांग्रेसी शामिल होंगे। अतः आग्रह है कि आप सभी जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी गण सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण सभी प्रखंड अध्यक्ष,एवं पंचायत अध्यक्षगण जिला परिषद के अध्यक्ष, सदस्य, प्रमुख, पंचायत समिति के सदस्य समेत समाज के सभी प्रबुद्धजनों से आग्रह है कि कल दिनांक 18 अप्रैल समय संध्या 5:30 बजे कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने की कृपा करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखेर भगत ने दी।

# एंटी क्राइम अभियान के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया सघन वाहन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एंटी क्राइम अभियान के तहत सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सोमवार को ए एस आई जमशेद खान के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच चलाया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन की डिक्की,बैग,थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की सम्भवना में जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान गुमला जिला की ओर से आ रही चार पहिया वाहन सहित बाइक पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी। साथ ही वाहन सवार लोगों से पूछताछ भी किया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर बाहर से आने वाली वाहनों को बारीकी से जांच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में क्राइम और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके और वैसे लोगो के विरुद्ध कारवाई किया जा सके जो क्राइम में संलिप्त हो या जिनके द्वारा क्राइम को बढ़ावा देने का कार्य किया जाता है। साथ ही बताते हुए उन्होंने कहा वाहन जांच अभियान अगले आदेश तक लगातार जारी रहेगा।

**समाज ने मिट्टी उद्योग को बढ़ावा देने को लेकर**

# उपायुक्त एवं डीएसपी को किया घड़ा प्रदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के द्वारा मिट्टी के उद्योग को बढ़ावा देने एवं स्वदेशी वस्तु को अपनाने हेतु एक जागरूकता अभियान के तहत आज माननीय उपायुक्त महोदय वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की एवं उन्हें एक मिट्टी का घड़ा प्रदान किया गया। प्रशंसा व्यक्त करते हुए उपायुक्तत ने की कुम्हार समाज को किसी भी प्रकार का दिक्कत आने वाले समय में नहीं होगा जिला प्रशासन आपके साथ है। समाज ने उपायुक्त से आग्रह किया गया है कि लकड़ी और कोयला जो इस काम में लगाए जाते हैं उन्हें उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए। समिति के जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति द्वारा घड़ा की महत्वता को भी उन्हें बताया गया। एवं इससे फायदे भी उपायुक्त महोदय ने बताएं इसके जल पीने से गला में किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता। इसके तहत आज डीएसपी महोदय परमेश्वर प्रसाद को भी घड़ा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, संरक्षक विनोद प्रजापति, अक्षय प्रजापति, अनिल प्रजापति, दिलीप प्रजापति इत्यादि उपस्थित थे।

# विधायक भूषण बाड़ा ने किया ट्रैक्टर शोरुम का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने सोनारटोली स्थित प्रकृति इंटरप्राइजेज नामक ट्रैक्टर शोरुम का फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालक चंदन कुमार सिंह ने बताया कि शोरुम में ट्रैकस्टार कंपनी का ट्रैक्टर उपलब्ध रहेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा कृषि प्रधान जिला है। कई किसान अब ट्रैक्टर के माध्यम से ही खेती कार्य को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर शोरुम के खुलने से किसानों एवं व्यापारियों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर उपस्थित पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी संचालक को बधाई दी। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश सिंह,शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन, लीला नाग, सोनल लकड़ा, मो अरमान आदि उपस्थित थे।

# चरहू उर्दू हाई स्कूल में प्लस टू महाविद्यालय खोले विभाग : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर से मुलाकात कर किस्को प्रखंड के ग्राम चरहू के ग्रामीणों का हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन उन्हें सौपकर चरहू उर्दू हाई स्कूल में प्लस टू महाविद्यालय खोलने की मांग उनसे किया गया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने बताया कि पेशरार, किस्को एवं सेन्हा के पहाड़ी क्षेत्र के छात्र छात्राओं को प्लस टू पढ़ाई करने हेतु 20 से 25 किलोमीटर तय कर लोहरदगा आना पड़ता है जिसके कारण इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा दूरी एवं गरीबी होने के कारण ज्यादातर छात्राएं प्लस टू की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। उर्दू हाई स्कूल चरहू में प्लस टू महाविद्यालय खोला जाता है तो इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा मिलेगा तथा उन्हें पढ़ाई से भी वंचित नहीं होना पड़ेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने साहू को उर्दू हाई स्कूल चरहू में प्लस टू महाविद्यालय खोलने हेतु सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व आलोक कुमार साहू चरहू गांव का दौरा किए थे जहां के ग्रामीणों ने आलोक साहू को उर्दू हाई स्कूल चरहू में प्लस टू महाविद्यालय खुलवाने हेतु सक्रिय प्रयास करने का आग्रह किए थे।

# ईद की नमाज अदा से पूर्व सदका ए फित्र जरूरत मंदो को दें : मौलाना सफी अहमद

**➲इफ्तार के दौरान रोजेदारों ने गांव समाज व देश की सलामती का मंगा दुआ**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** गौसिया मस्जिद सेन्हा कमिटी के तत्वधान में मस्जिद के सामने मैदान में रोजेदारों के लिए आयोजित हुआ इफ्तार पार्टी लोहरदगा जिला अंर्तगत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम स्थित गौसिया मस्जिद के समीप मैदान में आयोजित इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदार के अलावा आम खास हुए शामिल रमजान माह के अंतिम सप्ताह से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है,वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। सोमवार को गौसिया मस्जिद के समीप दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में रोजेदार स्थानीय एवं आसपास के रोजेदार लोग शरीक हुए। रोजा खोलने के पूर्व रोजेदारों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में अमन चैन एवं सौहार्द कायम को लेकर दुआ मांगा। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर सभी ने फल सेवन कर रोजा इफ्तार किया। और खजूर एव पानी शरबत से रोजा खोला। मौके पर गौसिया मस्जिद के इमाम सफी अहमद ने कहा की माह रमजान की आखरी असुरा है इस में अल्लाह से रो रो कर अपना गलती की माफ़ करने की दुआ करें अल्लाह माफ़ अवश्य करेगा। रोजा तभी अल्लाह के यहां कबूल होगा की आप सदका फित्र निकाल कर गरीब यतीम अनाथ जरूरतमंद को दें यह सदका ए फित्र ईद की नमाज से पहले पहल घर के प्रति मेंबर का देना है ।मौके पर मौलाना सफीक अहमद, सदर इम्तियाज अंसारी जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, सदर इम्तियाज अन्सारी,सचिव कसमुल अंसारी, प्रिंस अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, एस आई गणेश यादव, ए एस आई जमशेद खान, मुस्ताक अंसारी, रूस्तम सफीक मोखतार, मुस्तफा अंसारी, बाबर, फैयाज अंसारी, इनामुल अंसारी आलम बसीर आदि उपस्थित थे।

# अजीविका महिला संकुल संगठन क्लस्टर का वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठाईटांगर :** जोराम अजीविका महिला संकुल संगठन क्लस्टर का वार्षिक आमसभा के कार्यक्रम का उद्घाटन स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रखंड अंचल पदाधिकारी ठेठईटांगर समीर कच्छप की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एवं महता पर प्रकाश डालते हुए कलस्टर संगठन की सचिव के द्वारा पूर्व वर्ष के लक्ष्य एवं उपलब्धियों को कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के द्वारा संकुल स्तर की उपलब्धियों में महिलाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया।तदोपरांत मनमोहक नृत्य झूमर आदि समूह की दीदियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावे उत्कृष्ट कार्य किए गए समूह की दीदियों एवं कैडरों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस से संबंधित सभी परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और इसके लक्ष्य की प्रतिपूर्ति निश्चित करने के लिए BPM जेएसएलपीएस के द्वारा अपने अभिभाषण में लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार से खेती करने के तरीकों का demo जैसे छत मचान, खड़ा मचान, पॉली नर्सरी, श्री विधि के साथ-साथ समूह की दीदियों द्वारा स्वयं निर्मित सॉफ्ट टॉयज, खाद्य पदार्थ जैसे तेल, मडुआ का आटा, पत्तल दोना, बढ़नी (झाडू), औषधीय पौधे आदि की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाई गई थी। कार्यक्रम में प्रखंड के प्रमुख , मुखियागण, प्रखंड से विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, JSLPS BMMU के सभी कर्मीगण, सभी ग्राम संगठन के OB मेंबर, कैड्रेस एवम समूह की दीदियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# चिरौंजी तोड़ने के क्रम 11000 बिजली तार के चपेट में आने से हुई वृद्ध की मौत



**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड के आलिंगुड़ पहाड़ टोली में कलेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय बजर सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष का निधन 11,000 बिजली तार के चपेट में आने से हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 7~30 बजे के आसपास चिरौंजी तोड़ने के लिए चिरौंजी के पेड़ पर चढ़ा हुआ था और बिजली का तार पेड़ को छूते हुए गुजर रहा था । इसी क्रम में बिजली के तार के चपेट में आ जाने से उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई।उसका शव पेड़ पर ही लटकता रहा। बाद में घटना की जानकारी बिजली विभाग को दी गई और बिजली विभाग द्वारा बिजली काटा गया तत्पश्चात बोलबा पुलिस के सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार द्वारा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए ग्रामोणों की मदद से शव को पेड़ से उतारा गया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व ही समसेरा रामटोली में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण गिरे हुए बिजली के तार के चपेट में आने से पांच जानवरों की मौत हो गई थी।

### चलते चलते एक नजर

## भारत ने जी-20 प्रेसीडेंसी में वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाया : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जी-20 की सौ बैठकें पूरी होने पर कहा कि भारत ने जी-20 प्रेसीडेंसी में वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए काम किया है। भारत सोमवार को वाराणसी में अपनी 100वीं जी-20 बैठक यानी कृषि मुख्य वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी के साथ अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहा है। वहीं गोवा में हेल्थ वर्किंग ग्रुप, हैदराबाद में डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप और शिलांग में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स प्री-कर्सर मीटिंग भी आज आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के सिद्धांत द्वारा निर्देशित और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के हमारे लोकाचार के अनुरूप, भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए काम किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार अब तक तीन मंत्री स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक (एफएमसीबीजी) 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) 1-2 मार्च 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी, जबकि दूसरी एफएमसीबीजी बैठक 12-13 अप्रैल 2023 को वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई। वहीं दो शेरपा बैठकें उदयपुर (4-7 दिसंबर 2022) और कुमारकोम (30 मार्च - 2 अप्रैल 2023) में आयोजित की गई हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता में, इस समूह के नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले की तैयारियों के सिलसिले में भारत द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के दौरान समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्य-उन्मुख और निर्णायक एजेंडे के लिए जी-20 सदस्य राष्ट्रों तथा अतिथि देशों से इसे अपार समर्थन प्राप्त हुआ है।

## पिछले एक साल में 14 लाख से अधिक चिकित्सा पर्यटकों ने भारत की यात्रा की: श्रीपद नाइक

**नई दिल्ली :** जी20 स्वास्थ्य कार्य समूह की दूसरी बैठक सोमवार को गोवा में आयोजित की गई। इस मौके पर अपने संबोधन में केंद्रीय पर्यटन, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने कहा कि पिछले एक साल में भारत में 14 लाख से अधिक पर्यटकों ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारत की यात्रा की। इससे देश चिकित्सा पर्यटन का एक शीर्ष स्थल बन गया है। उन्होंने प्रतिनिधियों से यह अनुरोध किया कि वे सामूहिक रूप से अधिक समग्र और स्थायी दृष्टिकोण स्थापित करने में योगदान दें। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि वे वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श में शामिल हों। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि भारत की जी20 प्राथमिकताएं संशोधित बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जो 21वीं सदी की कई चुनौतियों से निपटने के लिए जवाबदेह, समावेशी, न्यायसंगत और प्रतिनिधि मंच का सृजन करती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संदेश को दोहराया कि भारत की जी20 अध्यक्षता का विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य उद्देश्य की एकता और कार्य की जरूरत को दर्शाता है ।

# पनशाला खोलना पुनीत कार्य : सुप्रियो भट्टाचार्य

### अविनाश देव ने कार्यक्रम को बनाया सफल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जैसा शहर में एक ओर जहां पानी के लिए हाहाकार मची हुई है। जहां पानी के एक एक बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं, लोग मकान खाली करके पलायन हो रहे हैं, जहां पानी मिलना मुश्किल हो रहा है।

वहीं ऐसी स्थिति में पानाशाला खुलना सबसे पुनीत कार्य हो रहा है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रीमो भट्टाचार्य झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय परिसर के एक पंशाला उद्घाटन कर कही। वहीं झारखंड माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव जी ने कहा की गर्मी की तपिश में आम जनों के लिए उसे सुंदर सेवा नही हो सकती। जो संगठन सेवा के लिए पंशला खोलना चाहते हैं उन्हें माटी कला बोर्ड की तरफ से मिट्टी का घड़ा दिया जाएगा। इस मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह, मनोज पांडेय,पलामू जिला सचिव सानू सिद्दीकी,गढ़वा जिलाअध्यक्ष तनवीर आलम,राकेश सिन्हा, जटाधारी गुरुजी,सनी शुक्ला, सुनील तिवारी,असफर रब्बानी,कार्यालय प्रभारी,शोभा प्रजापत्ति,विनोद प्रजापत्ति, संतोष प्रजापत्ति,अनूप प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आग लगने से सत्यम फैक्ट्री के चार मजदूर झुलसे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना इलाके के अजीडीह-उदनाबाद में स्थित शिवम स्टील कंपनी के सत्यम फैक्ट्री में सोमवार सुबह लेडल गाड़ी में आग लग जाने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। बताया जाता है कि सत्यम फैक्ट्री में एक दर्जन से अधिक की संख्या में मजदूर लेडड गाड़ी से लोहा लेकर जा रहे थे, इसी दौरान तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हुआ और लेडल गाड़ी में आग लग गयी। आग लगने से उदनाबाद निवासी उमेश भारती, श्रीरामपुर निवासी छोटू यादव, अनिल गुप्ता और बिहार के बबलू यादव गंभीर रूप से झुलस गए। आनन - फानन में सभी घायलों को गिरिडीह शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इमसें मजदूर बबलू कुमार गंभीर रुप से झुलस गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया है।

## ममता ने अमित शाह से मांगा इस्तीफा



**एजेंसी**

**कोलकाता।** हाल ही में पश्चिम बंगाल दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पश्चिम बंगाल की सरकार गिराने के दावे किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनका इस्तीफा मांगा है। सोमवार को राज्य सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब ममता ने कहा कि किस कानून के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्री ने हमारी सरकार को गिराने की बात कही है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।गत शुक्रवार को अमित शाह बंगाल आए थे और बीरभूम में जनसभा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि 2025 से पहले पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार गिर जाएगी। ममता दीदी जितनी भी कोशिश कर लें, उनके भतीजे मुख्यमंत्री नहीं होंगे। अमित शाह ने यह भी कहा था कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का ही कोई होगा।इसी को लेकर ममता ने कहा कि अमित शाह का यह बयान संविधान की मूल धारणा के विपरीत है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने बंगाल में लोकसभा की 35 सीटें जीतने का दावा किया और उसके बाद ही सरकार गिराने की बात की। यह संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन है। गृह मंत्री के तौर पर देश की रक्षा भूल कर वह षड्यंत्र रच रहे हैं। किस कानून के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री ने सरकार गिराने की बाद कही है? क्या संविधान में किसी तरह का बदलाव कर रहे हैं?

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा अतीक और अशरफ की हत्या का मामला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में हत्या का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका में शीर्ष कोर्ट के पूर्व जज की निगरानी में जांच की मांग की गई है। याचिका में उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद हुए सभी 183 एनकाउंटरों की जांच की मांग की गई है। वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर की गई इस याचिका में कहा गया है कि अतीक व उसके भाई की हत्या की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति का गठन किया जाए। याचिका में कहा गया है कि ये पुलिस मुठभेड़ लोकतंत्र के लिए खतरा बनने के साथ ही कानून के राज के लिए भी खतरनाक हैं।



**अतीक अहमद की शनिवार को प्रयागराज में गोली मारकर हत्या**

माफिया अतीक अहमद की शनिवार को प्रयागराज में गोली मारकर हत्या के करीब दो हफ्ते पहले सुप्रीम कोर्ट ने उमेश पाल हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस की हिरासत के दौरान उसकी सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। याचिका में अतीक ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी। याचिका में कहा गया था कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में झूठे आरोप में फंसाया गया है।

मालूम हो कि कोर्ट ने 28 मार्च को अतीक की सुरक्षा की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि जब उसे गुजरात से उत्तर प्रदेश लाया जा चुका है तो अब शीर्ष कोर्ट में इस याचिका की सुनवाई का कोई मामला नहीं बचता। अदालत ने कहा था कि चूंकि वह न्यायिक हिरासत में है तो ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार उसकी सुरक्षा का ध्यान रखेगी।जस्टिस अजय रस्तोगी और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा था कि सुरक्षा या किसी और बात के लिए उसे उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करनी चाहिए।

# राजा मेदिनीराय कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गर्व की बात : अविनाश देव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डाल्टेनगंज.** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय,नगरनिगम मेदिनीनगर से सटे व डाल्टेनगंज भंडरिया विधान के ग्राम सुआ विन्धुआ टोला (अखाड़ा भवन)में राजा मेदिनीराय कोस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। अविनाश देव ने रेड रिबन काटकर बला उछाल कर खेल का उद्घाटन किये। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद खेल का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष फूल माला देकर स्वागत किये।

अविनाश देव को इस गांव, गांव के टोला और गांव के खेल मैदान यहाँ के भू-आकृति यहाँ की संस्कृति देखकर इकीसवीं सदी नहीं सत्रहवीं सदी दिखा।

एक जमाने में सिंचाई का साधन आहर हुआ करता था वर्षा नहीं होने से अब वह खेल का मैदान बन गया। आज भी सुआ ग्राम का आहर पथरीला ऊबड़खाबड़ अरहर के खूंटी टांड़ टिकर टिलहा और ठूंठ दर्‍त के पेड़ डिजिटल इंडिया का मुंह चिड़ा रहा है।

वाह रे यहां के नौजवान खिलाड़ी हर विषम को सम करते प्रतिकूल परिस्थिति को अनुकूल बनाते अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया राजा मेदिनी के धरती को धन्य किया। नीलाम्बर पीताम्बर के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ना सीखा। मैं अपने संबोधन में कहा सुआ भूषही लहसुनिया गांव के यह अहरा का ठूंठ दरड़ूत जो है एक दिन बसंत ऋतु में कली निकलेगा और उस कली से खिलाड़ी खिलेगा जो भारत का परचम दुनिया में दमकायेगा। मैं भरोसा दिलाता हूं यहाँ के युवाओं खिलाड़ियों को हर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार तक बात पहुँचाऊँगा।

हम अपने स्तर से हर संभव व्यवस्ता की आपूर्ति करेंगे। आप सभी से गुजारिश होगी हम एक दूसरे से रिश्ता बनाये रखेंगें। सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं है इसी तरह निरन्तरता बनाये रखेंगे तो एक दिन सफलता निश्चित ही कदम चूमेगी।

इस मौके पर जिलापरिषद अर्जुन सिंह,उपाध्याय सिंह,शीतल सिंह,ललन चौधरी,विश्वास सिंह, अध्यक्ष देव सिंह,संयोजक रंजीत सिंह उर्फ गुड्डु सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और हौसला अफजाई करते रहे। शुक्रिया।

## कर्नाटक विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 10 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। सोमवार को जारी सूची में 10 उम्मीदवार शामिल हैं। इससे पहले भाजपा ने पहली लिस्ट में 189 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसके बाद दूसरी लिस्ट में 23 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इसी के साथ कर्नाटक की कुल 224 सीटों में से भाजपा ने 222 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अभी दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान होना बाकी है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधान सभा चुनाव के लिए नामांकन के लिए अंतिम तारीख 20 अप्रैल है। कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीट के लिए 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को की जाएगी।

# ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण मे अब एक साथ सुनवाई होगी



**एजेंसी**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण से जुड़े सात मामलों (प्रार्थना पत्रों) की सुनवाई एक साथ ही होगी। सोमवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने यह आदेश दिया। इस मामले में अदालत ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित रख ली थी।मां श्रृंगार गौरी प्रकरण की चार वादिनी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने कोर्ट में आवेदन दिया था। आवेदन में कहा गया था कि किरन सिंह विसेन व अन्य की ओर से ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी के संबंध में दाखिल मुकदमों को जिला जज की कोर्ट में स्थानांतरित कर एक साथ सुना जाए। चारों वादिनी महिलाओं के अधिवक्ताओं ने मामलों की सुनवाई एक साथ किए जाने के पक्ष में अपनी बात रखी थी। अधिवक्ताओं की दलील थी कि ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के सभी मामले एक जैसे हैं। इनकी अलग-अलग सुनवाई नहीं होनी चाहिए।वादिनी पक्ष के एक अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जनपद न्यायाधीश, वाराणसी ने ज्ञानवापी प्रकरण से सम्बंधित एक ही प्रकृति के सात मुकदमों को समेकित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने हमारे प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है। एक अन्य अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने सात मामले तो क्लब कर लिए हैं। बाकी के मामलों में कोर्ट को लगेगा कि फाइलों को मेरिट के आधार पर अलग सुनवाई करनी है तो फिर उस केस को बाहर कर दिया जाएगा और उनकी कार्यवाही अलग से होगी।

# थोक महंगाई दर 1.34 फीसदी पर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोंचे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में बड़ी गिरावट आई है। मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 29 महीनों के निचले स्तर 1.34 फीसदी पर आ गई है। फरवरी में यह 3.85 फीसदी और जनवरी में 4.73 फीसदी पर रही थी। हालांकि मार्च, 2022 में थोक महंगाई दर 14.62 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 1.34 फीसदी रही है। डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर में ये गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में कमी की वजह से आई है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की महंगाई मार्च महीने में बढ़कर 5.48 फीसदी पर पहुंच गई है, जो फरवरी में 3.81 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक गेहूं और दालों की थोक महंगाई मार्च महीने में क्रमशः 9.16 फीसदी और 3.03 फीसदी रही है। सब्जियों की महंगाई दर 2.22 फीसदी रही है, जबकि तिलहन की थोक महंगाई मार्च में 15.05 फीसदी रही है। हालांकि, ईंधन और पावर की थोक महंगाई दर मार्च में घटकर 8.96 फीसदी पर आ गई है, जबकि फरवरी महीने में यह 14.82 फीसदी रही थी। मार्च महीने में खाद्य महंगाई 2.32 फीसदी रही है। इसके पिछले महीने फरवरी में खाद्य महंगाई 2.76 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक विनिर्माण उत्पादों की थोक महंगाई मार्च में घटकर 0.77 फीसदी पर आ गई है, जबकि फरवरी महीने में यह 1.94 फीसदी पर रही थी। आलू की थोक महंगाई दर मार्च में घटकर -23.67 फीसदी पर आ गई है, जबकि फरवरी में यह -14.30 फीसदी पर रही थी। हालांकि, प्याज की थोक महंगाई दर मार्च में थोड़ी बढ़कर -36.83 फीसदी रही है, जबकि फरवरी में यह -40.14 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर मार्च में घटाकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 फीसदी पर आ गई थी, जो फरवरी महीने में 6.44 फीसदी रही थी।

## रेलवे ने एक साल में यात्री और माल ढुलाई से कमाए 2.40 लाख करोड़

**नई दिल्ली :** रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 में यात्री और माल ढुलाई से रिकॉर्ड 2.40 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही तीन साल बाद भारतीय रेलवे पेंशन के खर्च को पूरी तरह से वहन करने में सक्षम बन गया है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड राजस्व आंकड़े दर्ज किए हैं। यह 25 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 49,000 करोड़ रुपये अधिक है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, माल ढुलाई राजस्व भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.62 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। भारतीय रेलवे के यात्री राजस्व ने 63,300 करोड़ रुपये तक पहुंचने के लिए 61 प्रतिशत की सर्वकालिक उच्च वृद्धि दर्ज की है।

# मेदिनीनगर के सत्तार सेठ चौक पर श्री लेडर्स शोरुम का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**मेदिनीनगर :** पिछले 70 वर्षों से भारतीय फुटवियर उद्योग में विश्वसनीय कंपनियों में गिने जाने वाले श्री लेदर ने 18 अप्रैल को झारखंड के मेदिनीनगर के पलामू जिले में शोरूम का उद्घाटन किया। इस शोरूम में विश्वस्तरीय फुटवियर लेदार एक्सेसरीज बैग ट्रेवल बैग का एक नया बोर स्टाइलिश कलेक्शन वाजिब कीमतों पर उपलब्ध होगा। यह नया शोरूम सतार सेट चौक मेदिनीनगर मुख्य बाजार के निकट में स्थित है।

वाजिब दाम में विश्वस्तरीय फुटवियर उत्पादन के लिए मशहूर इस कंपनी की स्थापना स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे ने अपने देशवासियों को वाजिब दाम में आरामदायक जूते मुहैया करवाने के ढेर से सन 1952 में तत्कालीन बिहार के जमशेदपुर शहर में की थी। इस उत्पाद और ग्राहक संतुष्टि को मूल




मंत्र मानते हुए इस ब्रांड ने विभिन्न चिकित्सीय और आर्थोपेडिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशेष जूते भी बनाए हैं। आगे चलकर श्रीलेदर्स ने पारिवारिक व्यवसाय के दायरे से बाहर निकलकर देश के विभिन्न हिस्सों में तेज जाएंगी का रास्ता अपनाया। जिससे कंपनी को अपार सफलता मिली।

श्रीलेदर्स के वरिष्ठ पार्टनर श्री शेखर दे मानते हैं कि किसी भी प्रोडक्ट को भलीभांति रखने के बाद ही उसे ग्राहकों तक पहुंचाना चाहिए। इसलिए किसी भी नए प्रोडक्ट की गुणवत्ता एवं सभी कार्य को सत्यापित करने के लिए उन्हें पहले श्रीलेदर्स के अपने शोरूम में रखा जाता है। इस स्तर पर सफल होने पर ही उन्हें अलग अलग पहचान जी तक पहुंचाया जाता है अपने ग्राहकों से सुधीर बंधन में बंधे इस प्राण का सबसे पुराना स्टोर इस्पात नगरी जमशेदपुर में स्थित है जहां पीढ़ियों से ग्राहकों का श्री लेदर के साथ एक मजबूत नाता बना हुआ है। आने वाले दिनों में श्रीलेदर्स के पार्टनर तथा परिवार की तीसरी पीढ़ी के सदस्य सुशांत डे के योग्य नेतृत्व में यह ब्रांड परफॉर्मेंस बेस्ट स्पोर्ट्स शूज पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश में है। अलग से स्पोर्टस्लाइन बनाने की योजना बनाई जा रही है। ताकि श्रीलेदर्स बैडमिंटन वॉलीबॉल और फुटबॉल स्पोर्ट्स शूज बना सके जिसकी गुणवत्ता विश्वस्तरीय होगी। प्रोडक्ट के बारे में को बढ़ाते हुए सिर दर्द अपने नए शोरूम में पेश कर रहा है। ब्रांड का एक्टिव वेयर कलेक्शन फिलहाल इस कलेक्शन में स्पोर्ट टी शर्ट कॉटन शर्ट कलेक्शन लॉन्च कर चुकी है जो हमारे शोरूम में उपलब्ध रहेगा। श्री लेदर प्रोडक्ट उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के साथ बनाए जाते हैं। उम्मीद की जाती है कि फैशन प्रेमियों के बीच इसकी अच्छी मांग होगी तथा के मौसम के दौरान झारखंड के मिलेगी।